आपकी बात, निर्भीकता के साथ

प्रातःनागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 01 अंक : 129 रांची, सोमवार, 22 अप्रैल, 2024 (चैत्र शुक्ल 14, संवत 2081), पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com

रांची में विपक्ष का उलगुलान, निशाने पर मोदी

प्रभात तारा मैदान में इंडी गठबंधन के नेताओं का जमावड़ा, भाजपा पर चुन-चुनकर हमला, राहुल बीमार, पहुंचे नहीं

शिव कुमार सिंह, रांची

झारखंड की राजधानी रांची के प्रभात तारा मैदान में रविवार को दिल्ली के बाद इंडी गठबंधन के नेताओं का जमावड़ा लगा। दरअसल, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के तत्वावधान में उलगुलान न्याय महारैली का आयोजन किया गया। इसमें इंडिया गठबंधन के कई बड़े नेता शामिल हुए। सभी ने जमकर केन्द्र सरकार को निशाने पर लिया। साथ ही, दावा किया कि अबकी बार जनता उन्हें दिल्ली की गद्दी से बाहर कर देगी। जुमलेबाजी, बढ़ती महंगाई से जनता ऊब चुकी है। मोदी सरकार की विदाई तय है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी बीमार, रांची की रैली में नहीं हुए शामिलः कांग्रेस नेता राहुल गांधी फिलहाल बीमार हैं और वे झारखंड की राजधानी रांची में रविवार को आयोजित आईएनडीआईए की 'उलगुलान न्याय रैली' में शामिल नहीं हुए। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पोस्ट में कहा कि राहुल गांधी आज सतना और रांची में चुनाव प्रचार के लिए पूरी तरह से तैयार थे, लेकिन वह अचानक बीमार हो गए हैं और फिलहाल नई दिल्ली से बाहर नहीं जा सकते हैं।

'जेल का ताला टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा के लगे नारे' : रैली में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने जेल का ताला टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा के नारे लगाए। इधर, विपक्ष की रैली को लेकर बीजेपी ने निशाना साधा।

शेष पेज 08 पर

फोटो। शीतल कुमारी

किसने क्या कहा

- शक्ति प्रदर्शन नहीं, संविधान को बचाने का संकल्पः मान
- भाजपा को भगाना है, देश को बचाना हैः तेजस्वी यादव
- पूरा देश झारखंड के साथ लड़ाई में खड़ा : संजय सिंह
- मैं चीनी या पाकिस्तानी नहीं, भारतीय मुसलमान हूं : फारूक
- भाजपा ने शेर को गिरफ्तार किया है, दहाड़ को नहीं: अखिलेश
- ईडी-सीबीआई विपक्ष का गला घोंटने में लगी : प्रियंका

पढ़ें पेज 08 पर

वोट के लिए आदिवासी को देश का राष्ट्रपति बनायाः खड़गे

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सालाना दो करोड़ लोगों को नौकरी देने, किसानों की आय दोगुनी करने, हर किसी के खाते में 15 लाख रुपये डालने का मुद्दा उठाया। उन्होंने मोदी को झूठों का सरदार कहा। साथ ही, कहा कि ये लोग झूठ बोल कर वोट लेते हैं और बाद में जनता को तबाह कर देते हैं। खड़गे ने कहा कि हमेशा मोदी कहते हैं कि मैंने आदिवासी को इस देश का राष्ट्रपति बनाया, मैंने शेड्यूल कास्ट की महिला को राष्ट्रपति बनाया। उन्होंने कहा कि तुमने वोट के लिए उन्हें राष्ट्रपति बनाया। उनके कल्याण या स्वाभिमान के लिए नहीं। उनके स्वाभिमान को आपने ठेस पहुंचायी है। खड़गे ने कहा कि मोदी गरीबों का वोट छीन लेना चाहते हैं। वह बार-बार कहते हैं कि अबकी बार 400 पार। उन्होंने कहा कि हमारी संसद में 543 सीटें हैं। मोदी कहते हैं 400 पार। गनीमत है कि उन्होंने अब तक नहीं कहा 600 पार। साथ ही, कहा कि गठबंधन की शक्ति इस बार इतनी है कि मोदी हो या कोई और, हमारी मजबूती को तोड़ नहीं सकते। हेमंत सोरेन को जेल में डालने से हम डरनेवाले नहीं हैं। केजरीवाल को जेल में डालने से हम डरनेवाले नहीं हैं। हम जनता से डरते हैं। तुम्हारे जैसे लीडरों से नहीं डरते।

हेमंत सोरेन ने जेल से भेजी चिट्ठी, कल्पना सोरेन ने पढ़ी

कल्पना सोरेन ने हेमंत सोरेन का संदेश पढ़ा। उन्होंने कहा कि देश एक विषम परिस्थिति से गुजर रहा है। वर्ष 2014 से देश में एनडीए की सरकार चल रही है। हालांकि, पूरे देश के राज्यों का जनाधार एनडीए को अबतक नहीं मिला है। ऐसे में भाजपा-एनडीए गैर भाजपाई राज्यों के साथ सौतेलापन दिखा रही है। उनके साथ नहीं आनेवाले को जेल भेजा जा रहा है। हर वर्ग को ठगा गया है। अलग-अलग सूचना तंत्रों के माध्यम से जनता को भ्रमित किया जा रहा। पत्र में कहा है कि झारखंड के लोग गरीब हैं। यहां के संसाधनों से देश चलता है, लेकिन यहां के लोगों को हक-अधिकार नहीं मिल रहे। पूरे देश को किस तरह से केन्द्र सरकार ने ठगा और लूटा है, इसे रैली में नेता बतायेंगे। राज्य अलग होने के बाद परिसीमन की बात थी, जिससे आदिवासियों की सीट और घट जाती, लेकिन शिबू सोरेन के विरोध के कारण परिसीमन लागू नहीं हो सका। वर्तमान लोकसभा चुनाव के बाद केन्द्र सरकार फिर से इस विषय को लानेवाली है और जिस तरह से वह कानून बना रही है, उससे आदिवासियों-दलितों को नुकसान होनेवाला है। आज के परिप्रेक्ष्य में आदिवासी, दलितों के खिलाफ केन्द्र सरकार का रवैया खराब है। अबकी लोकसभा चुनाव मजबूती से लड़ेंगे और जीतेंगे भी। देश की अखंडता को तोड़नेवालों को खदेड़ा जायेगा।

आदिवासियों को अशिक्षित रखना चाहती है भाजपाः चंपाई सोरेन

झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि भाजपा की सरकार ने 5000 स्कूल बंद किये, लेकिन हमारी सरकार ने स्मार्ट स्कूल खोलने शुरू कर दिये। भाजपा झारखंड के आदिवासियों, दलितों, मूलवासियों और पिछड़ा वर्ग के बच्चों को अशिक्षित रखना चाहती थी, लेकिन हेमंत सोरेन ने मॉडल स्कूल खोलना शुरू किया, तो भाजपा परेशान हो उठी। भाजपा ने लम्बे समय तक झारखंड पर शासन किया। कभी उसने आदिवासी, दलित, गरीब, पिछड़ा, मूलवासी की बात नहीं की। वर्ष 2022 तक सभी लोगों को पक्का आवास देने की बात भाजपा ने कही थी। झारखंड को पीएम आवास नहीं मिला, तो हेमंत सोरेन ने अबुआ आवास योजना की शुरुआत कर दी। हम 30 लाख परिवारों को अबुआ आवास देने जा रहे हैं।

बगैर आरोप साबित हुए केजरीवाल को जेल भेजा : सुनीता केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा कि उनके पति को मोदी ने जेल में डाल दिया। यहां के सीएम हेमंत को भी जेल में डाल दिया। आखिर क्या कसूर है उनका। अदालत ने उन्हें दोषी नहीं ठहराया। कहते हैं कि जांच चल रही है। बिना कोई दोष साबित हुए जेल में डाल दिया जा रहा है। ऐसी तानाशाही कोई बर्दाश्त करेगा क्या। उनके पति का क्या कसूर है। सुनीता ने कहा कि केजरीवाल ने दिल्ली में अच्छी शिक्षा दिलवायीअस्पताल बनवायेमोहल्ला क्लिनिक बनवाये, जिसकी चर्चा देशभर में है। देशभक्ति केजरीवाल में कूट-कूट कर भरी है। इनके सहपाठी बाहर गये, लेकिन ये इस देश और यहां की जनसेवा के लिए कहीं नहीं गये। उन्होंने मुझसे पूछा भी था कि समाज सेवा करनी है, तुम्हें कोई प्रॉब्लम तो नहीं होगी। ऐसे शख्स को जेल में डाल दिया।

संक्षिप्त

भाजपा उम्मीदवार वाडियार और थरूर के खिलाफ आयोग से शिकायत

बेंगलुरु/तिरुवनंतपुरम। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मैसुरु-कोडागु से भाजपा उम्मीदवार यदुवीर कृष्णदत्त चामराजा वाडियार के खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज करायी है। कांग्रेस ने उन पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन और रिश्वतखोरी में कथित संलिप्तता का आरोप लगाया है। वहीं, केरल के तिरुवनंतपुरम लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार शशि थरूर पर केंद्रीय मंत्री एवं प्रतिद्वंद्वी भाजपा उम्मीदवार राजीव चंद्रशेखर के खिलाफ दुष्प्रचार के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई आज

नयी दिल्ली। दिल्ली हाइकोर्ट सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के संबंध में इडी द्वारा उन्हें जारी समन को चुनौती दी गयी है। हाइकोर्ट द्वारा दंडात्मक कार्रवाई से अंतरिम राहत देने से इनकार करने के बाद केजरीवाल को 21 मार्च को इडी ने गिरफ्तार किया था। केजरीवाल ने गिरफ्तारी, पूछताछ और जमानत के संबंध में पीएमएलए के कुछ प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी है।

भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान प्रबोध तिर्की ने छोड़ी कांग्रेस

भुवनेश्वर। भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान प्रबोध तिर्की ने ओडिशा विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार नहीं बनाये जाने पर कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने रविवार को कहा कि कांग्रेस ने उनके साथ विश्वासघात किया है। कहा कि कांग्रेस ने वजह बताये बिना उनकी उम्मीदवारी वापस लेकर उनका अपमान किया है। पार्टी ने सुंदरगढ़ जिले में तलसारा विधानसभा सीट पर तिर्की के स्थान पर देबेंद्र भितरिया को प्रत्याशी बनाया है।

कांग्रेस ने रांची से यशस्विनी सहाय व गोड्डा से प्रदीप यादव को दिया टिकट

- गोड्डा से दीपिका पांडेय सिंह का कटा टिकट

रांची। रविवार (21 अप्रैल 2024) को कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव से ऐन पहले झारखंड की गोड्डा सीट से अपना प्रत्याशी बदल दिया है। अब पार्टी ने दीपिका पांडेय सिंह को हटाकर प्रदीप यादव को अपना प्रत्याशी बनाया है। वहीं रांची से यशस्विनी सहाय को अपना प्रत्याशी बनाया है। रविवार को कांग्रेस ने ये अधिसूचना जारी की।

बताते चलें कि, कांग्रेस ने पिछले दिनों 3 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी की थी। जिसमें धनबाद से अनुपमा सिंह, गोड्डा से दीपिका पांडेय सिंह व चतरा से पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी को अपना प्रत्याशी बनाया था।

रविवार को पार्टी ने गोड्डा सीट से अपना प्रत्याशी बदल दिया और प्रदीप यादव को मौका दिया। वहीं लंबे इंतजार के बाद कांग्रेस पार्टी ने रांची से भी अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया।

शेष पेज 08 पर

उलगुलान रैली में राजद-कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़प

- जमकर हुई मारपीट, फेंकी गईं कुर्सियां, एक का फटा सिर, केस दर्ज

प्रातः नागपुरी संवाददाता, रांची

एक ओर जहां पूरे राज्य में राजनीतिक तापमान लगातार बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर उलगुलान रैली ने चुनावी तपिश को और बढ़ा दिया है। राजधानी रांची के प्रभात तारा मैदान में आयोजित उलगुलान महारैली में उस वक्त अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया, जब झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम समर्थकों को संबोधित कर रहे थे और इसी बीच राजद और कांग्रेस कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए।

दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता हुए घायल : दरअसल, चतरा लोकसभा के प्रत्याशी मुद्दे को लेकर दोनों पार्टी के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए और आपस में ही मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान दोनों खेमे के कार्यकर्ता घायल हो गए। मारपीट में एक कार्यकर्ता का सिर फट गया और खून बहने लगा।

दोनों तरफ से फेंकी गईं कुर्सियां : इसके बाद सभा स्थल पर अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। लोग इधर उधर भागने लगे। दोनों खेमे के कार्यकर्ता एक दूसरे के विरोध में ही नारे लगाने लगे। दोनों ओर से कुर्सियां उठाकर फेंकने लगे। जिसको जो मिला उसी से प्रहार करने लगे। जिससे वहां उपस्थित कुछ कार्यकर्ताओं को गंभीर चोटें भी लगीं, जिससे वहां उपस्थित अन्य लोग भी इसकी चपेट में आ गए।

शेष पेज 08 पर

गुलाम जम्मू कश्मीर हमारा है और हमारा ही रहेगाः राजनाथ

- भारत को नहीं दिखा सकता कोई आंख

एजेंसियां, सिलीगुड़ी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने फिर कहा है कि गुलाम जम्मू कश्मीर हमारा है और हमारा ही रहेगा। वहां के लोग भारत के साथ ही रहना चाहते हैं। विकसित भारत में रहना ही उनका सपना है। रविवार को सिलीगुड़ी में दार्जिलिंग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी राजू बिष्ट के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए रक्षामंत्री ने साफ कहा कि अब भारत को कोई आंख नहीं दिखा सकता। हम मुंहतोड़ जवाब देते हैं।

कांग्रेस पर बोला हमला : राजनाथ के इस भाषण के दौरान भीड़ से भी नारे लगे कि पीओके चाहिए, इस पर राजनाथ सिंह ने कहा कि धैर्य रखिए, गुलाम जम्मू कश्मीर हमारा था, है और रहेगा। शेष पेज 08 पर

कांग्रेस का घोषणा पत्र माओवाद सोच को धरती पर उतारने की कोशिश : पीएम मोदी

बांसवाड़ा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा कभी दलितों को, कभी आदिवासियों को और कभी अल्पसंख्यकों को डराया। आज भी ये कभी लोकतंत्र को लेकर, संविधान को लेकर, आरक्षण को लेकर भांति-भांति के झूठ फैला रहे हैं। भारत डर से आगे निकल चुका है, इसलिए इनके डर का झूठ नहीं चल पा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी रविवार शाम को राजस्थान के बांसवाड़ा में भाजपा लोकसभा उम्मीदवार महेन्द्रजीत मालवीया के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मोदी ने जालोर के भीनमाल में जनसभा को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि इन दिनों कांग्रेस छोड़कर बाहर निकलने वाले गंभीरता से बताते हैं कि कांग्रेस अब कांग्रेस नहीं रही है। अब कांग्रेस अर्बन नक्सलों के कब्जे में चली गई है। कांग्रेस अब वामपंथियों के चंगुल में फंसी हुई है। कांग्रेस का घोषणा पत्र माओवाद की सोच को धरती पर उतारने की उनकी कोशिश है।

उन्होंने कहा कि आज देश की सेनाओं की सुप्रीम कमांडर देश की राष्ट्रपति आदिवासी समाज की एक बेटी हैं। भाजपा गरीब कल्याण के लिए समर्पित है, पूरी ईमानदारी से काम करती है। शेष पेज 08 पर

संविधान बदलना चाहती है भारतीय जनता पार्टीः प्रियंका

- कांग्रेस की राष्ट्रीय नेत्री प्रियंका गांधी ने बालोद, डोंगरगांव में सभाओं को किया संबोधित
- भाजपा लोगों के अधिकारों को कमजोर करना चाहती है

रायपुर। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि यह इलाका प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर है आप सब मेहनती लोग हैं। आप लोगों की मेहनत के कारण यह प्रदेश मजबूत बना है। हमारा जो स्वतंत्रता संग्राम था गांधी जी ने उसका नेतृत्व किया और उनके साथ बड़े-बड़े नेता एकजुट होकर हमें आजादी दिलाई। संविधान में सबको अधिकार मिलता है। उनमें एक अधिकार यह है कि आप वोट डाल सकते हैं। उसी अधिकार का प्रयोग कर आप कांग्रेस को मजबूत बनाइए। प्रियंका ने कहा कि अभी चुनाव का समय है। वोट डालने का समय है। शेष पेज 08 पर

आज से होगी बारिश, वज्रपात से रहें सावधान

प्रातः नागपुरी संवाददाता, रांची

झारखंड में कल यानी 22 अप्रैल से दो दिन बारिश होगी। इस दौरान गर्जन के साथ वज्रपात होने की भी आशंका का है। इसका असर राज्य के कई जिलों में पड़ेगा। यह जानकारी रांची एयरपोर्ट स्थित मौसम केंद्र में 21 अप्रैल को दी।

तापमान में गिरावट : मौसम केंद्र के मुताबिक राज्य में अगले 24 घंटें के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद अगले 2 दिन इसमें 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। फिर अगले 2 दिन इसमें 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है।

यहां होगी बारिश : मौसम केंद्र का मुताबिक 22 अप्रैल को राज्य के दक्षिणी भागों में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। इसका असर पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां जिले में पड़ने की संभावना है। राज्य के दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य भाग में 23 अप्रैल को कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। इसका असर पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरयकेला खरसावां, रांची, बोकारो, गुमला जिलों में देखने को मिलेगा।

यहां वज्रपात संभव : राज्य के दक्षिणी भागों में 23 अप्रैल को कहीं-कहीं गर्जन और वज्रपात होने की आशंका है। इसका असर पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां जिले में देखने को मिलेगा।

25 अप्रैल को लू चलेगी : मौसम केंद्र के मुताबिक 25 अप्रैल को पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज जिला में कहीं-कहीं लू की स्थिति देखी जा सकती है।

छत्तीसगढ़ : पूर्व आइएएस अनिल टुटेजा व उनका बेटा यश गिरफ्तार

- छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में इडी का बड़ा एक्शन

एजेंसियां, रायपुर

छत्तीसगढ़ के दो हजार करोड़ रुपये के कथित शराब घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में इडी ने राज्य के सेवानिवृत्त आइएएस पूर्व आइएएस अनिज टुटेजा और उनके बेटे यश टुटेजा को गिरफ्तार कर लिया है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। 2003 बैच के इस अधिकारी को शनिवार को रायपुर स्थित आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (इओडब्ल्यू) के कार्यालय से हिरासत में लिया। दोनों यहां इसी मामले में अपना बयान दर्ज कराने पहुंचे थे।

टुटेजा और उनके बेटे जब इओडब्ल्यू के कार्यालय में थे, तब इडी की छह सदस्यीय टीम बाहर दोनों का इंतजार कर रही थी। दोनों जैसे ही बाहर निकले, इडी के अफसरों को देख कर भागने की कोशिश की। कुछ समझ में नहीं आया, तो वे फिर इओडब्ल्यू के कार्यालय में चले गए। 20 मिनट तक चले ड्रामें के बाद टीम उन्हें अपने साथ लेकर चली गयी। दोनों को इडी कार्यालय ले जाया गया। वहां पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। टुटेजा पिछले ही साल सेवानिवृत्त हुए थे। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने आयकर विभाग की शिकायत पर आधारित इडी की प्राथमिकी को हाल में रद्द कर दिया था। इसके बाद इडी ने कथित शराब घोटाला मामले में धनशोधन का एक नया मामला दर्ज किया।

संक्षिप्त

शहीद हवलदार एएम भेंगरा को दी गई श्रद्धांजलि

खूंटी। लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना बढ़ाने और देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देनेवाले बलिदानी नायकों की वीरता और बलिदान का सम्मान करने की कड़ी में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा रविवार को आरसी मध्य विद्यालय रोहने तपकरा में बलिदानी हवलदार जीडी एएम भेंगरा के बलिदानी दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बलिदानी एएम भेंगरा टोपनो 30वीं बटालियन सीआरपीएफ में तैनाती के दौरान आज ही के दिन जम्मू कश्मीर के पुंछ जिला में आतंकवादियों से वीरता पूर्वक लड़ते हुए देश की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था। बलिदानी दिवस पर उप कमांडेंट अंजन कुमार मंडल 94 बटालियन ने बलिदानी की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनकी पत्नी अलिशा भेंगरा को सम्मानित करते हुए उपहार भेंट किया और उनकी समस्याओं के बारे में चर्चा की। मौके पर तपकरा थाना प्रभारी श्यामल कुमकर, आरसी मध्य विद्यालय रोहने की प्राचार्या इमलिया गुड़िया सहित अन्य ग्रामवासी और सीआरपीएफ के जवान उपस्थित थे।

सड़क दुर्घटना में युवती की मौत

सिल्ली। सिल्ली प्रखंड के कोकालगाम निवासी रंजीत सिंह मुंडा की कुछ दिनों पहले सड़क दुघर्टना में मृत्यु हो गई थी। पिता मोहन सिंह मुंडा, पत्नी सविता सिंह मुंडा ,बड़ा भाई जोगेंद सिंह मुंडा ये सभी रंजीत सिंह मुंडा के सदस्य हैं एवं उनके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। आक्रोश में ग्रामीण ने शव को लेकर सड़क को जाम कर दिया था। किसी तरह प्रशासन के समझाने के बाद मुआवजा का आश्वासन देकर सड़क को जाम मुक्त किया गया। लेकिन आज तक उसके परिवार वालों को मुआवजा के तौर पर कुछ नहीं मिला। मृतक की पत्नी ने कहा की मुआवजा तो दुर की बात है आज तक हमारे यहां एक भी नेता, जनप्रतिनिधि नहीं पहुंचे देखने के लिए की हमलोग किस हाल में जी खा रहे हैं। हमलोग गरीब परिवार से हैं हमारे दो छोटे छोटे बच्चे हैं बच्चे लोगों का पढ़ाई की व्यवस्था हो जाता तो हमलोग किसी तरह अपना भरण पोषण कर लेते। लेकिन आज तक कोई झांकने तक नहीं आया,और वोट के समय आकर बहुत बड़ी बड़ी बाते करते हैं। रंजित सिंह मुंडा के पत्नी से पूछने पर बताया कि हम अपने परिवार का पालन पोषण किसी से मांग कर करते हैं।

असुर कोड़ा में मंडा पूजा संपन्न

मुरी। सिल्ली प्रखंड अंतर्गत असुर कोड़ा में मंडा पूजा सम्पन्न हुआ। इस पूजा में शिव की आराधना की गई साथ ही सभी ग्रामीण भक्त असुर कोड़ा के सबसे ऊपरी कुआं के पानी से शुद्ध होकर, नहा कर मंदिर के समक्ष जलती हुई अंगारे पर नंगे पांव बोल बम ,बोल बम कर नारा लगाते हुए गुजरे। इसके अलावा भक्तगंज जमीन पर लौटते हुए मंदिर परिसर तक आए । काफी श्रद्धा से यह पूजा संपन्न हुआ। जिसे सफल बनाने में मनोज यादव, सचिन लखीन्दार लोहार, सहसचिव वासुदेव करमाली, कोषाध्यक्ष रामू मझी, ग्राम प्रधान ,उप कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर यादव, इसके अलावा सदस्य में जलेश्वर यादव, बुद्धदेव यादव, तुलसी यादव, दुबराजलोहार चंद्र मोहन करमाली परमेश्वरमाजी लोकनाथ माझी, वरुण यादव, अनूप यादव, सूरज यादव का योगदान रहा।

वाहन की चपेट में आकर बेटी की मौत, पिता गंभीर

संवाददाता

रामगढ़ । रामगढ़ थाना क्षेत्र के चुटूपालू घाटी में अज्ञात वाहन ने एक बाइक को कुचल दिया। रविवार को हुए इस हादसे में बाइक पर सवार पिता गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी बेटी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस हादसे में एक वर्षीय बच्चा विशांक बाल बाल बच्चा है। लेकिन उसे भी इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार रांची जिले के ओरमांझी थाना क्षेत्र के बजरा मरार निवासी खिरोधर महतो अपनी स्प्लेंडर बाइक संख्या जेएच 01 ईएल 9478 से अपनी बेटी को लेने के लिए उसके ससुराल रामगढ़ के बुढ़ाखुखरा महादेवटांड़ पहुंचे थे। बेटी और अपने एक वर्षीय नाती को लेकर अपने घर के लिए निकले। इसी बीच चुटूपालू घाटी में अज्ञात वाहन ने कुचल दिया । इस घटना में 19 वर्ष प्रिया कुमारी पति चैलेंजर कुमार की मौत मौके पर यहां हो गई। जबकि खिरोधर महतो गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल खिरोधर महतो को सदर अस्पताल इलाज के लिए भेज दिया।

महावीर जयंती पर खूंटी में निकली भव्य शोभायात्रा

भगवान को कराया गया नगर भ्रमण

खूंटी। जैन समाज खूंटी द्वारा रविवार को पूरे भक्ति भाव के साथ महावीर जयंती मनाई गई। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के संदेश जियो और जीने दो, अहिंसा परमो धर्म, दया की भावना हृदय में डालने ये पर्व हमें सीखता है। जैन समाज के लोगो द्वारा पूरी श्रद्धा के साथ महावीर जयंती की शोभायात्रा निकाली गई। बैंड बाजा की टीम के साथ निकाली गई शोभायात्रा में शामिल महिला-पुरुष भजन कर रहे थे। जैन समाज के लोगों द्वारा भगवान महावीर को पालकी में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। नगर भ्रमण के बाद वापस जैन मंदिर पहुंची जहां भगवान की अभिषेक के साथ पूजा की गई। शाम में सामूहिक महा आरती के साथ भगवान महावीर के संदेशों को बताया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शेखर चंद जैन, प्रकाश चंद जैन, अरविंद जैन, अशोक जैन, बंटी जैन का योगदान रहा।

रेलवे स्टेशन पर टिकट चेकिंग अभियान में पकड़े गए 1933 यात्री

धनबाद मंडल ने मजिस्ट्रेट चेकिंग के लिए बनाई टीम

संवाददाता

रामगढ़ । धनबाद मंडल अंतर्गत बरकाकाना रेल जंक्शन पर मजिस्ट्रेट चेकिंग और टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। धनबाद मंडल के द्वारा टीम बनाकर गहन जांच की गई है। इस अभियान में मंडल के धनबाद-पहाड़पुर और गोमो-चंद्रपुर खंड में मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में टिकट चेकिंग के साथ- साथ मंडल के विभिन्न खण्डों में विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में गहन टिकट चेकिंग की गई। वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमरेश कुमार ने बताया कि इस दौरान की गई चेकिंग में 194 टिकट चेकिंग कर्मियों को लगाया गया था।

इस विशेष टिकट चेकिंग अभियान के दौरान कुल 1933 यात्रियों को पकड़ा गया एवं उनसे 08 लाख 55 हजार 655 रूपए जुमार्ने के रूप में राशि प्राप्त की गई। इस अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रियों को पकड़ा गया। उनसे जुमार्ने के रूप में राशि प्राप्त की गई व कड़ी हिदायत दी गई क चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्स्प्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग किया गया ।

गोंदलीपोखर में भाजपा कार्यालय का हुआ उद्घाटन

अनगड़ा। रांची सांसद सह रांची से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने खिजरी विधानसभा के अनगड़ा प्रखंड के गोंदलीपोखर में पार्टी के कार्यालय का उद्घाटन किया। सांसद ने कहा जिसने राम को नकारा उसे देश ने नकार दिया। इनकी भ्रष्टाचार की दुकान बंद हो गए। झारखण्ड से दूरी बना लिया राहुल गांधी ने डर से नहीं आएं। 13 फूल एवं एक फल जितेगा। महाठग बंधन के द्वारा आयोजित उलगुलान रैली टाय टाय फीस हो गई है। आपस में झामुमो एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर मारपीट किया। संजीव विजयवर्गीय ने एक एक मतदाता से मिलकर जिन योजनाओं का लाभ लिया उसकी जानकारी देते हुए भाजपा को वोट करने की बात कही।

मुरहू में 960 ग्राम अफीम और 65 किलोग्राम डोडा बरामद, एक गिरफ्तार

संवाददाता

खूंटी । मुरहू थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार को मुरहू के जाते मधुटोली गांव निवासी विलियम बोदरा के घर में छापामारी कर घर में छुपा कर रखी गई 960 ग्राम अवैध अफीम और 65 किलोग्राम अफीम डोडा बरामद किया।

मौके पर आरोपित विलियम बोदरा को गिरफ्तार कर लिया गया। यह जानकारी रविवार को खूंटी एसडीपीओ वरूण रजक ने दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध मुरहू थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एसडीपीओ ने बताया कि इससे पूर्व शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मुरहू थाना क्षेत्र में चलाई गई एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान एक बाइक सवार युवक के पास से लगभग 40 लीटर अवैध महुआ देसी शराब बरामद की गई। मौके पर बाइक सवार युवक मुरहू के पसराबेड़ा गांव निवासी पोगरो मुंडा (35) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापामारी अभियान में मुरहू थाना प्रभारी गोडवीन केरकेट्टा, एसआई रोशन कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

समाजसेवी की पुण्यतिथि पर पुत्र ने समर्पित किया गायत्री ज्ञान रथ

संवाददाता

खूंटी। समाजसेवी नानाश्री रमन महतो की प्रथम पुण्यतिथि पर रविवार को गायत्री परिवार के मुख्य ट्रस्टी बालमुकुंद कश्यप द्वारा सहायक ट्रस्टी सीमा सिंह को गायत्री ह्लज्ञान रथ की चाभी सौंपी गई। मौके पर कश्यप ने कहा कि परम पूज्य गुरुदेव श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा लिखित पुस्तक ज्ञान रथ के माध्यम से गांव-गांव जाकर व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण एवं समाज निर्माण का संदेश देंगे। दिवंगत नानाश्री रमन महतो के अधूरे कार्य को पूरा करने में यह ज्ञान रथ मील का पत्थर साबित होगा। गायत्री परिवार खूंटी के सदस्य मनुष्य में देवत्व का उदय एवं धरती पर स्वर्ग का अवतरण के सपनों को साकार करने में लगे हुए हैं। मौके पर उनके आवास में 12 घंटे का अखंड जाप एवं हवन का कार्यक्रम हुआ। शाम में वृद्धाश्रम में वृद्धों को भोजन कराया गया। इस पूरे कार्यक्रम में गिरीश जायसवाल, पूर्णेन्दु जायसवाल, कृष्ण कांत मांझी, उमा शंकर साहू, धनंजय महतो, सत्येंद्र कंसारी, संजीव चौरसिया, रीता मेहता, राजकुमार मिश्रा, भारती देवी, सुरेंद्र कंठ, रांची के डॉक्टर सुखदेव साहू पवन कुमार दास गुमला के पंचू साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

तोरपा में प्रखंड स्तरीय सरहुल महोत्सव आयोजित

अपनी परंपरा और पर्यावरण की हर हाल में रक्षा करें : कोचे मुंडा

संवाददाता

खूंटी। अखिल भारतीय सरना समाज के तत्वावधान में मंगलवार को तोरपा में प्रखंड स्तरीय सरहुल महोत्सव का आयोजन किया गया। पाहनों की देखरेख में शांति नगर स्थित सरना स्थल पर पूजा-अर्चना की। पूजा अनुष्ठान में भारी संख्या में सरना धर्मावलंबी शामिल हुए। सरहुल महोत्सव में मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक कोचे मुंडा उपस्थित थे।

मौके पर विधायक ने विभिन्न गांवों से पहुंचे पाहनों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। पूजा अर्चना के बाद प्रखंड मैदान से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो मेन रोड होते हुए हिल चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा तक गई, जहां प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कोचे मुंडा ने कहा कि आज दुह्यख-विपत्ति क्यों आ रही है, क्योंकि हम अपनी परंपरा को छोड़ते जा रहे हैं और प्रकृति का संरक्षण नहीं कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वज ऑक्सीजन देंने वाले पीपल, तुलसी आदि में हर दिन पानी डाला करते थे। इससे पेड़ों को संजीवनी मिलती है, पर हम इस तरक की कई परंपराओं का छोडते जा रहे है। विधायक ने कहा कि यदि हम अपनी परंपरा और प्रकृति का सरंक्षण संवर्द्धन नहीं करेंगे, तो पूरी दुनिया का विनाश तय है।

जमशेदपुर ने सरायकेला खरसावां को 6 विकेट से किया पराजित

संवाददाता

रामगढ़। झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर- 16 का मैच रविवार को छावनी क्रिकेट ग्राउंड में जमशेदपुर बनाम सरायकेला खरसावां के बीच खेला गया । सरायकेला खरसावां ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया । निर्धारित 50-50 ओवर के मैच में सरायकेला खरसावां ने 29.1 ओवर मे 113 रन बनाया और आउट हो गई। टीम के ईशांत कुमार ने 21 रन ; विपुल कुमार यादव ने 21 रन और अजय ने 17 रन बनाये।

जमशेदपुर की ओर से गेंदबाज शिवम कुमार मुखी ने 8 ओवर में 20 रन देकर 4 विकेट एवं हिमांशु कुमार ने 9 ओवर में 33 रन देकर 3 विकेट लिया। लक्ष्य की पीछा करने हुए जमशेदपुर ने 19.2 ओवर में 4 विकेट खोकर 114 बनाकर 6 विकेट से मैच जीत लिया। जमशेदपुर के बल्लेबाज रूद्र कुमसा मुखी ने 34 रन , श्रियंश राज ने 22 रन और शिवम ने ् 20 रन बनाए। सरायकेला खरसावां की ओर से आयुश कुमार ने 9 ओवर में 38 रन देकर 4 विकेट लिया। मैच के अंपायर उमेश पाठक तथा अजित कुमार थे जबकि स्कोरिंग अमित कुमार तिवारी ने किया ।

रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के वरीय उपाध्यक्ष सुबोध कुमार पांडेय,सचिव अरुण कुमार राय, मैच ऑब्जर्वर सुब्रतो घोष एवं अन्य लोगों ने प्लेयर ऑफ द मैच का कैश एवं ट्रॉफी शिवम कुमार मुखी को संयुक्त रूप से भेंट किया।

धूमधाम से मना भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव

निकाली गई शोभायात्रा, जीओ और जीने दो का दिया संदेश

संवाददाता

रामगढ़। रा जिले में भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर श्री दिगंबर जैन मंदिर में पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम श्री जी का अभिषेक एवं शांति धारा किया गया। स्वर्ण कलश से जलाभिषेक भगवान महावीर स्वामी की मूलनायाक प्रतिमा, प्राचीन प्रतिमा, पांडुशीला पर विराजमान अष्ट धातु की प्रतिमा पर स्वर्ण कलश से जलाभिषेक किया गया। जलाभिषेक में इंद्रमणि देवी चूड़ीवाल, ललीत चूड़िवाल, विद्याप्रकाश, पदमचंद छाबड़ा, राजेंद्र राजेश चूड़ीवाल शामिल थे। वही, भगवान आदिनाथ स्वामी पर हीरामणि देवी चूड़ीवाल, सुशील चूड़ीवाल परिवार ने जलाभिषेक किया। भगवान पारसनाथ स्वामी पर मांगीलाल और अशोक चूड़ीवाल ने जलाभिषेक किया। शांतिधारा में इंद्रमणि देवी चूड़ीवाल, ललित चूड़ीवाल, राजेंद्र कुमार,राजेश कुमार चूड़ीवाल शामिल थे।

महावीर जयंती को लेकर श्री दिगंबर जैन मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा थाना चौक, गोला रोड, चट्टी बाजार, लोहार टोला, शिवाजी रोड, सुभाष चौक होते हुए पुनः दिगंबर जैन मंदिर पहुंची। शोभा यात्रा में आकर्षक का केंद्र झांकी थी। भगवान महावीर का दिव्य संदेश से आज पूरे शहर में नारा दिया गया। अहिंसा सबसे बड़ा धर्म है। अतः हमें "जीओ और जीने दो" के संदेश पर कायम रहना चाहिए। महावीर स्वामी के पंचशील सिद्धांत जिसमें अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, सत्य और अपरिग्रह शामिल हैं। भगवान महावीर का आत्म धर्म जगत की प्रत्येक आत्मा के लिए समान था। उनका कहना था कि हम दूसरों के प्रति भी वही व्यवहार व विचार रखें जो हमें स्वयं को पसंद हों। उन्होंने न केवल इस जगत को मुक्ति का सन्देश दिया, अपितु मुक्ति की सरल और सच्ची राह भी बताई।

शोभायात्रा का सामाजिक संगठनों ने किया स्वागत

शोभायात्रा के दौरान विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठन के द्वारा शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान रोटरी रामगढ़ सेंट्रल, श्याम अरदास कीर्तन परिवार, मारवाड़ी धर्मशाला समिति, रानी सती दादी मंदिर, मारवाड़ी युवा मंच और सिख समाज ने शोभा यात्रा में शामिल लोगों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। मौके पर समाज अध्यक्ष मानिक चंद जैन पाटनी, सचिव सचिव नागरमल गंगवाल, कोषाध्यक्ष जंबू जैन, नरेंद्र छाबड़ा, जीवन मल जैन,राजेंद्र चूड़ीवाल, मांगीलाल चूड़ीवाल, आनंद जैन, अजय जैन, राहुल जैन पाटनी सहित कई लोग मौजूद थे।

समय का सदुपयोग कर पढ़ने-लिखने की आदत डालें कैदीः दिनेश बाउरी

खूंटी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली और झालसा रांची के निर्देश पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रषिकेश कुमार के मार्गदर्शन में उपकारा खूंटी में रविवार को जेल लोक अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जेल अदालत में उपस्थित कैदियों को संबोधित करते हुए अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी दिनेश बाउरी ने कहा कि सभी कैदियों का विचारण बड़ी तेजी से हो रहा है और कैदी अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने वादों का जल्द से जल्द निपटारा कराएं। उन्होंने अनिवार्य बेल, जमानत एवं गैर जमानतीय वारंट्स तथा प्रोबेशन ऑफ ऑफेंडर्स एक्ट के बारे जानकारी देकर उपस्थित लोगों को जागरूक किया और निःशुल्क न्याय के बारे में भी लोगों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि न्यायालय में चल रहे अपने-अपने सभी वादों की जानकारी रखना आपका हक है। आपको निःशुल्क न्याय पाने का हक है, बशर्ते आप लेने के लिए हमेशा आगे बढ़े और जागरूक रहें। उन्होंने कैदियो से आग्रह किया कि समय का सदुपयोग करते हुए समय-समय पर पढ़ने लिखने की भी आदत डालें, जो निकट भविष्य में आगे बढ़ाने में आपको मदद करेगी। कार्यक्रम में एलएडीसी असिस्टेंट अमरदीप कुमार ने कैदियों को योग्य अधिवक्ता प्राप्त अधिकार के बारे में जानकारी दी।

संक्षिप्त

महिला उत्थान संगठन ने 135 जोड़े का कराया विवाह

रांची। जगन्नाथपुर के लटमा में रविवार को महिला उत्थान संगठन ने 135 कन्याओं का विवाह करवाया। ये कन्याएं वो हैं जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आती हैं। विवाह समारोह कार्यक्रम के मुख्यातिथि सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने सभी 135 कन्याओं को उपहार स्वरूप एक-एक वस्त्र और जेवर प्रदान किए। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने कहा कि वे भी स्वयं कई वर्षों से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की कन्याओं का विवाह अपने खुद के खर्चे पर करवा चुके हैं। ऐसे सामाजिक कार्यों में आम लोगों को भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। ऐसे वर्ग की कन्याएं जिनके माता-पिता आर्थिक रूप से कमजोर हैं, उनकी मदद के लिए सभी को आगे आना चाहिए।

बिरसा मुंडा केंद्रीय जेल में लगी जेल अदालत

रांची। झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने रविवार को बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार में जेल अदालत का आयोजन किया। यह आयोजन मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कृष्णकांत मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार में बंद नौ बंदियों का आवेदन जेल अदालत के लिए समर्पित किया गया था जिसमें दो बंदी को जेल अदालत का लाभ देते हुए रिहा किया गया। रिहा किए गए कैदियों का नाम आनंद कच्छप और धनंजय तिर्की है।

युवक ने भगवान की प्रतिमा को किया खंडित, गिरफ्तार

रांची : जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के मौसीबाड़ी गोलचक्कर के पास शनिवार देर रात एक युवक ने भगवान हनुमान की प्रतिमा को खंडित कर दिया। सावल से युवक ने भगवान हनुमान के हाथ को तोड़ दिया। हालांकि इस दौरान स्थानीय लोगों को इसकी सूचना मिल गयी। इसके बाद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की सहयोग से आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले को लेकर मंदिर के अध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने जगन्नाथपुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज करवायी है। साथ ही आरोपी युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। थाना प्रभारी हरदेव प्रसाद ने बताया कि युवक मानसिक रूप से बीमार है। उसे पकड़ लिया गया है। उसे पहले रिनपास भेजा जाएगा। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

1000 से अधिक कार्यकर्ता पहुंचे प्रभात तारा मैदान

रांची : झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची महानगर समिति के पूर्व सचिव युवा नेता अरुण वर्मा के नेतृत्व में उलगुलान महारैली में शामिल होने के लिए रांची खादगढ़ा सब्जी मंडी पहाड़ी मंदिर के समीप से 1000 से अधिक कार्यकर्ता बाइक ऑटो कार में सवार होकर प्रभात तारा मैदान पहुंचे। रैली में मुख्य आकर्षण का केंद्र बड़े-बड़े कट आउट हाथ में लिए कार्यकर्ता थे जिसमें तरह-तरह के स्लोगन लिखे हुए थे। रेल बेच दो तेल बेच दो मोदी जी भेल बेच दो जो आपके खिलाफ आवाज उठाएं हेमंत सोरेन अरविंद केजरीवाल को जेल भेज दो, जेल का फाटक टूटेगा हेमंत सोरेन अरविंद केजरीवाल छूटेगा।

निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

रांची : जेसीआई रांची यूथ और शल्बी डिवाइन हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में मोरहाबादी मैदान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्ष सोनल अग्रवाल ने बताया की शिविर मे लगभग 150 लोगो का निःशुल्क स्वास्थ्य का परीक्षण किया। स्वास्थ्य शिविर का लाभ बड़ी संख्या में लोगों ने लिया है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर में डॉक्टर आर.के उपाध्याय ने बीपी शुगर हृदय, उच्च रक्तचाप, टॉयफायड, शुगर, रोग तथा अन्य बीमारियों के मरीज का निःशुल्क जाँच किया गया।

पढ़ाई, दवाई और न्याय हमारा मूल एजेंडा : सुदेश महतो

■ स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स संस्थान के इलेक्शन ऑन व्हील्स कार्यक्रम में युवाओं से संवाद

संवाददाता

रांची : स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स संस्थान के इलेक्शन ऑन व्हील्स कार्यक्रम के तहत देश के अलग-अलग राज्यों से होकर रांची पहुंचे युवाओं ने हरमू स्थित आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में रविवार को आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो से मुलाकात की। इस दौरान सुदेश महतो ने राज्य को विकसित बनाने को लेकर रोडमैप और झारखंड के गौरवशाली इतिहास पर विस्तृत चर्चा की।

भारत के 18 राज्यों से आए विभिन्न प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थाओं से जुड़े युवा प्रोफेशनल्स से बातचीत के इस सत्र में युवाओं ने राज्य के राजनीतिक परिदृश्य, पार्टी के गठन के साथ साथ राजनीति और झारखंड आंदोलन से जुड़े विषयों पर सुदेश महतो से सवाल पूछे, जिसका उन्होंने बारी-बारी से जवाब दिया। सुदेश महतो ने अपने राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अस्तित्व, भाषा, विचार, कला व संस्कृति की हिफाजत के लिए अलग राज्य की लड़ाई में शामिल हुआ। फिर जनता के विश्वास के साथ चुनाव में जीत हासिल की। इसके साथ उन्होंने अपने राजनीतिक सफर और संघर्ष के विभिन्न

पहलुओं से युवाओं को अवगत कराते हुए इस बात पर जोर दिया कि इसके केंद्र में रहा जनसेवा।

महतो ने कहा कि राजनीति को एक दिन में नहीं समझा जा सकता है। यह सभी चीजों का केंद्र है। जिज्ञासा से राजनीतिक स्तर में अंतर लाना संभव है। विकास के मानकों पर झारखंड को देश में टॉप फाइव में शुमार करने की दिशा में काम करना है। राज्य में चिमनी के धुएं से ही सिर्फ रोजगार मिलेगा यह जरूरी नहीं है। यहां पर्यटन के क्षेत्र में असीमित संभावनाएं है। अपने लोगों के पलायन को रोकना, रोजगार के अन्य विकल्प तैयार करना, एक मौसम नहीं साल भार खेती हो ऐसी हमारी तैयारी है। राज्य को उसकी हैसियत पर खड़ा करना हमारा लक्ष्य। पढ़ाई, दवाई और न्याय हमारा मूल एजेंडा है।

सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में स्टूडेंट एक्सप्रेस, उड़ान कोचिंग, स्मार्ट स्कूल, सिल्ली स्टेडियम, आधारभूत संरचनाओं की मजबूती जैसी अन्य कई विकास कार्यों की जानकारी इलेक्शन ऑन व्हील्स के सभी प्रतिभागियों को दी गई। सिल्ली के विकास को देखने के लिए सुदेश महतो ने सभी युवाओं को सिल्ली आने का निमंत्रण दिया।

मोदी ने असंभव कार्य को संभव कर दिखाया : संजय सेठ

संवाददाता

रांची : रांची के सांसद संजय सेठ ने आज रांची के लालपुर, गोंदा, मंडल के विभिन्न सोसाइटी मे जनसंपर्क अभियान चलाया सांसद सेठ ने कहा नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में पांच सबसे बड़े असंभव कार्य को संभव कर दिखाया स्वच्छता अभियान, तीन तलाक, राम मंदिर का निर्माण, सर्जिकल स्ट्राइक, धारा 370 समाप्त, ऐसे पांच असंभव कार्य को नरेंद्र मोदी ने संभव कर दिखाया है जो उनके इच्छा शक्ति का प्रतीक है स्वच्छ भारत अभियान प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प के चलते देश के लोगों ने साथ दिया और आज भारत के हर गांव में शौचालय हर शहर गांव गली और चौराहे हमें स्वच्छ नजर आते हैं। जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 का हटाना जम्मू और कश्मीर की जनता 70 साल से धारा 370 की जंजीरों से जकड़ी हुई थी 5 अगस्त 2019 को मोदी सरकार ने कश्मीर को अनुच्छेद 370 से मुक्ति दिला दी लद्दाख को एक अलग केंद्र शासित राज्य घोषित किया इससे कश्मीर पंडितों को ही नहीं बल्कि राज्य के हर नागरिकों को अब केंद्र सरकार की लाभकारी योजनाओं का भी फायदा मिलने लगा जिससे कई सालों तक कश्मीर के लोगों को वंचित रखा गया। इसी तरह राम मंदिर का निर्माण 5 सालों की प्रतीक्षा का प्रतिफल आज प्राप्त हुआ आज पाकिस्तान के आंख में आंख डालकर भारत बात करता है सर्जिकल स्ट्राइक इसका एक जीता जागता उदाहरण है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण से लेकर राष्ट्रीय नव निर्माण तक हर क्षेत्र में बेहतरीन कार्य हुए हैं। मोदी जी का लक्ष्य है अंतोदय के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे। पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू ने कहा हमें अपने घरों से निकाल कर देश के विकास के लिए मतदान अवश्य करनी चाहिए यह हमारा अधिकार है देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है आज हम विश्व के पांचवी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं और देश को तीसरी अर्थव्यवस्था बनने के लिए हम सब को इस बार नरेंद्र मोदी को फिर से तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। आज के इस कार्यक्रम में संजीव विजय वर्गीय, गुरविंदर सिंह सेठी, कुणाल अजमानी, राजेश जी, गोवर्धन गड़ोदीया, राम लगन राम, राजेश कुमार बबन, नरेंद्र पांडे, कुंदन सिंह, सुभाष मोदी, राजेंद्र सिंहराजू ,दीपक जी ,अभिमन्यु मोदी ,सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

जैन श्वेताम्बर श्री संघ ने भगवान महावीर का धूमधाम से मनाया 2623वां जन्म कल्याणक महोत्सव

संवाददाता

राची : रविवार को सुबह श्वेताम्बर जैन मंदिर डोरंडा से सुबह 9:00 बजे भगवान महावीर की शोभायात्रा धूमधाम से गाजे बाजे के साथ निकली। श्रद्धालुओं द्वारा जगह जगह पर अक्षत एवं नारियल अर्पण करके भगवान का स्वागत किया गया। जिसमे गायक अक्षय सेठिया ओर भजन मंडली के द्वारा भगवान महावीर के भजनों को सुनकर लोग झूम रहे थे। शोभा यात्रा जैन मंदिर डोरंडा से निकलकर ए. जी. मोड़, हाइकोर्ट होते हुए वापस मंदिर पहुंची। इस वर्ष की शोभायात्रा में महिलाओं, बच्चों एवं समाज के लोगों द्वारा काफी संख्या में उत्साह पूर्वक भाग लिया गया। तत्पश्चात मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ जिसमें भगवान महावीर के जन्मोत्सव की झलकियां दिखायी गयी। भगवान महावीर के संदेश को घेवर चंद नाहटा, अमरचन्द बैंगानी, उत्तम चोरडिया, आदि द्वारा बताया गया। महिलाओं और

बच्चों के द्वारा नाट्य मंचन एवं नृत्य के माध्यम से भगवान महावीर के जीवनी एवं आदर्शों के बारे में बताया गया जिसमे मुख्य रूप से संतोष बैंगानी, सोनल नाहटा, प्रीति रामपुरिया, खुशबु दस्सानी, पूजा नाहटा, सोनू पारख, नेहा बैंगानी, भावना बैंगानी, दिशा बैंगानी, शालिनी बेगवानी, प्रीति बोथरा आदि ने गीत तथा मनमोहक नृत्य पेश किया। तेरापंथ युवक परिषद एवं श्रंगार समिति के द्वारा शोभा यात्रा में जूस-पानी के सेवा की व्यवस्था की गई थी। मंच का संचालन खुशबु बोथरा, रिद्धि बांठिया ने किया। दोपहर 2 बजे से स्वामीवात्सल्य का कार्यक्रम हुआ। तत्पश्चात कार्यक्रम की समाप्ति हुई। संघ के अध्यक्ष संपत लाल जी रामपुरिया, सुभाष चंद बोथरा ने सभी को कार्यक्रम सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से छोटे लाल चोरड़िया, पूनम चंद भंसाली, मूल चंद सुराणा, प्रकाशचंद नाहटा, नवीन रामपुरिया, विनय नाहटा, संजय कोठारी, बालवीर बोथरा, ललित सेठिया, पंकज बोहरा, मयंक बेगानी आदि एवं सम्पूर्ण समाज का योगदान रहा।

राणी सती सेवा समिति ने लगाया रक्तदान शिविर

संवाददाता

रांची : श्री राणी सती सेवा समिति के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन दुर्गा मंदिर आधारतल बकरी बाजार, कार्ट सराय रोड, रांची में प्रातः 10:30 बजे से 3:30 बजे तक किया गया रक्तदान शिविर का शुभारंभ गणेश जी महाराज एवं श्री राणी सती दादी जी को माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया आज के रक्तदान शिविर में कुल 54 रक्तवीरों ने अपना रक्तदान कर शिविर को सफल बनाया सभी रक्तदाताओं को नागरमल मोदी सेवा सदन एवं श्री राणी सती सेवा समिति द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। नागरमल मोदी सेवा सदन के रमेश धरणीधरका एवं भारतीय युवक संघ बकरी बाजार के पदाधिकारीगण को पुष्पगुच्छ देकर उनका सम्मान किया गया। अध्यक्ष किशन मोदी ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। इस रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए नागरमल मोदी सेवा सदन ब्लड बैंक की टीम ने हमारा सहयोग किया। रक्तदान शिविर के संयोजक राजीव गोयनका एवं मनीष लोधा थे कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राजेश बुधिया, उपाध्यक्ष प्रदीप राजगढ़िया, सचिव कुशल थरड, कोषाध्यक्ष अंकुर डागा, सहसचिव सौरभ केडिया, कमल खेतावत, कमल अग्रवाल, अमित सोनी, मनोज अग्रवाल, गुड्डू सिंघानिया, प्रदीप जालान, राजा भालोटिया, सतीश गाड़ोदिया, गुड्डू सिंघानिया, अजीत अग्रवाल एवं कई सदस्यों ने अपना सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

146वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारा सत्संग सम्पन्न

संवाददाता

रांची : एम.आर.एस श्री कृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रस्ट रांची एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वावधान में कटहल मोड रोड पुंदाग स्थित निर्माणाधीन मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम के प्रांगण मे स्थित (श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर) पुंदाग T.O.P. के पीछे, पुंदाग, रांची में प्रत्येक रविवार को होनेवाला 146वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नापूर्णा भंडारा सत्संग, सुमरिन और सेवा के साथ बहुत ही भक्तिमय माहौल मे सम्पन्न हुआ। स्व. शैला सर्राफ की पुण्य स्मृति में 1300 श्रद्धालुओं ने 146 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी भंडारे का प्रसाद प्राप्त किया। आज के यजमान पुर्णमल सर्राफ अनमोल सर्राफ प्रिया नेमानी और भी आये हुए सभी यजमान को संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल ने अंगवस्त्र दिया सचिव मनोज कुमार चौधरी अन्नपूर्णा भंडारे की श्री राधा- कृष्ण भगवान की तस्वीर कार्यक्रम संयोजक विशाल जालान ने सभी को अष्टधातु से तैयार किये गये हार पहना कर एवम संस्था के सदस्य नन्द किशोर चौधरी ने भगवान के विग्रह के खजाने से सभी यजमान को भगवान का खजाना भेट स्वरूप देकर सम्मानित किया। पड रही प्रचंड गर्मी को देखते हुए विधा देवी अग्रवाल के सौजन्य से आये हुए सभी श्रद्धालुओं को बोतलबंद (जलजीरा) का शर्बत वितरण किया गया। बॉम्बे बेफर्स के विशाल जी जालान द्वारा भंडारे का प्रसाद ग्रहण करनेवाले सभी श्रद्धालुओ को 1 पैकेट मिक्चर का वितरण किया गया। पूर्णब्रह्म परमात्मा की अपार कृपा श्री राज श्यामा जी महाराज एवं परमहंस भागवत भास्कर संत शिरोमणि डॉक्टर श्री श्री 1008 श्री सदानन्द जी महाराज जी के आशीर्वाद से प्रणामी समाज के सेवाभावी सदस्यों के सहयोग से अभी तक 145 निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का सफलता पूर्वक वितरण कर सफल संचालन किया जा चुका है। रविवार को 146वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन अपनी स्वड्ड धर्म पत्नी शैला सर्राफ की स्मृति मे संस्था के वरिष्ठ सदस्य श्री पुर्णमल सर्राफ उनके पुत्र अनमोल सर्राफ बेटी दमाद प्रिया पंकज नेमानी, पायल भाष्कर हिम्मत सिंहका और उनके परिवार के सौजन्य से की गई।

पशुपतिनाथ मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान में भजन संध्या

संवाददाता

रांची। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा अनुष्ठान के दूसरे दिन रविवार को संध्या बेला में भजन संध्या और श्री राम कथा का आयोजन किया गया। श्री पशुपतिनाथ महादेव और माता दुर्गा की आरती की गई। इसके बाद प्रसिद्ध रामकथा वाचिका संगीता किशोरी ने संगीतमय राम कथा की प्रस्तुति की।

आओ मेरे राम जी, पधारो मेरे राम जी, श्री जानकी वल्लभ राम जी, श्री दशरथ नंदन राम जी भजन पर भक्त झूम उठे। इसके बाद उन्होंने बताया कि जब भाग्य का उदय होता है, तब भगवान की कथा श्रवण का सौभाग्य मिलता है। श्री राम जी के चरित्र के करोड़ों गुणों में से किसी एक भी गुण को हम यदि अपने जीवन में उतार लें तो हमारा उद्धार हो जाएगा।

कहा कि अस्वस्थ होने पर यदि आप सशरीर प्रभु की कथा में सम्मिलित नहीं हो पाते हैं तो केवल उसका अनुमोदन करने मात्र से ही हम लोग गोपद पार करने की तरह सहजता से भवसागर को पार कर जाते हैं। हम सभी की डोर भगवान के हाथों में हैं। उनके साथ भजन टोली में निर्मला कुमारी, राजकिशोर महतो, बुधन स्वांसी, डमरूधर कुंभकार, भोला कालिंदी, भूषण मिश्रा शामिल थे।

इतिहास से सबक लेकर हम बेहतर भविष्य बना सकते हैं : हरिवंश

रांची प्रेस क्लब में बसंत हेतमसरिया की पुस्तक का किया विमोचन

संवाददाता

रांची : आज दुनिया में सबसे बड़ी होड़ टेक्नोलॉजी को लेकर है। मॉडर्न टेक्नोलॉजी आज आपको कंट्रोल कर रही है। जब दुनिया तोप से लड़ रही थी, तब आपके हाथ में तलवार थी, नतीजतन आप युद्ध हार गये। इतिहास से सबक लेकर हम बेहतर भविष्य बना सकते हैं। यह कहना था राज्यसभा के उप सभापति सह वरिष्ठ पत्रकार हरिवंश का। वे शनिवार शाम रांची प्रेस क्लब में बसंत हेतमसरिया की पुस्तक '1940: विश्वयुद्ध और बढ़ते अलगाव के साये में स्वतंत्रता आंदोलन' पुस्तक का विमोचन करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। पुस्तक की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि यह पुस्तक आपका साक्षात्कार इतिहास से करवाती है। यदि हम इतिहास से

सबक नहीं लेते तो हमारा भविष्य भी संकट में पड़ता है। श्री हरिवंश ने कहा कि रामगढ़ कांग्रेस अधिवेशन में शामिल बड़े नेताओं ने 1940 में जिन मुद्दों पर चिंता जताई थी, कालांतर में वो सभी कुछ घटित हुआ और सबलोग देखते रह गये। उन्होंने कहा कि गांधी जी चाहते थे कि वे एक अनुशासित कांग्रेस बनाएं, जो उसूलों पर चलें, लेकिन वे बना नहीं पाए। उन्होंने कहा कि पहले नेताओं को अपनी बात सुनाने के लिए कार्यकताओं को बुलाने की जरुरत नहीं पड़ती थी, लोग स्वतः अपने नेताओं को सुनने चले आते थे, लेकिन आज परिस्थितियां बदल चुकी है। पुस्तक विमोचन समारोह में आए अतिथियों का स्वागत करते हुए लेखक बसंत हेतमसरिया ने बताया कि रामगढ़ में पैदा होने के कारण 1940 का रामगढ़ कांग्रेस अधिवेशन उनको हमेशा रोमांचित करता था। लेकिन उन्होंने पाया कि इस विषय पर बहुत कम लेखन हुआ था। इस कारण उन्होंने तत्कालीन समाचार पत्रों को पढ़कर और लगभग पांच दर्जन पुस्तकों को खंगालकर इस पुस्तक को तैयार किया है, जिसमें 1940 के रामगढ़ कांग्रेस के महत्व और उस वर्ष स्वतंत्रता आंदोलन की दिशा से आनेवाली पीढ़ी को रूबरु करने की कोशिश की है। पुस्तक चर्चा करते हुए विनोबाभावे विवि के डीन डॉ. मिथिलेश सिंह ने कहा कि आज विश्वविद्यालयों में इतिहास बनाने की जगह बिगाड़ा जा रहा है। उन्होंने रामगढ़ अधिवेशन पर चर्चा करते हुए कहा कि यदि हम इतिहास से सबक नहीं लेंगे, तो फिर इतिहास को दुबारा से भुगतने के लिए अभिशप्त होंगे। उन्होंने वर्तमान राजनीतिक हालात पर टिप्पणी करते हुए कहा कि आज हम मानसिक रूप से लूले-लंगड़े हो रहे हैं। बुद्धकाल के दौरान वृज्जि संघ का उदाहरण देकर उन्होंने राजनीति में संघे शक्ति की ताकत बताई। डॉ कंजीव लोचन ने पुस्तक चर्चा करते हुए कहा कि हर पन्ने पर नयी जानकारी दी गयी है। उन्होंने बताया कि इस किताब में मैटेरियल हिस्ट्री पर बहुत ध्यान दिया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही राज्य की पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव ने कहा कि इतिहास की जानकारी रहने पर हम उन गलतियों को दुहराने से बच सकते हैं, जो पहले कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी के साथ हमें खुद को अपडेट करना होगा, तभी हम सफल हो सकेंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ संपादक विष्णु राजगढ़िया, विनय सरावगी, आरके चौधरी, एलआर सैनी, प्रदीप तुलस्यान, किशोर मंत्री, अरुण बुधिया, सुशील उराँव, प्रभाकर अग्रवाल, प्रकाश देवकुलिश, पंकज मित्र, मुकेश तनेजा, शरदेन्दू नारायण, वीके गढयाण, समेत रांची विवि, विनोबा भावे विवि और बीआईटी सिंदरी के प्रोफेसर, लेक्चरर सहित काफी संख्या में शहर के गणमान्य लोग मौजूद थे।

संक्षिप्त

राजीव कुमार ने चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा की

लातेहार : लातेहार के पूर्व डीसी राजीव कुमार ने चतरा लोकसभा सीट से चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा की है। ज्ञात हो कि श्री कुमार ने चतरा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई थी और जनसंपर्क अभियान भी शुरू कर दिया था। उन्होंने लोकसभा के कई क्षेत्रों में ग्रामीणों के साथ बैठक कर चुनाव की रणनीति भी बनानी शुरू कर दी थी । श्री कुमार अपने मन की बात साझा करते हुए कहा कि प्रचंड गर्मी और व्यस्तता होने के बाद भी क्षेत्र के लोगों ने समय निकाल कर उनके साथ क्षेत्र का दौरा किया। और अपना समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि लोगों से मिले प्यार व मुहब्बत से वे काफी भावुक हैं। चतरा लोकसभा क्षेत्र के सभी शुभचिंत्तकों और मित्रों से उनका आजीवन आत्मीय संबंध रहेगा।

विवाद के बाद चली गोली, दो लोग घायल

जमशेदपुर। जमशेदपुर के कदमा थाना अंतर्गत रामनगर में शनिवार-रविवार देर रात 2।30 बजे विवाद के बाद गोली चली। इस घटना में स्थानीय निवासी जितेन प्रमाणिक और सूरज कर्मकार घायल हो गए। इधर, पुलिस ने रविवार सुबह दोनों को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया जहां दोनों का इलाज किया गया। जितेन के कंधे से गोली आर-पार हो गई जबकि सूरज के पैर में गोली लगी है। इधर, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। दरअसल, दोनों घायल सुबह घायल अवस्था में कदमा थाना पहुंचे और पुलिस को गोली चलने की जानकारी दी। दोनों ने पुलिस को दो खोखा और जिंदा गोली भी सौंपा। घायलों ने पुलिस को बताया कि वे लोग अपने परिवार के साथ पार्टी से वापस घर लौट रहे थे। रास्ते में स्कूटी सवार दो युवक पहुंचे और अचानक से फायरिंग कर दी। जिसमें दोनों घायल हो गए। इधर, पुलिस ने घटना स्थल की जांच शुरू कर दी है। मामले को लेकर सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि फायरिंग की सूचना मिली है, जिसके बाद दोनों से पूछताछ की जा रही है।

राष्ट्र हित में काम करनेवाली पार्टी को ही दें अपना समर्थन

गुमला : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में विद्वत परिषद के तहत आगामी लोकसभा चुनाव की दशा एवं दिशा पर परिचर्चा की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोकसभा चुनाव में वोटिंग के प्रति जन जागरण था। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित के.ओ कॉलेज के प्रोफेसर दिलीप कुमार ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हमें ऐसे प्रतिनिधि का चुनाव करना चाहिए जो राष्ट्र हित की सोचे, राष्ट्रहित का पैमाना शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार है जिस पर देश के सभी नागरिकों का समान अधिकार है । उन्होंने वर्तमान सरकार के कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा देश में विकास हुआ है लेकिन अभी भी कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां सरकार को अधिक कार्य करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों को आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि वे राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। अपने अध्यक्षीय भाषण में विजय बहादुर सिंह ने कहा कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए हमें निर्णय लेना है कि हम किस प्रकार से राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें।

तपती गर्मी का सितम जारी लोगों की बढ़ी परेशानी

विष्णुगढ़ : गर्मी का बढ़ता सितम जहां जारी है वही विष्णुगढ़ में आज का पारा 40 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। आम तौर पर दोपहर में सड़के सुनी दिखाई पड़ती है, तपती गर्मी का सितम जारी रहने के बावजूद लोगो को शादी विवाह एवं अन्य कार्यो लिए मजबूरन घर से बाहर निकलना हीं पड़ता है। आज की भयंकर गर्मी की वजह से गोविंदपुर खुर्द निवासी उमेश महतो की लू लगने से मौत हो गई। इस घटना की जानकारी देते हुए समाजसेवी हिरामन महतो ने बताया कि मृतक उमेश महतो उम्र 50 वर्ष अपनी पत्नी के साथ बाइक में सवार होकर करीब 03: 00 बजे सीधाबारा किसी परिजन के यहाँ शादी समारोह में शिरकत को जा रहे थे।

जैन समुदाय ने महावीर जयंती की निकाली भव्य शोभायात्रा

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जीवन ही उनका सबसे बड़ा संदेश है : चंद्र प्रकाश जैन

संवाददाता

हजारीबाग : हजारीबाग की पावन धरती पर जैन समुदाय के द्वारा महावीर जयंती के पावन पर्व पर भव्य शोभा यात्रा निकाला गया। जिसका सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने वाले हजारीबाग यूथ विंग के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा के बड़ा बाजार चौक के समीप जैन समुदाय के महामंत्री पवन जैन अजमेरा, सयुक्त महामंत्री, कोषाध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य टोनी जैन, एवं स्वरूप चंद्र सहित कई बड़े पदाधिकारियों को अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात जुलूस में शामिल तमाम महिलाएं,पुरुष एवं बच्चों के बीच जूस एवं पानी की बोतल का वितरण किया गया। जिसके पश्चात सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शोभायात्रा में शामिल महावीर स्वामी की तस्वीर का दर्शन कर उनसे आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात जैन समाज के बड़े पदाधिकारियों के द्वारा हजारीबाग यूथ विंग के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों का अभिनंदन किया गया। शोभा यात्रा के दौरान जैन समुदाय के सभी सदस्य महावीर स्वामी की जय कारे लगाते हुए शोभा यात्रा का आनंद ले रहे थे। तो वही शोभायात्रा में महिलाएं लाल पीली साड़ी एवं पुरुष कुर्ता पजामा में शामिल हुए और शोभायात्रा का भरपूर आनंद ले रहे थे, तो वहीं बच्चे भी शोभायात्रा में आनंदित होकर घूम रहे थे और ईश्वर की आराधना कर रहे थे। कार्यक्रम को विशेष सफल बनाने में हजारीबाग यूथ विंग के अभिभावक स्वरूप सुरेंद्र खंडेलवाल, संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, सचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष विकास केशरी, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य वीरेंद्र गर्ग उर्फ बिट्टू बिहारी, अभिषेक पांडे,प्रणीत जैन, हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक की सुपुत्री वर्षा जैन,अजय यादव सहित कई लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाया। मौके पर हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने महावीर जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जीवन ही उनका संदेश है। उनके सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य और अस्तेय आदि उपदेश एक खुली किताब की तरह है। जो सत्य परंतु आम आदमी को कठिन प्रतीत होते हैं। मौके पर हजारीबाग यूथ विंग के सचिव संजय कुमार एवं उपाध्यक्ष विकास केसरी ने संयुक्त रूप से महावीर जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जैन समाज द्वारा महावीर जयंती के उपलक्ष पर निकाला गया भव्य शोभायात्रा जिसका स्वागत व अभिनंदन करने का हम सभी हजारीबाग यूथ विंग के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को सौभाग्य प्राप्त हुआ। महावीर स्वामी की कृपा से। हम सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों पर महावीर स्वामी का आशीर्वाद सदैव बना रहे।

मतदाता जागरुकता के लिए हुआ मैत्री फुटबॉल मैच

संवाददाता

चाईबासा। सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र में स्वीप गतिविधि के अंतर्गत ज़िले के सुदूरवर्ती नोवामुण्डी प्रखंड के सारंडा वन क्षेत्र स्थित जम्बाईबुरु में मतदाता जागरुकता के लिए मैत्री फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। मौके पर जागरूक मतदाता खिलाड़ी और ग्रामीणों ने मतदान प्रतिज्ञा ली। सेल्फी लिया गया। फुटबॉल मैच के माध्यम से उपस्थित ग्रामीणों के बीच मतदान करने को लेकर जागरुकता फैलायी गई। सभी को संदेश दिया गया कि सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र में 13 मई मतदान दिवस पर अवश्य मतदान करें। मतदान करना हम सबका मौलिक अधिकार है। सभी को जानकारी दी गई कि लोकतंत्र के इस महापर्व में डाले गए प्रत्येक वोट की गिनती होती है। आपका एक वोट लोकतंत्र को सुदृढ़ बनता है। ग्रामीणों को जिला अंतर्गत मतदान के लिए निर्धारित तिथि 13 मई के बारे में भी जानकारी दी गई।

अपील की गई कि सभी मतदाता इस दिन अपने-अपने मतदान केंद्र पर जाएं। अपने एक वोट से सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में अपना सहयोग दें। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नोवामुंडी सहित प्रखंड और अंचल के अन्य कर्मी के साथ साथ मतदाता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

मंडल कारा में जेल आदालत सह विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन

कैदियों को दी गई कानून की जानकारी

संवाददाता

लातेहार। झालसा के निर्देश और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के आदेश पर रविवार को जेल अदालत सह विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मो. अब्दुल नसीर और न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी राहुल कुमार शामिल हुए।

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मो. अब्दुल नसीर ने कैदियों को कानून के विभिन्न पहलुओं को बताया। बेल, वाद की प्रक्रिया, वादों का निपटारा, डीएलएसए के द्वारा दी जाने वाली सुविधा से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने कैदियों को उनके अधिकार और उन्हें मिलने वाली सरकारी सुविधाओं के बारे में भी बताया। कैदियों को प्लीड गील्टी, वन अधिनियम कानून एवं सुलहनीय वादों के बारे में विस्तार से बताया। कैदियों के मन में उठ रहे सवालों के जवाब भी दिये।

न्यायिक दंडाधिकारी राहुल कुमार ने कैदियों को उनके मौलिक अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में बताया। उन्होंने कैदियों को जेल से निकलने के बाद मुख्य धारा में लौटने की अपील की। छोटे-मोटे मुकदमें का निपटाना सुलाह समझौता के आधार पर कराने का सुझाव भी दिया।

अधिवक्ता दीपक कुमार ने बंदियों को एलएडीसी के माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बताया। कहा कि उन्हें किसी प्रकार का कानूनी सलाह व सुझाव चाहिए तो उनसे मिल सकते है।

कार्यक्रम में मंच संचालन एलएडीसी के अधिवक्ता राहुल कुमार ने किया। मौके पर प्रभारी जेलर प्रदीप मुंडा, डालसा सहायक सौरभ कुमार, पीएलवी राजकुमार सिंह सहित जेल के कर्मचारी एवं सैकडों कैदी मौजूद थे।

पुलिसिया ने 3 करोड़ से अधिक मूल्य का 2162 किलो डोडा किया बरामद

संवाददाता

चक्रधरपुर। डोडा तस्करों पर पुलिस ने बड़ी करवाई की। बंदगांव थाना क्षेत्र के बोरजो गांव से 3 करोड़ से अधिक मूल्य के 2162 किलो ग्राम डोडा बरामद किया। विगत दिनों 20 अप्रैल की रात गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की।

पुलिस को जानकारी मिली थी कि बंदगांव थाना अंतर्गत अवैध डोडा तस्करी करने के उद्देश्य इक्कठा किया गया है। इस सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए अधोहस्ताक्षरी के द्वारा सहायक पुलिस अधीक्षक-सह-अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, चक्रधरपुर के नेतृत्व में एक टीम गठित कि ?या गया। टीम ने 20 अप्रैल, 2024 की रात में सशस्त्र बलों के सहयोग से छापामारी कर बंदगांव थाना अंतर्गत बरजो गांव से 92 बोरा अवैध डोडा बरामद किया गया।

बरामद डोडारा का वजन 2162 किलो ग्राम है। इसका बाजार मूल्य लगभग 3 करोड़ 24 लाख 30 हजार रुपये है। इस सदर्भ में बंदगांव थाना में कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

ग्रिजली विद्यालय में मनायी गयी महावीर जयन्ती

संवाददाता

कोडरमा : श्रद्धा और उत्सव के माहौल के बीच, तिलैया डैम स्तिथ ग्रिजली विद्यालय में जैन समुदाय के प्रमुख संत भगवान महावीर की जयंती पूरे उत्साह के साथ मनाई गई। विद्यालय के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूवात भगवान महावीर जी के चित्र पर विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता, उप प्राचार्या अंजना कुमारी एवं शिक्षकों के द्वारा माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित कर की गयी। छात्रा प्रतीक्षा सिंह ने हिंदी भाषण एवं छात्र जीशान अंसारी ने अंग्रेजी में भाषण प्रस्तुत किया। वहीं छात्र समर्थ पांडेय एवं आदित्य कुमार सिंह ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से भगवान महावीर जी की जीवनी सबके सामने प्रस्तुत की। इस अवसर पर विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने अपने सम्बोधन में कहा की भगवान महावीर जी ने समाज सुधार और आत्मकल्याण हेतु कई उपदेश दिए है जो आज भी प्रासंगिक बने हुए है। वहीं विद्यालय की उप प्राचार्या अंजना कुमारी ने कहा कि हमें सदैव अहिंसा का पालन करते हुए सरल एवम सात्विक जीवन जीना चाहिए और सभी के प्रति सम्मान की भावना रखनी चाहिए। इस अवसर पर सीसीए संयोजक पंकज उपाध्याय, कार्यक्रम प्रभारी शिक्षक सौरव केशरी, शिक्षक अमरदीप पांडेय, विकाश कुमार एवं अन्य उपस्तिथ थे।

बुनियादी सुविधाओं से वंचित ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

संवाददाता

गुमला। बिशुनपुर प्रखंड के पूर्वी पठार क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन गांवों के चार बूथ के लोगों ने सड़क नही बनने के कारण रविवार को बैठक कर वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। मौके पर हाडूप रिसापाठ उप स्वास्थ्य केंद्र के समीप गांव के ग्राम प्रधान ननकू खरवार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जहां ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के 77 वर्ष बीत जाने के बाद आज भी प्रखंड के पूर्वी पठार क्षेत्र के लोग बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। इस संबंध में कई बार ग्रामीणों के द्वारा प्रखंड कार्यालय जिला कार्यालय एवं वन विभाग को ज्ञापन सौंप कर सड़क बनाएं जाने की मांग की गई है। लेकिन अब तक सड़क का निर्माण नहीं हो सका है, जिस कारण लोगों को प्रखंड मुख्यालय तक पहुंचने में काफी कठिनाई होती है। ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि सड़क नहीं होने के कारण जब कोई बीमार पड़ता है तो लोग उसे खाट पर उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर लाते हैं। तब तक कई लोगों की जान भी चली जाती है। खासकर गर्भवती महिलाओं को काफी परेशानियां झेलनी पड़ती है। इसके अलावा सड़क के अभाव में गांव के बच्चे भी स्कूल तक नहीं पहुंच पाते हैं और अधिकांश लोग गांव में अशिक्षित हैं। इन्हीं वजह से गांव के लोग इन दिनों काफी आक्रोशित हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हम कभी कांग्रेस को तो कभी बीजेपी को वोट देकर सरकार बनाने का काम करते आ रहे हैं। परंतु शायद हमारे द्वारा चुनी गई सरकार की नजरों में हम उनके जनता नहीं है। इसीलिए आज तक सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। यही वजह है कि ग्रामीण एकजुट होकर सर्वसम्मति से वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिए हैं। इस मौके पर रामलाल उरांव, राजबली भगत, पुराण भगत, बसंत उरांव, मंगरु खेरवार, बुद्धेश्वर उरांव, मंजू देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

नक्सलियों ने पोस्टरबाजी कर लोकसभा चुनाव का किया विरोध, इलाके में दहशत

आशीष कुमार वर्मा

चाईबासा। नक्सलियों ने पोस्टारबाजी का लोकसभा चुनाव का विरोध किया है। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर प्रखंड क्षेत्र के मनोहरपुर प्रखंड के जराइकेला थाना क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले पंचपाहिया- डोमलोई के बीच भाकपा मावादियों ने पेड़ो और स्थानीय दुकानदारों की दीवारों पर पोस्टर चिपकाया। वोट का बहिष्कार करने को कहा है। इससे इलाके में दहशत है। मालूम हो कि? चाईबासा पुलिस द्वारा लगातार क्षेत्र में नक्सलियों पर नकेल कसने के लिए सर्च अभियान चला रखा है। सर्च अभियान में लगातार पुलिस को सफलता भी मिल रही है। इससे नक्सली संगठन बैकफुट पर जाने को मजबूर हैं। उन्हें लगातार झटका लग रहा है। पश्चिम सिंहभूम जिले के अत्यंत नक्सल प्रभावित सारंडा, कोल्हान एवं पोड़ाहाट जंगल के सुदूरवर्ती गांव क्षेत्रों में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष लोकसभा चुनाव कराने के लिए उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर के नेतृत्व में पुलिस-प्रशासन ने युद्ध स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। इस चुनाव में नक्सली कोई घटना को अंजाम नहीं दे सकें, इसलिए विशेष कार्यनीति पर काम किया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र के तमाम ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की सड़कों पर स्थित पुल-पुलिया, जहां कच्ची सड़कें एवं पक्की सड़कों में गड्ढे हैं, उन सबकी जानकारी, जंगल रास्ते में नक्सलियों के संभावित एम्बुस प्वाइंट आदि की पूरी जानकारी जीआर के साथ रखी जा रही है। उसपर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

नक्सल प्रभावित क्षेत्र के गांवों व जंगलों में कौन-कौन बाहरी व संदिग्ध लोग आवागमन कर रहे हैं। उन सब पर नजर रखते हुये उनके बारे में जानकारी ली जा रही है। हालांकि सारंडा के कई बूथों पर पोलिंग पार्टी को हेलिकॉप्टर से एयर ड्रॉपिंग कराया जायेगा, ताकि नक्सली घटना को रोका जा सके। सारी तैयारियां निरंतर जारी हैं। सारंडा जंगल में पहले से ही अतिरिक्त सीआरपीएफ की कंपनियों को विभिन्न जंगल क्षेत्रों में स्थापित कर निरंतर सर्च अभियान चलाया जा रहा है। नक्सली पहले से ही विभिन्न क्षेत्रों में पोस्टरबाजी कर चुनाव बहिष्कार का एलान निरंतर कर रहे हैं। इसके बावजूद राजनीतिक दलों के नेता, कार्यकर्ता व मतदाताओं के पर इसका कोई असर देखने को नहीं मिल रहा है। सारंडा में पहले भी तमाम चुनावों में मतदाताओं ने वोट बहिष्कार का ऐलान के बावजूद जमकर मतदान किया था।

बोकारो स्टील को 250 एमवीए अतिरिक्त बिजली देगा डीवीसी

अधिकारियों ने एकरारनामे पर किया हस्ताक्षर

संवाददाता

बोकारो : भारतीय इस्पात प्राधिकार लिमिटेड (सेल) की इकाई बोकारो स्टील लिमिटेड (बीएसएल) को दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) 250 एमवीए की अतिरिक्त बिजली की आपूर्ति करेगा। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को बताया कि इस संबंध में डीवीसी और बीएसएल के बीच एक समझौता हो गया है। बोकारो स्टील सिटी में उनके बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया है। बता दें कि वर्तमान में डीवीसी बीएसएल (सेल) को 220 एमवीए बिजली की आपूर्ति करता है और एमओयू के अनुसार अतिरिक्त आपूर्ति 2027-28 से शुरू होगी। सूत्रों ने बताया कि उक्त समझौता बीएसएल के आसन्न विस्तार के कारण अतिरिक्त बिजली की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए किया गया है। डीवीसी विभिन्न प्रतिष्ठानों में स्थापित की जा रही अपनी आगामी ब्राउन फील्ड थर्मल पावर परियोजनाओं से बढ़ी हुई मांग को पूरा करेगा। डीवीसी की ओर से सदस्य (वित्त) अरूप सरकार, कार्यकारी निदेशक (वाणिज्यिक) संजीव श्रीवास्तव, ईडी (सिस्टम) डीके सिंह, ईडी (वित्त) जॉयदीप मुखर्जी इस अवसर पर उपस्थित थे, जबकि बीएसएल की ओर से ईडी (वर्क्स), ईडी (परियोजनाएं) और ईडी (वित्त) के अलावा दोनों पक्षों के उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

धनबाद में साढ़े आठ किलो गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

धनबाद। धनबाद की महुदा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर साढ़े आठ किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जबकि तस्कर सहयोगी मौके से फरार होने सफल रहा। इस संबंध में रविवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आनंद ज्योति मिंज ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी की शनिवार की देर रात दो तस्कर मोटरसाइकिल से गाजा की तस्करी के उद्देश्य से महुदा थाना की तरफ आ रहे है। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बाघमारा के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन कर कतरी नदी पर कपुरिया की तरफ से आने वाले सभी वाहनों का जाँच अभियान शुरू किया गया। इसी क्रम में एक बाईक कपुरिया की तरफ से आ रही थी, जिसे रुकने को कहा गया, लेकिन उक्त बाईक सवार बाईक छोड़कर भागने लगे। इस दौरान पुलिस जवानों की मदद से एक तस्कर को धरदबोचा गया। जिसका नाम गोरंगो रवानी है, जबकि उसका सहयोगी मौके से फरार होने में सफल रहा। गिरफ्तार तस्कर के पास से एक बैग में चार पीले प्लास्टिक में बंधा गांजा बरामद हुआ है, जिसका कुल वजन करीब 8.481 किलोग्राम है। फिलहाल इस मामले में महुदा थाना में मामला दर्ज कर फरार तस्कर की गिरफ़्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

एक ही रात चंद्रपुरा में तीन दुकानों और एक घर में हुई चोरी

संवाददाता



बोकारो : जिले के चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के महज 500 फीट की दूरी स्टेशन रोड चंद्रपुरा स्थित जगन्नाथ मंदिर के सामने चोरों ने तीन दुकान की एस्बेस्टस शीट को तोड़कर चोरी की घटना का अंजाम दिया। इसमें एक दुकान खाली थी। घटना बीती रात की बताई जा रही है। बर्तन दुकानदार ने बताया कि 14 हजार नकदी समेत 30 हजार मूल्य के कांसा और पीतल के बर्तन, दो कुकर, मिक्सर चोरी हुआ है। जबकि लक्ष्मी नारायण सिंघल की चावल-आटा की दुकान से करीब 10 हजार नकदी की चोरी हुई है। इसके अलावा निमिया मोड़ सुपर कॉलोनी में संदीप राम के घर में ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। वे सभी सपरिवार शनिवार की शाम एक शादी समारोह में गए थे। सुबह लोगों ने उसे चोरी घटना की जानकारी दी। इसकी सूचना पुलिस को दी गई है। इधर स्टेशन रोड स्थित चांदनी मार्केट में एक पान गुमटी की कुंडी कबाड़ दी। इंटर लॉक होने के कारण चोर गुमटी के अंदर नहीं घुस पाया। चंद्रपुरा राजाबेड़ा सड़क मार्ग स्थित प्रशांत बनर्जी के झोपड़ीनुमा दुकान में भी चोरी की घटना हुई है। विदित हो कि चंद्रपुरा में लगातार घट रही चोरी की वारदात से लोग दहशत में है। इस संबंध में थाना प्रभारी अमन कुमार ने कहा कि 1-2 दिन में चोरी की घटना का उद्भेदन कर दिया जाएगा।

बोकारो में जैन समाज के लोगों ने धूमधाम से मनाई महावीर जयंती

बच्चों ने गीत-संगीत व नाटिका की प्रस्तुति से किया मंत्रमुग्ध

▸ अपने सुख और दुख के जिम्मेदार हम स्वयं : समणी मधुर प्रज्ञा जी

संवाददाता

बोकारो : जैन मिलन केंद्र में भगवान महावीर की 2623 वीं जयंती रविवार को धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम विश्व शांति दूत आचार्य श्री महाश्रमण जी की विदुषी शिष्या समणी निर्देशिका मधुर प्रज्ञा जी, समणी शुभ प्रज्ञा जी, समणी मनन प्रज्ञा जी के सानिध्य में संपन्न हुई। जैन मिलन के अध्यक्ष संजय बैद ने समणीवृंद एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि भगवान महावीर के संदेश द्वारा ही हम मानवता की सेवा कर सकते हैं। बैद ने कहा कि आज महावीर की वाणी हमारे जीवन में सुख और समृद्धि ला सकती हैं। इसके पूर्व, अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। जैन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने भगवान महावीर के भजनों पर बहुत सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जैन समाज के बच्चों एवं महिलाओं ने भी प्रदूषण पर एक नाटिका का मंचन किया।

समणी निर्देशिका मधुर प्रज्ञा जी ने कहा कि भगवान महावीर की आराधना के साथ भगवान महावीर के संदेश को भी अपने जीवन में उतारना होगा, आत्मसात करना होगा। भगवान महावीर की कथनी और करनी में अंतर नहीं था। उन्होंने त्याग, तप और संयम का जीवन जिया।

इस अवसर पर जैन समाज के एवं जैन पब्लिक स्कूल के मेधावी बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर के सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुशील बैद ने किया। जैन मिलन के सचिव आलोक कुमार जैन ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए समणी जी एवं आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर संपत मल बैद, बिनोद चोपड़ा, मदनचंद चोरड़िया, श्याम सुंदर जैन, सुभाष जैन, अजय लुंकड, विपुल मेहता, प्रकाश कोठारी, मनीष जैन, संजय जैन, प्रवीण जैन, जयचंद बांठिया, विकास जैन, आकाश जैन, कमल जैन, अंकित जैन,केतन मेहता, बजरंग लाल चोरड़िया, अंकित चोपड़ा, चंदन बांठिया, आनंद कोठारी, पीयूष जैन, ध्रुव, जैन पब्लिक स्कूल के प्राचार्य मृत्युंजय सहाय सहित सभी शिक्षक, चास, बोकारो, झालदा एवं बंगाल स्थित जयपुर से आये जैन समाज के सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल का मना 34वां स्थापना दिवस

प्रगति में सभी का सामूहिक सहयोग जरूरी : हरिमोहन झा

संवाददाता

बोकारो : मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल में 34वां स्थापना दिवस अभ्युदय मनाया गया। मुख्य अतिथि बोकारो स्टील के मुख्य प्रबंधक (कार्मिक) हरि मोहन झा, विशिष्ट अतिथि बीपी बरनवाल, अविनाश कुमार झा, सचिव प्रमोद कुमार झा, चंदन, समरेन्द्र झा, राजेन्द्र कुमार, प्रदीप कुमार झा, अरुण कुमार पाठक, प्राचार्य अशोक कुमार पाठक एवं प्रदीप कुमार उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नृत्य के माध्यम से बच्चों ने शिव आराधना को दशार्या। स्थापना दिवस के उपलक्ष पर केक कटिंग कर विद्यालय की कामना की गई। विद्यालय के शिक्षकों ने समूह गान से सभी का मनमोहन लिया। विद्यालय की उपलब्धियां पी पीपीटी प्रेजेंटेशन के द्वारा दशार्या गया। नृत्य के माध्यम से श्रद्धा ने यह दशार्या कि आज के युग में लड़कियों को रोकना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है।

मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्यालय की प्रगति किसी एक का किया गया योगदान नहीं है, बल्कि संगठित रूप का स्वरूप है। विद्यालय की उन्नति में कड़ी मेहनत और समर्पण की भावना अति अनिवार्य है। सचिव प्रमोद कुमार झा चंदन ने कहा कि मेरा यह विश्वास है कि सफलता के शिखर तक पहुंचने में मिथिला अकेडमी से जुड़े प्रत्येक सदस्य का योगदान, सेवा और समर्पण का यह सफर अनवरत जारी रहेगा। वही विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यालय ही वह खास स्थान है जहां प्रभावी एसार्थक और आनंदमय शिक्षण प्राप्त होता है। मंच का संचालन सुरभि कुमारी एवं अस्मित कुमार झा ने किया।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनी महावीर जयंती

▸ मनुष्य जन्म से नहीं, कर्म से महान बनता है : अग्रवाल

संवाददाता

बोकारो : अवध बिहारी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जरीडीह बाजार के वंदना सभा में भगवान महावीर जी की जयंती रविवार को धूमधाम से मनाई गई।

इसका शुभारंभ सचिव समाजसेवी अनिल अग्रवाल व प्रधानाचार्य अजय पाठक ने भगवान महावीर के चित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं पुष्पार्चन कर किया। अतिथि का परिचय आचार्य सुभाष के द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य अजय पाठक ने बताया कि भगवान महावीर जैन धर्म के चौंबीसवें तीर्थंकर थे। भगवान महावीर का जन्म करीब ढाई हजार वर्ष पहले वैशाली गणराज्य के क्षत्रियकुंड वैशाली में अयोध्या इक्ष्वाकुवंशी क्षत्रिय परिवार हुआ था। 30 वर्ष की आयु में महावीर ने संसार से विरक्त होकर राज वैभव त्याग दिया और संन्यास धारण कर आत्मकल्याण के पथ पर निकल गये। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए समाजसेवी अनिल अग्रवाल ने कहा कि भगवान महावीर का अनेकांत का सिद्धांत जैन दर्शन को सर्वधर्मो में गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त करता है। उनके उपदेश हर काल में प्रासंगिक हैं। मनुष्य जन्म से नहीं, बल्कि अपने कर्म से महान बनता है। जियो और जीने दो, अहिंसा परमो धर्म जैसे अनेक परोपकारी संदेश सदैव जीवित रहेंगे। मौके पर सभी शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

टाटा स्टील को सर्वश्रेष्ठ प्रतिष्ठान का पुरस्कार

आदित्यपुर। टाटा स्टील लिमिटेड को 34वीं राष्ट्रीय सीआईआई कौशल प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रतिष्ठान का पुरस्कार मिला है। यह आयोजन 18 अप्रैल से 20 अप्रैल तक दिल्ली में हुआ था। टाटा स्टील से 52 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। इनमें से टाटा स्टील को कुल 38 पुरस्कार मिले।

चास में कलशयात्रा के साथ वार्षिकोत्सव शुरू

संवाददाता

बोकारो : चास की भोजपुर कॉलोनी स्थित चिन्मय मिशन में रविवार को भव्य कलशयात्रा के साथ श्रीरामदूत हनुमानजी का द्वितीय वार्षिकोत्सव शुरू हुआ। चिन्मय मिशन चास के आवासीय आचार्य स्वामी राघवानंद जी के मार्गदर्शन में 1001 कलशों के साथ चास गरगा मंदिर से चिन्मय मिशन भोजपुर कॉलोनी चास तक यात्रा निकली गई। इसमे चास बोकारो की 1001 माताओं-बहनों ने पूरे भक्तिभाव से भाग लिया। इस क्रम में चेकपोस्ट चास से लेकर चिन्मय मिशन भोजपुर कॉलोनी तक श्रीराम जी का जयकारा गूंजता रहा और वातावरण भक्तिमय बना रहा। विदित हो कि मिशन में 21 से 28 अप्रैल तक आठ-दिवसीय वार्षिकोत्सव मनाया जा रहा है। 22 अप्रैल से 27 अप्रैल तक संध्या 6.30 से 8 बजे तक ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस ज्ञान यज्ञ को चिन्मय मिशन कोलकाता से पधारे ब्रह्मचारी दिवाकर चैतन्यजी संगीतमय स्वरूप में अपनी मधुर वाणी से प्रवचन देंगे। साथ ही 22 से 24 अप्रैल तक प्रातः 9 बजे से हवन पूजन, 27 को रामलला की शोभायात्रा एवं 28 को भंडारा का आयोजन किया जाना है। स्वामी राघवानंद जी ने सभी भक्तों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर भक्ति सागर में डुबकी लगाकर अपने जीवन को सार्थकता की और अनुशासन के साथ आगे बढ़ाएं। कलशयात्रा के सफल आयोजन में स्वामी राघवानंद जी, सुनील कुमार तिवारी, ब्रजभूषण त्रिपाठी, सुरेंद्र मिश्रा, संदीप तिवारी, रामनाथ मिश्रा, ईश्वर दत्त त्रिवेदी, विनय कुमार मिश्रा, विष्णु कुमार मिश्रा, पंकज कुमार मिश्रा, देवेश त्रिपाठी, संजीव सिंह, मंतोष कुमार, पंकज कुमार सिंह, ध्रुव सिंह, रणविजय ओझा, मिथिलेश सिंह सहित चिन्मय युवा केन्द्र के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सखी-बहिनपा मैथिलानी समूह का सांस्कृतिक कार्यक्रम सह सम्मान समारोह आयोजित

संवाददाता

बोकारो : सखी बहिनपा मैथिलानी समूह की संस्थापक व अध्यक्ष आरती झा, महासचिव मनोरमा झा, सुनीता झा व उषा झा के बोकारो आगमन पर शनिवार की शाम सेक्टर 4 सिटी सेंटर स्थित रॉयल दरबार में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। सखी बहिनपा, बोकारो इकाई द्वारा आयोजित इस समारोह का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ आगत अतिथियों व बोकारो इकाई अध्यक्ष अमिता झा, सचिव उषा झा, उपसचिव नूतन झा, कोषाध्यक्ष संगीता मिश्रा व सुजाता झा, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी जयंती पाठक, मीडिया प्रभारी संजीता झा व रेखा झा, संगठन प्रभारी मुन्नी झा, कल्याणी मिश्रा आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। भगवती गीत ह्यजय भैरवि असुर भयावनि....ह्ल की प्रस्तुति के बाद सुजाता झा, जयंती पाठक, नूतन झा, उषा झा, मुन्नी झा व कंचन झा ने स्वागत गीत ह्यमंगलमय दिन आजु हे पाहुन छथि आयल....ह्ल की सुमधुर प्रस्तुति की। स्वागत भाषण सचिव उषा झा ने प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि सखी बहिनपा ग्लोबल संस्था है। इसकी इकाई भारत के विभिन्न शहरों सहित विदेशों में भी है। तत्पश्चात सखी बहिनपा की केन्द्रीय अध्यक्ष आरती झा सहित अन्य अतिथियों को मिथिला के परंपरानुसार उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया। सखी बहिनपा की अध्यक्ष आरती झा ने अपने संबोधन में संस्था के उद्देश्यों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि जिस परिवार में बड़ों को समुचित सम्मान व छोटे को स्नेह दिया जाता है वह परिवार खुशहाल रहता है। उसी तरह सखी बहिनपा समूह एक परिवार की तरह है, जहां सभी को उचित महत्व दिया जाता है। उन्होंने बोकारो इकाई की गतिविधियों की सराहना की और इसी तरह मिथिला की कला-संस्कृति के उत्थान सहित सामाजिक उत्थान के लिए कार्य करते रहने की प्रेरणा दी। महासचिव मनोरमा झा ने कहा कि संस्था प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित करती है। बोकारो इकाई कला संस्कृति के साथ ही सामाजिक क्षेत्र में भी अच्छा कार्य कर रही है।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में निशा झा ने ह्यकुंज भवन सं निकसलि रे रोकल गिरधारी....ह्ल गीत तथा जया मिश्रा ने ह्यकुहकल बसंत के भोरहि कोयलिया...ह्ल गीत पर सुंदर भावनृत्य की प्रस्तुति की। किरण मिश्रा, आशा झा, मधु ठाकुर, जयंती पाठक व बीणा झा ने भगवती गीत ह्यकहवां नहेली काली....ह्ल की सुंदर प्रस्तुति की। उषा झा, संगीता मिश्रा, नूतन झा, सुजाता झा, जयंती पाठक व संजीता भुवनेश ने पारंपरिक झिझिया नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति से सभी को आनंदित किया। अर्चना चौधरी, नीलम झा व शैलजा झा ने काव्यपाठ से सबकी वाहवाली ली। कार्यक्रम का समापन नीलम, जयंती, आशा झा व किरण मिश्रा द्वारा प्रस्तुत समदाओन गीत से हुआ। कला-संस्कृति, लेखन व सामाजिक योगदान के लिए अरुण पाठक को मिथिला पेंटिंग भेंटकर सम्मानित किया गया। सखी बहिनपा के आजीवन सदस्यों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन संगीता मिश्रा ने किया। इस अवसर पर डॉ मंजू झा, रंजना भगत, नंदा झा, इंदिरा झा, किरण झा, ममता झा, पद्मा चौधरी, मीरा मिश्रा, अलका झा, प्रीति प्रिया, आशा पाठक, ज्योति झा शारदा चौधरी आदि उपस्थित थीं।

संक्षिप्त

चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन

बोकारो थर्मल : बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी वेल्फेयर सेंटर में रविवार को बाबू वीर कुंवर सिंह समिति के द्वारा स्कूली बच्चों के लिए चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उदघाटन समिति के शशिशेखर एवं केपी सिंह ने संयुक्त रुप से किया। चित्रांकन प्रतियोगिता में डीवीसी जमा दो एवं मध्य विद्यालय, कार्मेल हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम स्कूल, केंद्रीय विद्यालय, इंडियन स्कूल आफ लर्निंग, वेटगे पब्लिक स्कूल, डीएवी कथरा, स्वांग, पिट्स मॉर्डन गोमिया के स्कूली बच्चों को शामिल किया गया। प्रतियोगिता को दो ग्रुपों वर्ग चतुर्थ से सप्तम तथा वर्ग अष्टम से बारहवीं तक को शामिल किया गया। प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में 45 तथा सीनियर वर्ग में 30 स्कूली बच्चे शामिल हुए। प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को 23 अप्रैल को बाबू वीर कुंवर सिंह पार्क में आयोजित 167वीं जयंती के मौके पर आयोजित समारोह में सम्मानित किया जाएगा। समारोह में स्कूली बच्चों के लिए भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया है, जिसमें उपरोक्त सभी स्कूलों के बच्चे भाग लेंगे। चित्रांकन प्रतियोगिता को सफल बनाने में समिति के सर्वदेव सिंह, आनंद प्रकाश मेहता, संजय सिंह, रामायण सिंह, संदीप कुमार सिंह, विभूति प्रसाद सिंह आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

विवाद के बाद चली गोली, दो घायल

जमशेदपुर। जमशेदपुर के कदमा थाना अंतर्गत रामनगर में शनिवार-रविवार देर रात 2।30 बजे विवाद के बाद गोली चली। इस घटना में स्थानीय निवासी जितेन प्रमाणिक और सूरज कर्मकार घायल हो गए। इधर, पुलिस ने रविवार सुबह दोनों को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया जहां दोनों का इलाज किया गया। जितेन के कंधे से गोली आर-पार हो गई जबकि सूरज के पैर में गोली लगी है। इधर, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। दरअसल, दोनों घायल सुबह घायल अवस्था में कदमा थाना पहुंचे और पुलिस को गोली चलने की जानकारी दी। दोनों ने पुलिस को दो खोखा और जिंदा गोली भी सौंपा। घायलों ने पुलिस को बताया कि वे लोग अपने परिवार के साथ पार्टी से वापस घर लौट रहे थे। रास्ते में स्कूटी सवार दो युवक पहुंचे और अचानक से फायरिंग कर दी। जिसमें दोनों घायल हो गए। इधर, पुलिस ने घटना स्थल की जांच शुरू कर दी है। मामले को लेकर सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि फायरिंग की सूचना मिली है, जिसके बाद दोनों से पूछताछ की जा रही है। दोनों बार-बार बयान बदल रहे है जिससे मामला संदिग्ध लग रहा है।

भाजपा नेताओं ने एनडीए के घटक दलों के साथ की बैठक

आदित्यपुर। रविवार को आदित्यपुर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की एक संयुक्त बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष उदय सिंहदेव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सभी दल के नेताओं ने निर्णय लिया कि सिंहभूम लोकसभा संसदीय सीट से राजग प्रत्याशी गीता कोड़ा को भारी मतों से जिताकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथो को मजबूत करेंगे। आज की बैठक में शामिल नेताओ ने यह भी निर्णय किया कि संयुक्त प्रचार अभियान चलाया जायेगा और जनसमर्थन मांगा जायेगा। दल के नेताओं ने कहा भाजपा प्रत्याशी की जीत निश्चित है, फिर भी हमे अपने प्रयास में कही कमी नहीं छोड़ना है। साथ ही निर्णय लिया गया की कल भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा के होने वाले नामांकन कार्यक्रम में सभी दलों के कार्यकर्ता ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होंगे। बैठक में सिंहभूम लोकसभा के प्रभारी डॉ दिनेशानंद गोश्वामी, आदित्यपुर के पूर्व मेयर बिनोद श्रीवास्तव, भाजपा नेता गणेश महाली, पूर्व डिप्टी मेयर बॉबी सिंह, आजसू नेता सचिन महतो, माकुड़ महतो, जदयू के कौशलेन्द्र कुमार, लोजपा के रंजीत तिवारी और मनोज पासवान शामिल थे।

आखिर क्यों धधक रही है पृथ्वी?

योगेश कुमार गोयल

अगर प्रकृति से खिलवाड़ कर पर्यावरण को क्षति पहुंचाकर हम स्वयं इन समस्याओं का कारण बने हैं और हम वाकई गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं को लेकर चिंतित हैं तो इन समस्याओं का निवारण भी हमें ही करना होगा ताकि हम प्रकृपि के प्रकोप का भाजन होने से बच सकें अन्यथा प्रकृति से जिस बड़े पैमाने पर खिलवाड़ हो रहा है, उसका खामियाजा समस्त मानव जाति को अपने विनाश से चुकाना पड़ेगा।

न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का निरन्तर बिगड़ता मिजाज गंभीर चिंता का सबब बना है। हालांकि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विगत वर्षों में दुनियाभर में दोहा, कोपेनहेगन, कानकुन इत्यादि बड़े-बड़े अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन होते रहे हैं किन्तु उसके बावजूद इस दिशा में अभी तक ठोस कदम उठते नहीं देखे गए हैं। दरअसल वास्तविकता यही है कि राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर प्रकृति के बिगड़ते मिजाज को लेकर चचाएं और चिंताएं तो बहुत होती हैं, तरह-तरह के संकल्प भी दोहराये जाते हैं किन्तु सुख-संसाधनों की अंधी चाहत, सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि, अनियंत्रित औद्योगिक विकास और रोजगार के अधिकाधिक अवसर पैदा करने के दबाव के चलते इस तरह की चचाएं और चिंताएं अर्थहीन होकर रह जाती हैं।

प्रकृति पिछले कुछ वर्षों से बार-बार भयानक आंधियों, तूफान और ओलावृष्टि के रूप में यह गंभीर संकेत दे रही है कि विकास के नाम पर हम प्रकृति से भयानक तरीके से जिस तरह का खिलवाड़ कर रहे हैं, उसके परिणामस्वरूप मौसम का मिजाज कब कहां किस कदर बदल जाए, कुछ भी भविष्यवाणी करना मुश्किल होता जा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते दुनियाभर में मौसम का मिजाज किस कदर बदल रहा है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि उत्तरी ध्रुव के तापमान में एक-दो नहीं बल्कि बड़ी बढ़ोतरी देखी गई। मौसम की प्रतिकूलता साल दर साल किस कदर बढ़ती जा रही है, यह इसी से समझा जा सकता है कि कहीं भयानक सूखा तो कहीं बेमौसम अत्यधिक वर्षा, कहीं जबरदस्त बर्फबारी तो कहीं कड़ाके की ठंड, कभी-कभार ठंड में गर्मी का अहसास तो कहीं तूफान और कहीं भयानक प्राकृतिक आपदाएं, ये सब प्रकृति के साथ हमारे खिलवाड़ के ही दुष्परिणाम हैं और हमें यह सचेत करने के लिए पर्याप्त हैं कि अगर हम इसी प्रकार प्रकृति के संसाधनों का बुरे तरीके से दोहन करते रहे तो हमारे भविष्य की तस्वीर कैसी होने वाली है।

हालांकि प्रकृति कभी समुद्री तूफान तो कभी भूकम्प, कभी सूखा तो कभी अकाल के रूप में अपना विकराल रूप दिखाकर हमें चेतावनी भी देती रही है किन्तु जलवायु परिवर्तन से निपटने के नाम पर वैश्विक चिंता व्यक्त करने से आगे हम शायद कुछ करना ही नहीं चाहते। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित पुस्तक ह्यप्रदूषण मुक्त सांसेंह्न के अनुसार हम यह समझना ही नहीं चाहते कि पहाड़ों का सीना चीरकर हरे-भरे जंगलों को तबाह कर हम जो कंक्रीट के जंगल विकसित कर रहे हैं, वह वास्तव में विकास नहीं बल्कि विकास के नाम पर हम अपने विनाश का ही मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। पहाड़ों में बढ़ती गर्माहट के चलते हमें अक्सर घने वनों में भयानक आग लगने की खबरें सुनने को मिलती रहती हैं। पहाड़ों की इसी गर्माहट का सीधा असर निचले मैदानी इलाकों पर पड़ता है, जहां का पारा अब हर वर्ष बढ़ता जा रहा है।

धरती का तापमान यदि इसी प्रकार साल दर साल बढ़ता रहा तो आने वाले वर्षों में हमें इसके बेहद गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा क्योंकि हमें यह बखूबी समझ लेना होगा कि जो प्रकृति हमें उपहार स्वरूप शुद्ध हवा, शुद्ध पानी, शुद्ध मिट्टी तथा ढ़ेरों जनोपयोगी चीजें दे रही है, अगर मानवीय क्रियाकलापों द्वारा पैदा किए जा रहे पर्यावरण संकट के चलते प्रकृति कुपित होती है तो उसे सब कुछ नष्ट कर डालने में पल भर की भी देर नहीं लगेगी। करीब दो दशक पहले देश के कई राज्यों में जहां अप्रैल माह में अधिकतम तापमान औसतन 32-33 डिग्री रहता था, अब वह 40 के पार रहने लगा है। मौसम विभाग का तो अनुमान है कि अगले तीन दशकों में इन राज्यों में तापमान में वृद्धि 5 डिग्री तक दर्ज की जा सकती है और इसी प्रकार तापमान बढ़ता रहा तो एक ओर जहां जंगलों में आग लगने की घटनाओं में बढ़ोतरी होगी, वहीं धरती का करीब 20-30 प्रतिशत हिस्सा सूखे की चपेट में आ जाएगा तथा एक चौथाई हिस्सा रेगिस्तान बन जाएगा, जिसके दायरे में भारत सहित दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य अमेरिका, दक्षिण आस्ट्रेलिया, दक्षिण यूरोप इत्यादि आएंगे।

सवाल यह है कि धरती का तापमान बढ़ते जाने के प्रमुख कारण क्या हैं? ह्यप्रदूषण मुक्त सांसेंह्न पुस्तक के मुताबिक इसका सबसे अहम कारण है ग्लोबल वार्मिंग, जो तमाम तरह की सुख-सुविधाएं व संसाधन जुटाने के लिए किए जाने वाले मानवीय क्रियाकलापों की ही देन है। पैट्रोल, डीजल से उत्पन्न होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड तथा ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि वातावरण में पहले की अपेक्षा 30 फीसदी ज्यादा कार्बन डाईऑक्साइड मौजूद है, जिसकी मौसम का मिजाज बिगाड़ने में अहम भूमिका है। पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं लेकिन पिछले कुछ दशकों में वन-क्षेत्रों को बड़े पैमाने पर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील किया जाता रहा है। एक और अहम कारण है बेतहाशा जनसंख्या वृद्धि। जहां 20वीं सदी में वैश्विक जनसंख्या करीब 1.7 अरब थी, अब बढ़कर 8 अरब से भी ज्यादा हो चुकी है। अब सोचने वाली बात यह है कि धरती का क्षेत्रफल तो उतना ही रहेगा, इसलिए कई गुना बढ़ी आबादी के रहने और उसकी जरूरतें पूरी करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का बड़े पैमाने पर दोहन किया जा रहा है, इससे पर्यावरण की सेहत पर जो जबरदस्त प्रहार हुआ है, उसी का परिणाम है कि धरती बुरी तरह धधक रही है। ब्रिटेन के प्रख्यात भौतिक शास्त्री स्टीफन हॉकिंग की इस टिप्पणी को कैसे नजरअंदाज किया जा सकता है कि यदि मानव जाति की जनसंख्या इसी कदर बढ़ती रही और ऊर्जा की खपत दिन-प्रतिदिन इसी प्रकार होती रही तो करीब 600 वर्षों बाद पृथ्वी आग का गोला बनकर रह जाएगी। धरती का तापमान बढ़ते जाने का ही दुष्परिणाम है कि ध्रुवीय क्षेत्रों में बर्फ पिघल रही है, जिससे समुद्रों का जलस्तर बढ़ने के कारण दुनिया के कई शहरों के जलमग्न होने की आशंका जताई जाने लगी है। बहरहाल, अगर प्रकृति से खिलवाड़ कर पर्यावरण को क्षति पहुंचाकर हम स्वयं इन समस्याओं का कारण बने हैं और हम वाकई गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं को लेकर चिंतित हैं तो इन समस्याओं का निवारण भी हमें ही करना होगा ताकि हम प्रकृपि के प्रकोप का भाजन होने से बच सकें अन्यथा प्रकृति से जिस बड़े पैमाने पर खिलवाड़ हो रहा है, उसका खामियाजा समस्त मानव जाति को अपने विनाश से चुकाना पड़ेगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार, पर्यावरण मामलों के जानकार तथा पर्यावरण पर बहुचर्चित पुस्तक ह्यप्रदूषण मुक्त सांसेंह्न के लेखक हैं)

संपादकीय

जनादेश की गारंटी

सर्वोच्च न्यायालय ने लोक सभा सभा के प्रथम चरण के मतदान से एक दिन पहले चुनावी मशीन की विसनीयता के बारे में यही कहा। एडीआर और अन्य की तरफ से जारी जनहित याचिकाओं पर दूसरे दिन सुनवाई करते हुए ईलेक्ट्रिक वोटिंग मशीन पर संदेह जताने को सही नहीं बताया। इस पर फैसला अभी आना है। पर इन टिप्पणियों से ईवीएम पर न्यायालय के रु ख का पता चलता है। स्वदेश निर्मित ईवीएम मशीन से चुनाव बीसवीं सदी के नौवें दशक से ही कराया जा रहा है। इसके पहले, 1982 में केरल की परवूर विधानसभा उपचुनाव में उसे कुछ बूथों पर आजमाया गया था। इसकी खामियों को दुरु स्त कर इसे प्रयोग-सक्षम बनाया गया। ईवीएम के जरिए यूपीए ने दो आम चुनाव जीते हैं और केंद्र में उनकी दो सरकारें बनी हैं। इसके पहले एनडीए की भी सरकार बनी है। विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव ईवीएम से ही हुए हैं। इसके बावजूद हारे हुए दल या गठबंधन हर आम चुनाव के वक्त ईवीएम को हटाने या उसे वीवीपीएटी से लैस करने की मांग चुनाव आयोग से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक करते रहे हैं। आयोग की तरफ से हर चुनाव के पहले उनके समक्ष ईवीएम के फूलप्रूफ डेमो के जरिए चिंताओं के निराकरण के बावजूद सवाल उठाते रहना एक रस्मी कवायद है। उनका आरोप होता है कि इसमें डाले गए वोट भाजपा को मिलते हैं। पहले के कुछ उदाहरण इसकी तस्दीक भी करते थे पर यह तो मशीनी गड़बड़ी हो सकती थी। अब तो इसमें पर्याप्त सुधार किया गया है। तभी तो सर्वोच्च न्यायालय ने चार करोड़ टेस्टेड डेटा पर अपना भरोसा जताया है। यह सही भी है। ऐसा नहीं होता तो यूपीए ही लगातार जीतता होता या एनडीए का राज बदस्तूर रहता। दलों को चुनावों में इतना पैसा और पसीना नहीं बहाना पड़ता। ईवीएम अपने आका को तश्तरी में नतीजे परोस देती। न्यायालय ने रस्मी याचियों से स्पष्ट कर दिया है कि बैलेट पेपर और बक्से की झीना-झपटी वाले प्रतिगामी चुनावी दौर में भारत जैसे महादेशइ को नहीं लौटाया जा सकता। यह जर्मनी नहीं है। अलबत्ता, इस मसले पर फिर उंगली न उठे इस लिहाजन हर वोट का हिसाब रखने के लिए ईवीएम को वीवीपीएटी के साथ जोड? पर विचार किया जा सकता है। अंतिम परिणाम में देरी के बावजूद। चुनाव बिल्कुल शुद्ध-पवित्र तरीके से होना चाहिए ताकि उसके जनादेश की गारंटीइ हो। सर्वोच्च अदालत की टिप्पणी में अवाम का मत है।

चिंतन-मनन

मृत्यु का अर्थ

मृत्यु एक शात सत्य है। यह अनुभूति प्रत्यक्ष प्रमाणित है, फिर भी इसके संबंध में कोई दर्शन नहीं है। अब तक जितने ऋषि-महर्षि या संत-महंत हुए हैं, उन्होंने जीवन दर्शन की चर्चा की है। जीवन के बारे में ऐसी अनेक दृष्टियां उपलब्ध हैं जिनसे जीवन को सही रूप में समझा जा सकता है और जिया जा सकता है। किंतु मृत्युक को एक अवश्यंभावी घटना मात्र मानकर उपेक्षित कर दिया गया। मृत्यु के पीछ भी कोई दर्शन है, इस रहस्य को अधिक लोग पकड़ ही नहीं पाए। यही कारण है कि जीवन दर्शन की भांति मृत्यु दर्शन जीवन में उपयोगी नहीं बन सका।

जैन दर्शन एक ऐसा दर्शन है जिसने जीवन को जितना महत्व दिया, उतना ही महत्व मृत्यु को दिया। बशत्रे कि वह कलात्मक हो। कलात्मक जीवन जीने वाला व्यक्ति जीवन की सब विसंगतियों के मध्य जीता हुआ भी उसका सार तत्व खींच लेता है। इसी प्रकार मृत्यु की कला समझने वाला व्यक्ति भी मृत्यु से भयभीत न होकर उसे चुनौती देता है। जैन दर्शन में इसका सवार्गीण विवेचन उपलब्ध है।

मृत्यु का अर्थ है- आयुष्य प्राण चुक जाने पर जीव का स्थूल शरीर से वियोग।इसके कई प्रकार हैं। उन सबका संक्षिप्त वर्गीकरण किया जाए तो मृत्यु के दो प्रकार होते हैं- बाल मरण और पंडित मरण. असंयम और असमाधिमय मरण बाल मरण है।अकाल मृत्यु, आत्महत्या, अज्ञान मरण आदि सभी प्रकार के मरण बाल मरण में अंतर्निहित हैं। संयम और समाधिमय मृत्यु पंडित मरण है। जीवन के अंतिम क्षणों में भी संयम और समाधि का स्पर्श हो जाए तो वह मरण पंडित मरण की गणना में आ जाता है। कुछ व्यक्ति मौत के नाम से ही घबराते हैं। वे जीवन को महत्व देते हैं। अपना-अपना चिंतन है। मुझे इस संबंध में अपने विचार देने हों तो मैं मृत्यु को वरीयता दूंगा। क्योंकि जीवन की सार्थकता भी मृत्यु पर ही निर्भर करती है। किसी व्यक्ति ने तपस्या की है और जागरुकता के साथ धर्म की आराधना की है, तो उसका फल समाधिमय मृत्यु ही है।

झूठ के हलफनामे और हलफनामों का झूठ

राकेश अचल

भारत के नेता कितना झूठ बोल सकते हैं ,इसकी कल्पना दुनिया का कोई मनोवैज्ञानिक,चिकित्स्क या वैज्ञानिक नहीं कर सकता । भारत के नेताओं की पोल उस वक्त खुलती है जब देश में चुनाव होते है। देश में इस समय लोकसभा के चुनाव चल रहे है। इन चुनावों में जो प्रत्याशी हैं उनके सम्पत्ति के बाबद दिए जा रहे हलफनामें देखकर हंसी आती है। लेकिन केंचुआ के पास ऐसी कोई दूरबीन नहीं है जो इन हलफनामों की जांच कर सके। इस मामले में सभी दलों के नेता एक से बढ़कर एक हैं।

लोकसभा चुनाव में भाजपा का नेतृत्व करने वाले देश के गृहमंत्री श्री अमित शाह के हलफनामे से ही बात शुरू करते हैं। गांधीनगर से भाजपा उम्मीदवार और गृह मंत्री अमित शाह के पास 20 करोड़ की चल और 16 करोड़ की अचल संपत्ति है लेकिन शाह के पास खुद की कार नहीं है। आयोग में दाखिल चुनावी हलफनामे के अनुसार, उनके पास 72 लाख के गहने हैं। इनमें उनके खरीदे हुए सिर्फ 8.76 लाख के हैं। पत्नी के पास सोने के 1620 ग्राम और हीरे के 63 कैरेट के गहने हैं।गृह मंत्री के पास 24,164 रुपये नकद, 42 लाख का लोन भी। शाह साहब करोड़पति होकर भी कार क्यों नहीं खरीद पाए ये एक रहस्य है। इसका उद्घाटन वे खुद कर सकते हैं या राम जी।

कहते हैं कि राजनीति में आने से पहले वे मनसा में प्लास्टिक के पाइप का पारिवारिक व्यवसाय संभालते थे। वे बहुत कम उम्र में ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ गए थे। 1982 में उनके अपने कॉलेज के दिनों में शाह की भेंट नरेंद्र मोदी से हुई। 1983 में वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े और इस तरह उनका छात्र जीवन में राजनीतिक रुझान बना।शाह साहब 1997 सेचुनाव लड़ रहे है। पहले वे विधायक हुआ करते थे,अब देश के गृहमंत्री है। उनका खानदानी पेशा दलाली [ब्रोकरेज] का है। शाह जी ने अब तक 5 विधानसभा चुनाव लाडे और जीत। लोकसभा का पहला चुनाव उन्होंने 2019 में लड़ा और जीते,जीते ही नहीं सीधे गृहमंत्री भी बनाये गए ,लेकिन बेचारे 27 साल में एक कार नहीं खरीद पाए।

अब आपको मै पूरे 543 नेताओं के हलफनामे तो दिखा नहीं सकता किन्तु जो दिलचस्प हैं उनकी बात अवश्य करता हूँ । अल्पसंख्यकों के नेता औबेसी का चुनावी हलफनामा औबेसी की सम्पत्ति का खुलासा करता है। चुनाव आयोग में भरे अपने हलफनामे में असदुद्दीन ओवैसी ने अपनी संपत्ति को लेकर खुलासा किया है. इसके मुताबिक उनके पास 2.80 करोड़ रुपए की चल संपत्ति हैं. इसमें कैश, सोना, बीमा जैसे चीजें शामिल हैं। ओवैसी की पत्नी के नाम पर 15.71लाख रुपए की चल संपत्ति दर्शाई गई है , जबकि उनके पास 16.01 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति भी है। 1994 से चुनावी राजनीति में सक्रिय औबेसी ओवैसी पर 7 करोड़ रुपए का लोन भी है। उन्होंने एक घर लोन पर लिया है जिसकी कीमत 3.85 करोड़ रुपए है।

सबसे दिलचस्प हलफनामा मध्य्प्रदेश के 18 साल मुख्यमंत्री रहे मामा शिवराज सिंह चौहान का है।विदिशा लोकसभा के बीजेपी प्रत्याशी नामांकन दाखिल करने वाले शिवराज सिंह चौहान ने चुनाव आयोग को दिए हलफनामे में बताया है कि उनके पास 1,24,85,475 रुपये की चल और 2,17,60,000 रुपये की अचल संपत्ति है. शिवराज की पत्नी साधना सिंह की संपत्ति भी 5 महीनों में 15 लाख रुपए बढ़ी है. अगर नकदी की बात करें तो शिवराज सिंह चौहान के पास कुल 2 लाख 5 हजार रुपये नकद हैं, वहीं उनकी पत्नी साधना सिंह के पास करीब 1 लाख 65 हजार रुपये नकद हैं. शिवराज सिंह चौहान के पास कोई कर्ज भार नहीं है, वहीं उनकी पत्नी साधना सिंह के ऊपर करीब 64 लाख रुपये का कर्ज है। मजे की बात ये की हमारे मामा के पास भी कोई कार नहीं है। मामा कार लेकर करते भी क्या? उन्होंने तो पूरे १८ साल सरकारी हवाई जहाज और हैलीकाप्टर को स्कूटर की तरह जोता था।

हमारे देश में गरीबी अभिशाप और अमीरी वरदान है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों के हलफनामे देखकर आप चौंक सकते है। लेकिन मै आपको अभी तक आये हलफनामों के आधार पर बता सकता हूँ कि सबसे अमीर और सबसे गरीब प्रत्याशी कौन रहा । केंचुआ के आंकड़ों के मुताबिक सबसे अमीर उम्मीदवार मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा से मौजूदा सांसद और कांग्रेस नेता नकुल नाथ हैं। वे मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे हैं और उनके पास 716 करोड़ रुपये की सम्पत्ति है। 2019 के लोकसभा चुनाव में नकुलनाथ मध्य प्रदेश से जीतने वाले इकलौते उम्मीदवार थे। दूसरी ओर, तमिलनाडु के थूथुकुडी से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे पोनराज के सबसे गरीब उम्मीदवार हैं, क्योंकि चुनावी हलफनामे के अनुसार, उनके पास सिर्फ 320 रुपये की संपत्ति है।

भारतीय लोकतंत्र की यही विशेषता है कि यहां गरीब से गरीब और अमीर से अमीर व्यक्ति चुनाव लड़ सकता है। लोग बेकार ही चुनाव लड़ने के लिए इलेक्टोरल बांड के फेर में पड़ते हैं। हमारे शहर ग्वालियर से चाय बेचने वाले एक सज्जन सिर्फ इसलिए लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं कि कहीं उन्हें भी मोदी जी की तरह कोई मौका मिल जाये। जाहिर है कि जितने भी प्रत्याशी हैं वे चुनाव आयोग की ही नहीं बल्कि देश की जनता की आँखों में धुल झौंकते हुए अपनी समपत्ति की जानकारी सार्वजनिक करते हैं। लेकिन इन हलफनामों की न किसी ने शिकायत की और न कभी किसी ईडी या किसी अदालत ने स्वयं संज्ञान लेकर इनकी जांच करने की जरूरत समझी। इस मामले में अज्ञानी रहने में ही समझदारी है। हमारे यहां झूठी हलफ उठाने की पुरानी रिवायत है । लोग चुनाव लड़ते हैं तो संविधान की हलफ उठाते हैं और जब पंचायतों में जाते हैं तो गंगाजल को हाथ में लेकर हलफ उठाते हैं ,लेकिन सच कभी नहीं बोलते। नेताओं का सच तो लाइ डिटेक्टर मशीन भी नहीं उगलवा पाती । हलफनामें केवल देने के लिए होते हैं और गंगाजल हलफ उठाने के लिए। अदालतों में पवित्र गीता के नाम पर हलफ उठाई जाती है। इसके पीछे भी यदि सरकार खोज कराये तो पाएगी कि किसी सनातनी का दिमाग होगा ,अन्यथा अदालतों में हलफ उठाने के लिए गीता के साथ ही रामायण,कुरान ,बाइबल और गुरु ग्रन्थ साहिब को भी सूची में शामिल न किया जाता।

वैश्विकी : संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन

डॉ. दिलीप चौबे

संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन की सदस्यता को लेकर रखा गया प्रस्ताव अमेरिका के वीटो के कारण पारित नहीं हो सका। प्रस्ताव के पक्ष में बारह मत पड़े और केवल अमेरिका ने इसके विरोध में वोट दिया। ब्रिटेन और स्विटजरलैंड ने मतदान में भाग नहीं लिया। जातीय एकजुटता के कारण ब्रिटेन अमेरिका का विरोध नहीं कर सकता लेकिन स्विटजरलैंड का रवैया विचारणीय है। स्विटजरलैंड आम तौर पर पूरी तरह तटस्थता का रवैया अपनाता रहा है, लेकिन फिलिस्तीन की सदस्यता पर उसका मौन रहना समझ से परे है। इससे यह पता लगता है कि यूक्रेन संघर्ष के बाद दुनिया में शांति की बजाय युद्ध की भावना बलवती हो रही है। अमेरिका के दबाव में जापान और स्केंडिनेवियाई देशों स्वीडन और नाव्रे जैसे देशों ने भी संघर्ष और युद्ध की मनोवृत्ति को अपनी विदेश नीति का मानो हिस्सा बना लिया है।

करीब पैंतीस हजार लोगों की मौत और लाखों लोगों के घायल होने के बावजूद अमेरिका मानवीय रवैया अपनाने की बजाय इजराइल के युद्ध प्रयासों का समर्थन कर रहा है। दो राज्यों (इजराइल और फिलिस्तीन) की स्थापना के पक्ष में बयानबाजी करने

के बावजूद यह जाहिर है कि अमेरिका का सत्ता प्रतिष्ठान इजराइल की ही तरह स्वतंत्र फिलिस्तीन के पक्ष में नहीं है। राष्ट्रपति चुनाव के दौर में मतदाताओं के दबाव में बाइडन प्रशासन फिलिस्तीन में मानवीय संकट को लेकर बयानबाजी अवश्य कर रहा है, लेकिन कोई ठोस कदम उठाने में दिलचस्पी नहीं रखता। अमेरिका में फिलिस्तीन के पक्ष में युवा वर्ग और छात्र समुदाय सड़कों पर उतरा है। लेकिन सत्ता प्रतिष्ठान इसे लगातार नजरअंदाज करता रहा है।

कुछ विश्लेषक आरोप लगाते हैं कि अमेरिका में 'यहूदी लॉबी' हावी है। कोई भी राष्ट्रपति इस लॉबी का विरोध नहीं कर सकता। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू स्वतंत्र फिलिस्तीन राज्य के पूरी तरह खिलाफ हैं। निकट भविष्य में कभी फिलिस्तीन पूर्ण एवं स्वतंत्र राज्य बन सकेगा, इसकी संभावना नहीं है। इस बीच, पश्चिम एशिया में संघर्ष के इस मुख्य मुद्दे का समाधान हो सकेगा, इसकी संभावना अभी नहीं है।

ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष ने पश्चिम एशिया के पूरे परिदृश्य को भयावह कर दिया है। चिंता की बात यह है कि अमेरिका में राजनीतिक नेतृत्व अब ईरान-रूस-चीन के शैतानी त्रिगुट की बात कर रहा है। इसमें उत्तर कोरिया को भी शामिल किया जा सकता है जिसके बाद यह शैतानी क्वाड बन जाएगा। एक क्षेत्रीय मुद्दा विश्व नेताओं की लापरवाही के कारण किस तरह विश्वव्यापी अशांति का कारण बन सकता है, इसका यह सटीक उदाहरण है। फिलहाल, ईरान और इजराइल के बीच अखाड़े में युद्ध का पहला राउंड खत्म हो गया है और दोनों पहलवान सुस्ताने की मुद्रा में हैं। पूरी संभावना है कि पूरे दम-खम के साथ वे फिर अखाड़े में उतरेंगे। विश्व समुदाय दर्शक गैलरी से तब तक तमाशा देखेगा जब तक कि यह भयावह खेल उनके लिए प्रत्यक्ष खतरा नहीं बनता।

हाल के महीनों में रूस ने इजराइल के खिलाफ तीखे तेवर अपनाए हैं। उसने इजराइल के विरुद्ध प्रतिबंध लगाने तक की मांग की है। वास्तव में रूस इजराइल से अधिक उसके पैरोकार अमेरिका को निशाना बना रहा है। भारत ने ईरान और इजराइल के संघर्ष में अपनी संतुलन की नीति को कायम रखा है। जिहादी आतंकवाद का सामना करने वाला भारत इजराइल का एक स्वाभाविक सहयोगी है, लेकिन साथ ही भारत ग्लोबल साउथ के अन्य देशों की तरह फिलिस्तीन का समर्थक भी है। ईरान के बारे में भी भारत इजराइल का साथ देने की स्थिति में नहीं है।

ईरान में इस्लामी क्रांति के बावजूद भारत और ईरान एक ही सभ्यागत भू-भाग के हिस्से हैं। सभ्यता और संस्कृति की दृष्टि से अरब देशों की तुलना में ईरान हमारे अधिक नजदीक है। साथ ही, मध्य एशिया और रूस तक संपर्क सुविधा के लिहाज से भी ईरान का केंद्रीय महत्त्व है। ईरान में चाबहार बंदरगाह का एक हिस्सा भारत संचालित करता है। अंतरराष्ट्रीय दक्षिण-उत्तर परिवहन गलियारा इसी बंदरगाह पर निर्भर है। अमेरिका यदि चाबहार बंदरगाह के संदर्भ में प्रतिबंध लगाता है, तो यह भारत के लिए बहुत चिंता की बात होगी।

लेखा संग अपने रिश्ते पर बोले इमरान

बॉलीवुड अभिनेता इमरान खान काफी लंबे समय से फिल्मों से दूर है। उनके चाहने वाले उन्हें बड़े पर्दे पर देखने के लिए तरस गए हैं। अभिनेता अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी काफी चर्चा में रहते हैं। इमरान अभिनेत्री लेखा वाशिंगटन को डेट कर रहे हैं। अब काफी दिनों के बाद अभिनेता ने अपने निजी रिश्ते पर खुलकर बात की है।

इमरान ने हाल ही में पुष्टि की है कि वह अभिनेत्री लेखा वाशिंगटन को डेट कर रहे हैं। इसके साथ ही अभिनेता उनके साथ अपने रिश्ते के बारे में खुलकर बात की है और बताया है कि एक कलाकार को डेट करना कैसा होता है। अपने हालिया साक्षात्कार में, अभिनेता ने खुलासा किया कि चूंकि वे दोनों फिल्म इंडस्ट्री से हैं, इसलिए उनकी बातचीत ज्यादातर फिल्मों के इर्द-गिर्द घूमती है। हालांकि, उनका यह भी मानना है कि एक ही इंडस्ट्री से आने वाले व्यक्ति के साथ रहने के अपने नुकसान हैं क्योंकि एक समय के बाद यह थका देने वाला हो जाता है क्योंकि बात करने के लिए और कुछ नहीं होता है।

इमरान ने स्वीकार किया कि जब दो कलाकार एक रिश्ते में होते हैं, तो वे एक-दूसरे के लिए पेशेवर बाउंसिंग बोर्ड बन जाते हैं। इमरान ने आगे कहा, फिल्मों के बारे में हमें चुप कराना मुश्किल है। मैं रुकता नहीं हूं। मैं हमेशा उनके साथ फिल्मों के बारे में बात करता रहता हूं और एक कलाकार होने के नाते वह हमेशा कुछ न कुछ विचार रखती हैं... इसलिए यह मजेदार और मनोरंजक है। खुद को फिल्मी कपल बताते हुए इमरान ने कहा, मैं कहूंगा यदि आप फिल्मी लोगों के साथ घूमने-फिरने में बहुत अधिक समय बिताते हैं, तो यह बहुत जल्दी थका देने वाला हो जाता है क्योंकि हम फिल्मों के अलावा किसी और चीज के बारे में बात नहीं करते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इमरान और लेखा ने मुंबई के बांद्रा में बॉलीवुड फिल्म निर्माता करण जौहर का अपार्टमेंट किराए पर लिया है और वे एक साथ रहने लगे हैं।

शाहरुख के साथ रोमांटिक फिल्म करना चाहती हैं विद्या बालन

बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन अपनी फिल्म दो और दो प्यार को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। बोल्ड और बेबाक अंदाज के लिए प्रसिद्ध विद्या बालन की फिल्मों का फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं। उनकी फिल्म दो और दो प्यार रिलीज हो गई है। यह एक रोमांटिक फिल्म है, जिसका निर्देशन शीर्ष गुहाल ठाकुरता ने किया है। इस फिल्म को लेकर विद्या लागातार इंटरव्यू दे रही हैं। इसी दौरान विद्या ने अपनी एक दिली इच्छा जाहिर की है।

विद्या बालन ने अपने करियर में कई तरह की फिल्में की हैं। हमेशा से ही उनका यही मकसद रहा है कि वह अपनी फिल्मों के जरिए फैंस को ज्यादा से ज्यादा एंटरटेनमेंट, एंटरटेनमेंट और एंटरटेनमेंट दे सकें। हो सकता है कि यही वजह है कि विद्या अब शाहरुख के साथ एक रोमांटिक फिल्म करना चाहती हैं, ताकि वह अपने फैंस को और भी एंटरटेन कर सकें। साल 2007 में आई विद्या की फिल्म हे बेबी में शाहरुख खान ने कैमियो किया था। शाहरुख इस फिल्म के गाने मस्त कलंदर में नजर आए थे। इस फिल्म में उनके साथ अक्षय कुमार, रितेश देशमुख और फरदीन खान नजर आए थे। हालांकि यह बात और कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई। लेकिन अब जबकि विद्या ने शाहरुख के साथ रोमांटिक फिल्म करने की इच्छा को जाहिर कर दिया है, ऐसे में देखना यह है कि इस पर शाहरुख का कोई रिएक्शन आता भी है या नहीं। विद्या बालन इन दिनों अपनी फिल्म दो और दो प्यार को लेकर काफी व्यस्त चल रही हैं। इसी फिल्म के लिए दिए हुए एक इंटरव्यू के दौरान जब विद्या से पूछा गया कि वह बॉलीवुड में किस अभिनेता के साथ काम करना चाहती हैं तो उन्होंने कहा, मेरा किरदार शाहरुख खान के साथ फिल्म ओम शांति ओम में बहुत ही कम समय के लिए था, लेकिन मैं शाहरुख के साथ एक अच्छी लव स्टोरी में काम करना चाहती हूं। हाल ही में एक और इंटरव्यू में विद्या ने कहा था कि वह कॉमेडी फिल्म करना चाहती हैं। इसपर विद्या ने कहा, बतौर अभिनेत्री में मुझे कभी कॉमेडी फिल्म करने का मौका नहीं मिला, लेकिन मैं करना चाहती हूं।

एक बार फिर खिसकी मेट्रो इन दिनों की रिलीज की तारीख

भूषण कुमार और निर्देशक अनुराग बसु की अगली फिल्म मेट्रो इन दिनों का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, लेकिन फिल्म की रिलीज के लिए उन्हें काफी इंतजार करना पड़ रहा है। कुछ समय पहले ही निर्माताओं ने फिल्म की नई रिलीज की तारीख का खुलासा किया था, लेकिन एक बार फिर इसकी रिलीज आगे खिसक चुकी है। अब निर्माताओं ने फिल्म की नई रिलीज की तारीख से पर्दा उठाया है। अब यह फिल्म इस साल नवंबर में दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। अनुराग बसु दिल को छू लेने वाली कहानियां पर्दे पर लाने के लिए जाने जाते हैं। एक बार फिर वे ऐसी ही कहानियां आगामी एंथोलॉजी फिल्म मेट्रो...इन दिनों के जरिए दर्शकों के सामने लाने के लिए तैयार हैं। निर्माताओं ने आज शुक्रवार को फिल्म की नई रिलीज की तारीख की घोषणा की। अनुराग बसु द्वारा निर्देशित यह फिल्म अब 29 नवंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इससे पहले घोषणा की गई थी कि यह फिल्म 29 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। हालांकि, फिल्म की रिलीज की तारीख को आगे खिसकाया गया और इसे 13 सितंबर 2024 को रिलीज करने की योजना बनाई गई। वहीं अब आखिरकार यह फिल्म इस साल 29 नवंबर को दस्तक देगी। मेट्रो...इन दिनों आदित्य रॉय कपूर और अनुराग बसु का दूसरा सहयोग है। दोनों ने पहली बार लूडो में साथ काम किया था।

मैं और कैटरीना आज भी ज्यादा से ज्यादा समय एक साथ बिताते हैं

बॉलीवुड एक्टर विक्की कौशल ने वेलेंटाइन डे पर अपनी पत्नी कैटरीना कैफ के साथ बिताए पलों को याद किया। उन्होंने कहा कि जब वह डेटिंग कर रहे थे तो उनका लक्ष्य एक-दूसरे के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताना रहता था। विक्की अपने भाई सनी कौशल के साथ द ग्रेट इंडियन कपिल शो के मंच पर नजर आए। मेजबान कपिल शर्मा ने शादी से पहले और बाद में वेलेंटाइन डे की योजना के बारे में बात की। जिस पर विक्की ने शेयर किया कि शादी से पहले, हमारा लक्ष्य एक साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताना था। शादी के बाद भी वही स्थिति है कि हमें एक-दूसरे के साथ अधिकतम समय बिताना है। विक्की से सहमति जताते हुए कपिल ने टिप्पणी की, मैं सहमत हूं। मेरे लिए वैलेंटाइन डे हर रोज है। अपने मजाकिया अंदाज से सनी को चिढ़ाते हुए, कपिल ने कहा, क्या आप मानते हैं कि वेलेंटाइन डे हर रोज होता है या यह केवल 14 फरवरी को होता है। सनी और शारवरी वाघ कथित तौर पर एक कथित तौर पर रिश्ते में हैं। यह एपिसोड नेटफ्लिक्स पर शनिवार रात 8 बजे प्रसारित होने वाला है।

प्लास्टिक सर्जरी की अफवाहों पर राजकुमार राव ने चुप्पी तोड़ी

राजकुमार राव इन दिनों अपनी आगामी फिल्म श्रीकांत-आ रहा है सबकी आंखें खोलने को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी बीच अभिनेता, दिलजीत दोसांझ के हालिया कॉन्सर्ट से वायरल अपनी एक तस्वीर को लेकर भी सुर्खियों में घिर गए हैं। तस्वीर के सामने आते ही सोशल मीडिया पर चर्चा छिड़ गई कि राजकुमार राव ने प्लास्टिक सर्जरी कराई है। हालांकि, अब खुद अभिनेता ने अफवाहों पर चुप्पी तोड़ी है और फाइटर में खलनायक ऋषभ साहनी के साथ तुलना किए जाने पर भी प्रतिक्रिया देते नजर आए हैं। एक इंटरव्यू में, राजकुमार ने कहा कि उन्हें यह बहस बहुत मजेदार लगी। अभिनेता ने कहा, अगर आपने वह तस्वीर देखी है तो वह मेरी तरह बिल्कुल भी नहीं लग रही है। यह वाकई एक बहुत बड़ा मजाक था क्योंकि इसमें मैं नहीं हूं। मुझे लगता है किसी ने प्रैंक किया है। मैं यकीन से कहता हूं कि इस तस्वीर के साथ किसी ने छेड़खानी की है। ये तस्वीर नकली है। राजकुमार यहीं नहीं रुके और अपनी बात में जोड़ा, लोग प्लास्टिक सर्जरी जैसे बड़े शब्दों का इस्तेमाल कर रहे थे, लेकिन मैंने ऐसा नहीं किया है। हालांकि, जब मैंने इंडस्ट्री में शुरुआत की थी, तो लोग मेरे लुक्स पर कमेंट करते थे, तो 8-9 साल पहले, मैंने फिलर्स करवाया था। मैंने बेहतर दिखने और महसूस करने के लिए ऐसा किया था। जिससे मेरा चेहरा सही संतुलित नजर आए। और ये मैंने स्किन के डॉक्टर से सलाह के बाद किया था। मेरा मानना है कि अगर कोई ऐसा आत्मविश्वास पाने के लिए करना चाहता है तो क्यों नहीं, इसमें कोई बुराई नहीं है। अभिनेता ने वायरल तस्वीर को लेकर हो रही ट्रोलिंग पर कहा, उट्रोल्स का कोई असर नहीं पड़ा क्योंकि ये प्रैंक है। मैं जानता हूं कि ये नकली है। इसके अलावा ऐसे ट्रोल भी हैं, जो सिर्फ ध्यान खींचने के लिए ऐसा करते हैं। मुझे लगता है कि ये सबसे दुखद बात है, जो कोई भी ऐसा करता है। सितारों को अच्छा दिखने के लिए हमेशा दबाव का सामना करना पड़ता है, लेकिन उनके लिए हमेशा काम ही प्राथमिकता रहती है। राजकुमार राव ने अपनी वायरल तस्वीर की तुलना फाइटर (2024) के विलेन ऋषभ साहनी से किए जाने पर कहा, मुझे यह बहस बहुत मजेदार लगी, मैंने उस वायरल फोटो को भी देखा। वह छवि इतनी साफ-सुथरी दिखती है सच है, मेरी त्वचा उस तरह की बेदाग नहीं है। मुझे सच में विश्वास है कि मैं एक के पॉप स्टार की तरह दिखने लगा हूं।

ये भ्रम है कि सिनेमा कमाल नहीं कर पा रहा और ओटीटी धमाल मचा रहा है

करीब 30 साल से भी ज्यादा वक्त से ऐक्टिंग इंडस्ट्री में सक्रिय मनोज बाजपेयी वक्त के साथ लगातार गाढ़े होते गए। पढ़ने-लिखने के शौक के साथ वह खुद भी एक जिम्मेदार व्यक्ति हैं। इसी वजह से दूसरे अपेक्षाएं रखें या ना रखें, लेकिन वह खुद से बहुत अपेक्षाएं रखते हैं। विलेन हो या हीरो, उन्होंने अपनी अदाकारी से हर किरदार को पर्दे पर घोलकर साकार किया है। इन दिनों उन्हें गुत्थियां सुलझाते हुए भी खूब देखा जा रहा है। अब मनोज बाजपेयी जल्द ही फिल्म साइलेंस-2 में एसीपी अविनाश के रूप में फिर से नई गुत्थी सुलझाते दिखेंगे।

मेरा सपना पहाड़ों पर रहने का है

मैं 30 साल से ज्यादा वक्त से फिल्म इंडस्ट्री में हूं। अब मैं चीजें सीख-सीखकर बहुत गाढ़ा हो गया हूं। मुझे पढ़ाई-लिखाई का शौक है। गाढ़े होने की वजह से ही मैं जितना हो सके बेहतर निकालने की कोशिश करता हूं। अभिनय के साथ मुझे ज्ञान जुटाने का शौक है। मगर पहाड़ों पर घर का सपना बुनने का इससे कोई लेना देना नहीं। हां, कोरोना काल में पहाड़ों पर काफी रहना हुआ। आठ महीने वहां रहा था। उस वक्त वहीं शूटिंग चल रही थी, जिसे रोक दिया गया था।

रंगमंच को मिले सरकार का सपोर्ट

रंगमंच पूरे तरीके से लोगों तक तभी पहुंच पाएगा, जब सरकार का सपोर्ट होगा। जगह-जगह पर कलाकारों को उस तरह की सुविधाएं दी जाएं कि वह शहर या राज्य के अलग-अलग कोनों पर जाकर सरकार की मदद से लगातार परफॉर्मे?स दें। ऐसी सांस्कृतिक गतिविधियां हर राज्य के कोने-कोने में होनी चाहिए, जहां पर ना सिर्फ थिएटर बल्कि वहां की लोक संस्कृतियां और लोक संगीत सब पनपे। ये सब थिएटर के एक्सटेंड वर्जन हैं। सरकार इसमें आगे आए तो रंगमंच का हर रंग जगह बिखरेगा।

मशहूर लोगों की बायॉपिक याद रहती है

बायॉपिक के सवाल पर मनोज बाजपेयी कहते हैं, देखिए, मैंने भी की है लेकिन अफसोसजनक है कि सबको मशहूर लोगों की बायॉपिक ही याद रहती है या उसकी वो बात करते हैं। मैंने फिल्म अलीगढ़ की थी, जिसे बहुत नाम व सम्मान मिला। वह फिल्म किसी प्रफेसर की निजी जिंदगी की कहानी थी। उसको भी मैं बायॉपिक ही बोलता हूं। मेरे लिए जरूरी है कि किरदार मुझे उत्साहित कर रहा या चुनौती दे रहा है कि नहीं। मैं उन किरदारों को नहीं छोड़ता जो ये कहे कि अगर नहीं किया तो अभिनेता का जीवन असफल रह जाएगा। अगर आगे भी किसी की बायॉपिक मिलती है तो मैं उसे करने के लिए तैयार हूं।

कहना गलत है कि सिनेमा कमाल नहीं कर पा रहा

यह कहना पूरी तरह से गलत होगा कि सिनेमा कमाल नहीं कर पा रहा और ओटीटी धमाल मचा रहा है। यह सिर्फ एक भ्रम है, जो लोगों के जेहन में उतर गया है। बहुत सारा ओटीटी का कॉन्टेंट, जिसमें फिल्में व सीरीज आती हैं, वे अच्छा नहीं भी कर पाती हैं। वैसे ही, थिएटर सिनेमा है। उसे बस जरा सा समय चाहिए। थिएटर को कोरोना की ऐसी बुरी मार पड़ी है कि लोग तो आ रहे लेकिन कुछेक चुनिंदा फिल्मों के लिए। हालांकि, अब उन्होंने फिर से जाना शुरू कर दिया है। मेरे खयाल से अगले एक साल में पूरा दर्शक समुदाए फिर से थिएटर की ओर लौट आएगा। बशर्ते, अगर कोई अनहोनी घटना नहीं घटती है तो।

मैं खुद से बहुत अपेक्षाएं रखता हूं

अभिनेता के अतिरिक्त, मैं खुद में बहुत जिम्मेदार व्यक्ति हूं। मैं खुद से बहुत सी अपेक्षाएं रखता हूं इसलिए दर्शक मुझसे क्या उम्मीद रखते, इस तरह का बाहरी दबाव लेने की मुझे जरूरत नहीं पड़ती। मैं अपनी अपेक्षाओं और ऐक्टर की जिम्मेदारी से स्वयं में इतना दब जाता हूं कि पूरे समय उसके साथ ही न्याय करता रहता हूं। मुझे ऐक्टिंग में मजा आता है। बाहर से प्रेशर लेकर मैं काम नहीं कर पाऊंगा। जो प्रेशर है, वो भीतर से है। वही लेकर मैं पैदा हुआ हूं। बिना किसी समझौते के अच्छा काम करने की ख्वाहिश और उसे अंजाम तक लेकर जाना मेरी नस-नस में है।

पीएम मोदी ने देश से परिवारवाद, तुष्टीकरण व जातिवादी समाप्त करने का काम किया : शाह

कटिहार। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कटिहार में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी देश से परिवारवाद, तुष्टीकरण और जातिवादी समाप्त करने का काम किया है। राजेन्द्र स्टेडियम में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के साथ बिहार को भी विकसित करने का काम किया। केन्द्र में 2014 से 2024 तक दस साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार को 09 लाख 80 हजार करोड़ रुपये प्रदेश के विकास के लिए देने का काम किया। इसके अलावे मोदी ने 04 लाख करोड़ रुपये सड़क और पूल, एक लाख करोड़ रुपये रेलवे के विकास के लिए, दो हजार करोड़ रुपये एयरपोर्ट के उत्थान के लिए देने का काम किया। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 करोड़ से ज्यादा घरों में शौचालय, 04 हजार करोड़ पक्का घर गरीब को दिया, 10 लाख

महिलाओं को धुंआ से मुक्ति के लिए उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन, 14 हजार घरों में नल का जल सहित कई जनहित में लोगों के लिए बीते 10 साल में काम किया। जबकि 2014 से पहले 10 साल में कांग्रेस और लालू की सरकार ने बिहार को मात्र 02 लाख 80 हजार करोड़ रुपये दिया। गृहमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में से परिवारवाद, तुष्टीकरण और जातिवादी समाप्त करने का काम किया। जबकि आज लालू और कांग्रेस पार्टी एक होकर भाजपा और नीतीश कुमार के खिलाफ चुनाव लड़कर बिहार में जंगलराज दुबारा लाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि लालू के लालटेन और कांग्रेस की पंजा के साथ खड़ा होने वाले देश में दंगा, अत्याचार, अन्याय, गरीबी और भुखमरी लाना चाहती है। जबकि भाजपा का कमल और जदयू के तीर की सरकार बिहार को आगे बढ़ाते हुए खुशहाली लाने का काम कर रही है। अमित शाह ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए कटिहार लोकसभा सीट से जदयू प्रत्याशी दुलालचंद गोस्वामी सहित बिहार की सभी 40 सीटों पर एनडीए प्रत्याशी को वोट देकर विजयी बनावे।

कांग्रेस ने आजादी की लड़ाई लड़ी लेकिन आज एक परिवार के लोगों का कांग्रेस पर कब्जा है: नीतीश

किशनगंज। सीएम नीतीश कुमार ने जिले के ठाकुरगंज के गांधी मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए राजद और कांग्रेस को परिवारवादी पार्टी बताते हुए जमकर निशाना साधा। सीएम नीतीश कुमार जेडीयू उम्मीदवार मुजाहिद आलम के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने रविवार को यहां पहुंचे थे। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले पत्नी को बनाया फिर बेटा को बनाया और अब बेटी को बना रहे है सिर्फ इन्हे परिवार की चिंता है। वहीं कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने आजादी की लड़ाई लड़ी लेकिन आज एक परिवार के लोगो का कांग्रेस पर कब्जा है जिसकी वजह से कांग्रेस पार्टी खत्म होता चला जा रहा है। सीएम ने कहा की नरेन्द्र मोदी और मेरा कोई परिवार नही है। हम दोनो का परिवार आप लोग है।

उन्होंने मुस्लिम समाज से अपील करते हुए कहा कि पहले मदरसा की स्थिति क्या थी और आज क्या है। हम लोगों ने बहुत काम किया है क्या आप लोग हमे भूल जायेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि राजद के राज में प्रजनन दर 4.3% था जिसके बाद जब हमने लड़कियों को पढ़ाना शुरू किया तब प्रजनन दर 2.9% हुआ। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं सरकार की उपलब्धियों से लोगो को अवगत करवाते हुए जेडीयू उम्मीदवार मुजाहिद आलम को वोट देने की अपील की। मौके पर बिहार सरकार में मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल, मो. जमा खान, विजय चौधरी, सैयद शहनवाज हुसैन, नौशाद आलम, मुजाहिद आलम, गोपाल अग्रवाल, सिकंदर सिंह सहित अन्य नेता मौजूद थे।

सीपीआइएम ने जारी की सीताराम येचुरी व वृंदा करात समेत 40 स्टार प्रचारकों की सूची

पटना। सीपीआइएम के राज्य सचिव ललन चौधरी ने बिहार राज्य कमेटी की ओर से लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 40 स्टार प्रचारक की सूची जारी कर दी है। रविवार को जारी स्टार प्रचारकों की सूची में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सीताराम येचुरी, पोलित ब्यूरो सदस्य बृंदा करात, अशोक धावले, सुभाषिनी अली, केंद्रीय कमेटी के सदस्य बीजू कृष्णन, एआर सिंधु, राज्य सचिव ललन चौधरी, केंद्रीय कमेटी के सदस्य अवधेश कुमार,

राज्य सचिव मंडल सदस्य सर्वोदय शर्मा, अरुण मिश्रा, राजेंद्र सिंह, विनोद कुमार, विधायक अजय कुमार, महिला नेत्री रामपरी, प्रभु राज नारायण राव, अहमद अली, श्याम भारती, भोला दिवाकर, विधायक डॉ सत्येंद्र यादव, रणधीर यादव, रामाश्रय महतो, मनोज सुनील, रामदयाल भारती, नीलम देवी, रत्नेश झा, कुमार विनीताभ, मनोरंजन सिंह, राजीव सिंह, चांदसी यादव, राजमंगल प्रसाद, मनोज कुमार चंद्रवंशी आदि शामिल हैं।

एक बेटा क्रिकेट में पानी ढोता था, तो दूसरा पत्नी पर अत्याचार : सम्राट चौधरी

नाथनगर (भागलपुर)। प्रखंड क्षेत्र के गौराचौकी पंचायत स्थित गोड्डी बहादुरपुर दुर्गामंदिर के पास मैदान में लोकसभा चुनाव में सांसद प्रत्याशी अजय मंडल के समर्थन में सभा आयोजित हुई। इस सभा में बिहार के डिप्टी सीएम व भाजपा के कुशवाहा समाज के बड़े नेता सम्राट चौधरी और पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी पहुंचे। सम्राट चौधरी ने राजद और लालू परिवार पर हमला बोलते हुए कहा कि लालू जी सावन में मटन खाते हैं। उनके पुत्र हेलीकॉप्टर पर नवरात्रि में मछली खाते हैं। लालू जी आरक्षण की बात करते हैं पर उन्होंने आरक्षण किसको और कब दिया है। उन्होंने सिर्फ अपने परिवार को राजनीति में आरक्षण दिया है। पहले पत्नी को सीएम बनाया। फिर उनका बेटा जो क्रिकेट में पानी ढोता था, उन्हें डिप्टी सीएम बनाया। एक बेटा अपनी पत्नी पर अत्याचार करता था। उसे भी रिजर्वेशन दिया। बेटियों को भी राजनीति मे उंतारा। एक बेटी को सिंगापुर से लाकर चुनाव लड़वा रहे हैं। वह उनकी टूरिस्ट बेटी है। सम्राट चौधरी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार विकास कर रही है। अब नल जल योजना की तरह घर-घर पाइप से गैस पहुंचायी जायेगी। 2025 की विधानसभा चुनाव में जाने से पहले बिहार के सभी कच्चे मकान को पक्का किया जायेगा।

पेज एक का शेष

रांची में विपक्ष...

प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया है कि जेएमएम उलगुलान की आड़ में भाजपा प्रत्याशियों को चुनाव प्रचार से रोकने तथा निशाना बनाने की बड़ी साजिश रची जा रही है। चर्चा यह भी है कि जरूरत पड़ने पर तीर से भी हमला करवाया जा सकता है।

शिबू सोरेन के साथ मंच पर पहुंचीं कल्पना : शिबू सोरेन, बसंत सोरेन और कल्पना सोरेन मंच पर पहुंच गए है। वहीं, यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव, बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, पंजाब के सीएम भगवंत मान, आप नेता संजय सिंह और शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी मंच पर मौजूद है।

शक्ति प्रदर्शन नहीं, संविधान को बचाने का संकल्प: मान

पंजाब के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता भगवंत मान ने कहा कि यह राजनीतिक रैली नहींशक्ति प्रदर्शन भी नहींसंविधान, लोकतंत्र को बचाने को संकल्प लेने को आये हैं। सुनीता और कल्पना के पति जेल में हैं। उनका कसूर क्या था। वे बेरोजगारी मिटाना चाहते थे। महिलाओं को मुफ्त में सफर, बिजली देने की बात करते थे। अरविंद केजरीवाल और हेमन्त सोरेन की खाली कुर्सियां ही भाजपा की कुर्सियां खाली करायेंगी। भाजपा समझती है कि जेल में आवाज डाल कर आवाज दबा देंगे। छह महीने बाद संजय सिंह को ईडी ने कहा कि कोई सबूत नहीं है। ऐसे ही हेमंत सोरेन को कहेंगे।

भाजपा को भगाना है, देश को बचाना है: तेजस्वी यादव

बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और लालू प्रसाद यादव के बेटे तेजस्वी याद ने कहा कि झारखंड ने मूड बना लिया है, भाजपा को भगाना है, देश को बचाना है। भाजपा को भगाओ, देश का संविधान, लोकतंत्र बचाओ। मोदी की बात नहीं करने आये हैं। पढ़ाई-दवाई की बात करने आये हैं। पूरे देश में तानाशाही चल रही है, उसे कुचलना है। यहां केजरीवाल और हेमन्त की एक-एक सीट खाली है। जनता मालिक है। दोनों को न्याय दिलाना है। तेजस्वी ने कहा कि झारखंड और दिल्ली में इतना अच्छा काम चल रहा था, मोदी को पचा नहीं। ईडी, आईटी और सीबीआई को लगा दिया। जेल में डाला गया। पूर्व में मेरे पिता को भी जेल में डाला। उनके ऊपर भी केस लगाया गया। इन्हें नहीं पता, हम क्या डरेंगे। देश को बदहाल किया है। इसका बदला लेना है केन्द्र सरकार से।

पूरा देश झारखंड के साथ लड़ाई में खड़ा : संजय सिंह

आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने कहा कि देश में अलग-अलग जगहों पर भाजपा की दुकान समेटी जा रही है। बिहार के अंदर भाजपा की दुकान को बंद करने का जिम्मा तेजस्वी यादव ने लिया है। प्रियंका चतुर्वेदी का गठबंधन महाराष्ट्र में भाजपा को हटाने में लगा है। बिरसा की धरती से मोदी को संदेश दे रहा कि भाजपा जमानत जब्त कराने को तैयार है। हमारे सबसे बड़े नेता अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसौदिया, हेमन्त सोरेन को जेल में रखा है। पूरा देश झारखंड के साथ लड़ाई में खड़ा है।

भाजपा ने शेर को गिरफ्तार किया है, दहाड़ को नहीं: अखिलेश

समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव ने कहा कि यहां के एलान हो रहा है कि जो लोग 2014 में आये थे, वे 2024 में यहां से हटाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा लगातार नारा लगा रही है कि इस बार 400 से ज्यादा सीटें जीतेंगे। अखिलेश ने कहा कि ये घबराये हुए लोग हैं। ये हार चुके हैं। हार चुके लोग अन्याय लेकर आये हैं। जब मैदान में पहलवान हारने लगता है, तो हर हथकंडे अपनाता है। कभी-कभी नोंचता-काटता भी है। साथ ही, कहा कि भाजपा ने शेर को गिरफ्तार किया है, लेकिन दहाड़ को नहीं। इनके पास जनता को बताने के लिए कुछ नहीं है। किसानों से कहा था कि सत्ता में आयेंगे, तो किसानों की आय दोगुनी कर देंगे।

मैं चीनी या पाकिस्तानी नहीं, भारतीय मुसलमान हूं : फारूक

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि वह मुसलमान हैं, लेकिन चीनी या पाकिस्तानी मुसलमान नहीं हैं। वह हिन्दुस्तानी मुसलमान हैं। भारत के मुसलमान हैं। भारत में अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग भाषा बोलनेवाले लोग रहते हैं। यही हमारे लोकतंत्र की खूबसूरती है। हम सबको एक उम्मीद ने जोड़ रखा है कि यदि हमें आगे बढ़ना है, भारत को आगे बढ़ना है, तो हम सबको मिल कर रहना होगा। उन्होंने कहा कि राम पूरे विश्व के राम हैं। हरेक के राम हैं।

अब लोकतंत्र को बचाने का वक्त आ गया : विवेक गुप्ता

टीएमसी के पूर्व सांसद विवेक गुप्ता ने कहा कि वह इंडिया अलायंस में गर्व के साथ शामिल हुए हैं। अरविंद और हेमन्त का चेयर रैली में खाली है। केन्द्र चाहे जितना जोर लगा ले, दोनों नेताओं की वापसी होगी। सावित्री नाम की महिला पति को यमराज से वापस ले आयी थी। यहां सुनीता और कल्पना के साथ तो उनके समर्थक भी हैं। अब लोकतंत्र को बचाने का वक्त आ गया है। एक-एक वोट, भाजपा को चोट, यह मैसेज सब जगह जाये।

ईडी-सीबीआई विपक्ष का गला घोंटने में लगी : प्रियंका

शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) की प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि उद्धव ठाकरे महाराष्ट्र में चुनाव के मौसम में व्यस्त हैं। उन्होंने संदेश दिया है कि हमारी दो बहनें दिल्ली और झारखंड की हैं। उनके लिए आवाज उठाओ। ईडी, सीबीआई विपक्षी आवाज का गला घोंटने में लगी हैं। झूठी सरकार के खिलाफ बोलनेवालों के खिलाफ एक्शन हो रहा है। वर्ष 2014 से अब तक एक भी वादे मोदी ने पूरे नहीं किये। हम आने वाली पीढ़ी के लिए लड़ाई लड़ते रहेंगे और जो-जो ईडी, सीबीआई का दुरुपयोग कर रहे हैं, उन सबको सबक सिखायेंगे।

झारखंड को फंसाने की भाजपा की साजिश : दीपांकर

माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि झारखंड को फंसाने की भाजपा की जो साजिश है, वह नयी नहीं, पुरानी है। अलग राज्य बनने के बाद से ही ऐसा हो रहा है। आरएसएस-भाजपा का वश चलता, तो इस राज्य का नाम वनांचल कर देते। नाम नहीं बिगाड़ पाये, लेकिन काम बिगाड़ने की कोशिश जारी है। नया राज्य बनने के बाद डोरंडा में ईद के मौके पर गोली चलती है। उन्होंने कहा कि 400 पार के गुब्बारे की हवा लोगों ने पहले चरण में ही निकाल दी है। इंडिया गठबंधन की सरकार अब सब बनायेंगे। लोगों की सबसे बड़ी चिंता बेरोजगारी और महंगाई है।

कांग्रेस ने रांची...

पार्टी ने इस बार सुबोधकांत सहाय की बेटी यशस्विनी सहाय को टिकट दिया। इससे पहले कांग्रेस ने हजारीबाग, लोहरदगा और खूंटी से अपना उम्मीदवार घोषित किया था। पार्टी ने खूंटी से कालीचरण मुंडा, लोहरदगा से सुखदेव भगत और हजारीबाग सीट से जेपी पटेल को उम्मीदवार बनाया है। जेपी पटेल भाजपा से कांग्रेस में शामिल हुए थे। वह झामुमो के दिग्गज नेता रहे टेकलाल महतो के पुत्र हैं।

दीपिका पांडेय सिंह को टिकट मिलने का हो रहा था विरोध: दीपिका पांडेय सिंह को टिकट मिलने के बाद से ही गोड्डा की राजनीति गर्म हो गयी थी। विधायक प्रदीप यादव और पूर्व सांसद फुरकान अंसारी के समर्थक विरोध में उतर चुके थे। जिसके बाद कांग्रेस आलाकमान ने आज गोड्डा सीट से अपना प्रत्याशी बदल दिया।

उलगुलान रैली में...

हालांकि सभा स्थल पर तैनात प्रशासनिक पदाधिकारियों और पुलिसबलों के हस्तक्षेप के बाद दोनों खेमे के कार्यकर्ताओं को शांत कराया गया, तब जाकर दोबारा रैली में नेताओं का संबोधन शुरू हो पाया। बताया गया कि केएन त्रिपाठी को कांग्रेस ने चतरा से अपना उम्मीदवार घोषित किया है, जिसका विरोध किया जा रहा था।

केएन त्रिपाठी के भाई ने थाना में दिया लिखित आवेदन : पुलिस का कहना है कि केएन त्रिपाठी के भाई गोपाल ने धुर्वा थाना में लिखित शिकायत की है। गोपाल ने मारपीट करने का आरोप लगाया है। एसएसपी चंदन सिन्हा का कहना है कि मारपीट की घटना हुई है। इस मामले में केस होगा। पुलिस पूरे मामले की जांच करेगी और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

गुलाम जम्मू कश्मीर...

रक्षा मंत्री ने कहा कि कांग्रेस समेत तमाम विरोधियों का घोषणापत्र देख लीजिए। वे क्या कहते हैं और क्या चाहते हैं स्पष्ट ही नहीं है। भाजपा जो कहती है, वह करती है।

रक्षा क्षेत्र में भारत हुआ है आत्म-निर्भर : अनुच्छेद 370, तीन तलाक, राम मंदिर और नागरिकता संशोधन कानून जैसे हर प्रमुख वादे को मोदी सरकार ने पूरा किया है। सीएए को लेकर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समेत तमाम विरोधी नेता जनता को गुमराह कर रहे हैं। यह कानून किसी की नागरिकता छीनने वाला नहीं, बल्कि धार्मिक उत्पीड़न के बाद भारत में शरण लेने वाले लोगों को नागरिकता देने वाला है। रक्षा के क्षेत्र में भी भारत आत्म-निर्भर हुआ है।

खराब मौसम की वजह से दार्जिलिंग में नहीं उतर सके अमित शाह : रविवार को खराब मौसम के कारण केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दार्जिलिंग में चुनावी रैली को संबोधित नहीं कर पाए। उन्हें दार्जिलिंग के गोरखा मैदान में सुबह 11 बजे भाजपा उम्मीदवार राजू बिष्ट के समर्थन में जनसभा को संबोधित करना था। खराब मौसम होने के कारण गृह मंत्री के हेलीकॉप्टर को बागडोगरा से उड़ान भरने की इजाजत नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने मोबाइल के जरिए दार्जिलिंग की जनता तक अपना संदेश पहुंचाया।

कांग्रेस का घोषणा...

कांग्रेस की दुकान में हमेशा भय, भूख और भ्रष्टाचार ही बिकता है। उन्होंने कहा कि हमारा दस साल का ट्रैक रिकॉर्ड गवाह है। ये काम सिर्फ और सिर्फ भाजपा ही कर सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा ही है, जिसने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया। अब भाजपा ने ऐलान किया है कि अगले साल भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को जनजातीय गौरव अभियान के रूप में पूरे वर्ष भर हिंदुस्तान के हर कोने में मनाया जाएगा। जब मैं ये बातें बताता हूं तो कांग्रेस वालों के पेट में दर्द शुरू हो जाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वागड़ इलाके को भी सड़क, रेल और दूसरी कनेक्टिविटी से हमेशा वंचित रखा। आपको ऐसी सुविधाएं देना मोदी की गारंटी है। हमने डूंगरपुर-रतलाम रेल लाइन को वाया बांसवाड़ा से जोड़ने का काम शुरू करवाया। इस काम को भी कांग्रेस ने बरसों तक लटका रखा था। बांसवाड़ा में पावर प्लांट भी बन रहा है। चार जून के बाद ऐसे हर काम को तेजी से पूरा किया जाएगा। हमें विकसित भारत बनाने के लिए बहुत कुछ करना है।

संविधान बदलना...

चुनाव के समय जनता दो मुद्दों को अपने मन में रखे। पहला कि देश भर में क्या हो रहा है। देश की राजनीति कैसे चल रही है। आगे चलकर देश का क्या होगा, भविष्य क्या होगा। आप जो दिन रात मेहनत कर रहे हैं, उसकी कोई सुनवाई है या नहीं। उन्होंने कहा कि मैं दोनों मुद्दों के बारे में यह बताना चाहूंगी। आप लोगों के जीवन का संघर्ष है आप से ज्यादा इसे कोई नहीं समझता। महंगाई बहुत ज्यादा बढ़ चुकी है। महंगाई पिछले 10 सालों में हद से ज्यादा बढ़ी है। ये आपकी सबसे बड़ी समस्या है। बेरोजगारी 45 सालों में देश में सबसे ज्यादा हो चुकी है। बेरोजगारी इतनी बढ़ गयी है कि आप अपने बच्चों को कितना भी पढायें लेकिन आपको यह गारंटी नहीं मिल सकती कि पढ़ने लिखने के बावजूद रोजगार मिलेगा कि नहीं। उन्होंने कहा कि किसानों की बहुत समस्याएं हैं, किसान महंगाई से जूझ रहा है। आज किसान जितने भी खेती के सामान इस्तेमाल करते हैं सब में जीएसटी है सब महंगे हो गये है। पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ गये हैं तो किसान खेती में भी नही कमा पा रहा हैं ये जो आपकी समस्याएं हैं उनको हल करने की कोशिश कांग्रेस की सरकार ने की थी। जब छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार थी धान को 2500 रुपये में खरीदा जा रहा था। किसानों का कर्जा माफ किया था। भूमिहीनों का सालाना सात हजार मिलते थे। छत्तीसगढ़ में नई सरकार बनने के बाद चावल में कटौती किया गया। बेरोजगारी भत्ता बंद कर दिया गया। जो भूमिहीनों को पैसा मिलता था वह भी बंद हो गया। केंद्र की भाजपा सरकार जनता को कोई सुविधा नहीं दे पा रही है। कांग्रेस की सरकारों ने लोगों की संस्कृति की रक्षा की। जल, जंगल, जमीन पर सबका अधिकार है। संविधान हमारे अधिकार की रक्षा करता है। भाजपा के कुछ नेता कह रहे कि 400 सीट मिल जाये तो हम संविधान को बदलेंगे और मंच पर बड़े नेता आते है तो कहते है हम संविधान को नहीं बदलेंगे तो जनता क्या सोचे। यह भाजपा की साजिश है। भाजपा लोगों के अधिकारों को कमजोर करना चाहती है। यही अधिकार, आदिवासियों के संस्कृति को बचाकर रखा है। मोदी उद्योगपतियों का कर्जा माफ करते हैं पर किसानों का कर्जा माफ नहीं करते। किसान आंदोलन करते हैं तो उन पर कानून लगा देते हैं, जिससे किसान पिसेगा ओर बड़े-बड़े उद्योगपतियों का फायदा होता है। देश की बिजली, सड़के, हवाई अड्डे यह सब दो बड़े उद्योगपतियों को सौंप दिये गये हैं। सरकार तो सिर्फ उद्योगपतियों के लिये है। कांग्रेस ने जो गारंटी दी है वह सब पूरी होगी। इसलिये आप अपने वोट को सोच समझ कर डालिए अपने वोट को अपनी ताकत बनाइये और इस देश में बदलाव लाइये।

संक्षिप्त

विदाई के समय दूल्हे की कार जनमासा में घुसी दूल्हे के मौसेरे भाई व दुल्हन के मामा की मौत

करायपरसुराय (नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र की मखदुमपुर पंचायत के अंतर्गत क्षेत्र छितरबिगहा में शादी समारोह के दौरान दूल्हे की कार अनियंत्रित होने से दूल्हे के मौसेरे भाई व दुल्हन के मामा की मौत हो गयी, जबकि दो लोग घायल हो गये। फतुहा थाना क्षेत्र के बांकीपुर मछरियावा निवासी रमेश सिंह के पुत्र मिथलेश कुमार की बरात प्रखंड कराय क्षेत्र छितरबिगहा गांव निवासी कुलदीप सिंह के यहां आयी थी। रविवार की सुबह विदाई की प्रक्रिया चल रही थी। इस दौरान दूल्हे की कार अनियंत्रित हो गयी और सामियाने में जा घुसी। इस दौरान कई लोग जख्मी हो गये, जिनमें दो लोगों को पटना ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गयी।

यात्रियों से भरी बस का ब्रेक हुआ फेल, कई चोटिल

बरबीघा (शेखपुरा)। बरबीघा से बाढ़ के लिए 100 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से जा रही यात्रियों से भरी बस का दरवे गांव के पास अचानक ब्रेक फेल हो गया। यात्रियों के बीच अफरा-तफरी मच गयी। इस दौरान जान बचाने के लिए खिड़की से कूदने के चक्कर में एक बच्ची गंभीर रूप से घायल भी हो गयी। ड्राइवर ने बस को रोकने के लिए सड़क किनारे रखे गिट्टी के ढेर पर भी चढ़ाया लेकिन बस नही रुकी।

नदियां सूखीं, पटवन व अंतिम संस्कार में दिक्कत

रामनगर (पचं)। सोमेश्वर और शिवालिक पहाड़ियों से निकली रामनगर प्रखंड की लगभग दो दर्जन नदियों का पानी सूख गया है। शहर की नदियों में नाले का काला पानी भरा है। इससे केवल उसका नामोनिशान शेष है। नदियों के सूखने का सीधा असर अधिकांश फसलों पर पड़ा है। नतीजतन पटवन की समस्या बढ़ गयी है। मसान, सिंगहा, ढोंगही, हरहा, धमिन्हा, सुखौडा, रामरेखा, बलोर समेत अधिकांश नदियों का जलस्तर न के बराबर रह गया है। इसकी मार से सीधे आमजन के साथ किसान मुख्य रूप से जूझ रहे हैं। लोगों को अंतिम संस्कार में दिक्कत हो रही है।

रोड रोलर में दब कर बच्चे की मौत

बिस्फी (मधुबनी)। प्रखंड क्षेत्र के सिमरी पश्चिमी टोल में सड़क निर्माण कंपनी के रोड रोलर से नवीन यादव के 6 वर्षीय पुत्र की मौत हो गई। घटना शनिवार की देर शाम की बतायी जा रही है। बच्चा सड़क किनारे खेल रहा था। इसी क्रम में चालक की लापरवाही के कारण बच्चा रोलर के चक्के में दब गया। इससे बच्चे की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। चालक एवं सड़क निर्माण कंपनी के लोग फरार बताए जा रहे हैं।

दूल्हा-दुल्हन की कार नदी में गिरी, तीन घायल

ओबरा (औरंगाबाद)। थाना क्षेत्र के चपरी गांव के समीप अदरी नदी पुल पर एक बड़ी घटना होते-होते बची। शादी संपन्न होने के बाद दुल्हन को लेकर लौट रहे दूल्हे की कार अनियंत्रित होकर पुल से नीचे नदी में जा गिर। गनीमत रही कि नदी में पानी नहीं थी। हालांकि, दूल्हा-दुल्हन सहित तीन लोग घायल हो गये। आसपास के लोगों के सहयोग से सभी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

चोरी के आरोप में युवक को पीट-पीट कर मार डाला

परिहार (सीतामढ़ी)। थाना क्षेत्र के (झपहा) मसहा गांव में शनिवार को देर रात चोरी के आरोप में एक युवक को पीट-पीटकर मार डाला गया। बताया गया है कि चोरी करने आए युवक को ग्रामीणों ने रंगेहाथ पकड़ लिया। फिर उसकी जमकर पिटाई कर दी। इससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सीतामढ़ी भेज दिया है। उसकी पहचान थाना क्षेत्र के ही बराही गांव निवासी रामकृपाल साह के पुत्र अंकित कुमार के रूप में हुई है। अंकित के पास से पुलिस ने करीब आधा दर्जन चोरी का मोबाइल बरामद किया है। ग्रामीणों की पिटाई से युवक की मौत मामले में पुलिस तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

आग से 125 से अधिक घर राख, कई मवेशी मरे

बगहा। बगहा के विभिन्न प्रखंडों में रविवार को भी आग ने कहर बरपाया। अगलगी में 125 से अधिक घर जल गये। चार एकड़ गेहूं की खड़ी फसल राख हो गयी। आधा दर्जन से अधिक मवेशी भी झुलस गये हैं। चार बकरियों के साथ दर्जनों मुर्गियां भी जल गयीं। पीड़ितों ने बताया कि लपटें इतनी तेज थी कि लोग किसी तरह अपने बच्चों के साथ जान बचा कर दूर भागे। सूचना पर पहुंचे बीडीओ कुमुद कुमार ने बताया कि आग बुझाने के बाद पीड़ितों का सही आकलन हो पायेगा।

ट्रक ने बच्चे को रौंदा, चार घंटे जाम रही सड़क

शिवहर। जिले के तरियानी थाने के शिवहर टू मुजफ्फरपुर पथ पर रविवार को सुबह 9 बजे के करीब तेज गति से आ रहे ट्रक ने 9 साल के बच्चे को रौंद दिया। घटनास्थल पर ही बच्चे की मौत हो गई। चालक ट्रक को लेकर तरियानी की ओर भाग गया। घटना के बाद सैकड़ों आक्रोशित ग्रामीणों ने करीब चार घंटे तक सड़क जाम रखी। घटना स्थल पर पुलिस बल पहुंचकर लोगों को समझा- बुझा कर मामले को शांत कराया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

वकीलों को पेंशन, मेडिक्लेम व इंश्योरेंस की मिलेगी सुविधा

संवाददाता, पटना

राज्य के सवा लाख से अधिक अधिवक्ताओं को अब पेंशन, मेडिक्लेम और इंश्योरेंस का लाभ मिलेगा। इसे लेकर रविवार को राज्य के अधिवक्ता संघों ने एक बैठक में मॉडल रूल में संशोधन के तहत ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इस बैठक का आयोजन एलएन मिश्रा इंस्टीट्यूट के सभागार में हुआ। इसमें बिहार स्टेट बार काउंसिल और राज्यभर के अधिवक्ता संघों के अध्यक्ष व महासचिव शामिल थे।

इस निर्णय के तहत राज्य की अदालतों के लिए लोगों को पैरवी फर्म 15 रुपये और वकालतनामा 40 रुपये में अधिवक्ता संघ से खरीदना होगा। अधिवक्ता संघ इस राशि को कोष के रूप में इकट्ठा करेगा। इसी राशि से वकीलों को पेंशन, मेडिक्लेम और इंश्योरेंस के लाभ का प्रीमियम जमा होगा। इंश्योरेंस में अधिवक्ताओं के परिजनों को भी शामिल किए जाने की योजना बनाई जायेगी। अभी राज्य के 80% अधिवक्ता संघों में किसी भी तरह की कल्याणकारी योजना या मॉडल रूल लागू नहीं है।

योजना की निगरानी के लिए बनेगी कमेटी : बार काउंसिल की इस नयी योजना की निगरानी के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया जायेगा। बैठक में वर्ष में तीन बार राज्य के अधिवक्ता संघों के प्रतिनिधियों को बैठक के लिए आमंत्रित करने का भी निर्णय लिया गया है। खास बात यह है कि बिहार बार काउंसिल के इस कल्याणकारी योजना के तहत प्रत्येक अधिवक्ता संघ जिसने अपनी कल्याणकारी योजना लागू की हैं, वह पहले की भांति लागू रहेगी। उसमें किसी तरह का कोई बदलाव नहीं किया गया है।

पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में एक नक्सली को पुलिस ने ढेर कर दिया है। छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ अलग-अलग मुठभेड़ों में इस साल अब तक 80 नक्सली मारे जा चुके हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के केशकुतुल गांव के पास एक जंगल में कई नक्सलियों के होने की सूचना मिली। सुबह करीब साढ़े पांच बजे गोलीबारी शुरु होगी। जब डीआरजी की एक टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। उन्होंने कहा कि रायपुर से लगभग 400 किलोमीटर दूर स्थित केशकुतुल-केशमुंडी जंगलों में नक्सलियों के डिवीजन सप्लाई टीम कमांडर कवासी पंडारू और 15-20 अन्य कैडरों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर ऑपरेशन शुरू किया गया था। दोनों और से गोलीबारी शुरु हुई जिसमें एक नक्सली को मार गिराया। अधिकारी ने बताया कि गोलीबारी रुकने के बाद घटनास्थल से एक नक्सली का शव, एक हथियार और विस्फोटक बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान अभी भी जारी है। इस मुठभेड़ से पहले सुकमा में दो इनामी समेत तीन नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर किया था। आत्मसमर्पण करने वालों में एक महिला नक्सली भी है जो पूर्व में एसजेडसीएम बारसे देवा की गार्ड रही है। समर्पण करने वालों में एक लाख का इनामी डीएकेएमएस अध्यक्ष कवासी हुंगा, नुप्पो भीमा मिलिशिया डिप्टी कमांडर शामिल है।

हार्वेस्टर पलटने से चार लोगों की मौत, परिजनों को मिली चार-चार लाख की सहायता

जबलपुर। जिले की कुंडम तहसील में ग्राम बदुआ से कुंडम की ओर आ रहा एक हार्वेस्टर रविवार की सुबह करणपुरा गाँव के पुल पर पलट गया। हार्वेस्टर में चार व्यक्ति सवार थे। इनमें से दुर्घटना में तीन व्यक्तियों की मौके पर ही तथा चौथे व्यक्ति की मेडिकल कॉलेज जबलपुर में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने बताया कि दुर्घटना में मृत चारों व्यक्तियों के परिजनों को राज्य शासन द्वारा चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। मृतकों में अजय सिंह (उम्र 25 वर्ष) पुत्र सुखवीर सिंह निवासी श्यामगढ करनाल हरियाणा, पप्पू सिंह उम्र 25 वर्ष निवासी श्यामगढ, करनाल हरियाणा, खूब सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी एवं सुखवीर सिंह (उम्र 50 वर्ष) पुत्र चतरा सिंह निवासी श्यामगढ करनाल शामिल है। सुखवीर सिंह का प्राथमिक उपचार कुंडम में करने बाद जबलपुर मेडिकल कालेज रैफर किया गया था जहाँ तमाम प्रयासों के बाद उन्हें बचाया नहीं जा सका।

हिंदुओं के चिन्हों से कांग्रेस को हमेशा से रही है नफरतः डॉ. मोहन यादव

भोपाल। हमारे देश के साधु-संत भगवा पहनते हैं। वे संस्कृति की रक्षा करते हैं। भाजपा भी हमेशा से भगवा की पक्षधर रही है। अब दूरदर्शन के लोगों में भगवा रंग हो गया तो कांग्रेस के लोग उस पर भी आपत्ति उठा रहे हैं। हिन्दुओं के चिन्हों से कांग्रेस को हमेशा से नफरत रही है। वर्षों तक देश पर राज करने वाले अंग्रेजों ने भी काम नहीं किए उन कामों को करने का पाप कांग्रेस पार्टी ने किया है। 500 साल से बाहर बैठे भगवान श्रीराम को 70 सालों तक देश पर राज करने वाली कांग्रेस पार्टी मंदिर में विराजमान नहीं करा सकी। हम सौभाग्यशाली हैं कि हम उस देश में रह रहे हैं, जहां गीता, गंगा और गौ माता को पूजा जाता है और उनके कारण ही दुनिया में भारत की संस्कृति जीवित है। अब उस संस्कृति एवं भारत माता की आन, शान बान को बचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खड़े हैं। यह चुनाव भारत को दुनिया का नंबर वन देश और मध्यप्रदेश को नंबर एक का प्रदेश बनाने के लिए है। यह बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को रीवा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा के समर्थन में सेमरिया विधानसभा, सतना लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी गणेश सिंह के समर्थन में अमरपाटन विधानसभा, दमोह लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राहुल लोधी के समर्थन में बण्डा विधानसभा में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया।

भाजपा अकेले ही जीतेगी 350 सीटें, जाने माने अर्थशास्त्री ने लोकसभा चुनाव को लेकर की भविष्यवाणी

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान हो चुका है। कम मतदान ने राजनीतिक दलों और आयोग को चिंता में डाल दिया है लेकिन, दूसरे चरण में सभी राजनीतिक दल और उनके नेता बंपर वोटिंग की उम्मीद लगाए हुए हैं। इस बीच जाने माने अर्थशास्त्री ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भाजपा की बड़ी जीत की भविष्यवाणी की है। उन्होंने दावा किया कि इस बार भाजपा को 330 से 350 सीटें मिल सकती है। इतना ही नहीं भाजपा तमिलनाडु जैसे राज्य में 5 सीट हासिल कर सकती है। अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला ने अपनी नई किताब हाउ वी वोट का विमोचन किया, ने एक टीवी चैनल को दिए साक्षात्कार में कहा कि भाजपा को इस आम चुनाव में 330 से 350 सीटें मिल सकती हैं। उन्होंने दावा किया भाजपा अपने दम पर 330 से 350 सीटें जीत सकती है। यहां उन्होंने सिर्फ भाजपा की बात की एनडीए की नहीं। सुरजीत की भविष्यवाणी के मुताबिक 2024 के चुनाव में भाजपा को 5 से 7 फीसदी ज्यादा सीटें मिल सकती हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन को 44 सीटें मिल सकती हैं। भल्ला ने कहा कि विपक्षी गठबंधन के साथ समस्या नेतृत्व की है। यह सच है कि अर्थव्यवस्था सबसे ज्यादा मायने रखती है, लेकिन नेतृत्व भी दूसरे नंबर पर आता है और इन दोनों पक्षों में भाजपा की स्थिति मजबूत है। अगर विपक्ष एक ऐसे नेता का चयन कर लेता जो पीएम मोदी तुलना में आधी भी अपील करता तो हो सकता था कि इस बार का चुनाव रोचक और कड़ा हो सकता था।

भारत में महिलाओं की लाइफ लाइन हुई बेहतर.....68 से 71 हुई उम्र

नई दिल्ली। भारत की आबादी लगातार बढ़ रही है। कुछ समय पहले भारत ने चीन को भी मामले में पछाड़ दिया है। रिपोर्ट्स की मानें हर साल देश की आबादी 1 प्रतिशत बढ़ रही है। अब यूएनएफपीए ने रिपोर्ट जारी की है, जिसमें बताया गया है कि भारत की अब डेढ़ अरब पहुंच गई है। वहीं महिलाओं के लिए अच्छी खबर है। इसमें बताया गया हैं कि महिलाओं की जीवन प्रत्याशा में लगभग साढ़े तीन साल की बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 71 साल और महिलाओं की 74 साल है। साल 2020 तक पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 67.8 और महिलाओं की 70.4 साल थी। भारत की आबादी 144.17 करोड़ तक पहुंच गई है। जनसंख्या का आंकड़ा अगले 77 सालों में बढ़कर दोगुना होगा। साल 2050 तक भारत में दुनिया के 17 फीसदी बुजुर्ग होंगे। अभी देश में 65 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग 7 प्रतिशत से कम हैं। दुनिया में अनुमानित आबादी के साथ भारत सबसे आगे है, जबकि चीन 142.5 करोड़ के साथ दूसरे स्थान पर है। 2011 में पिछली जनगणना में देश की आबादी 121 करोड़ थी। इतना ही नहीं भारत में यौन संबंधों को लेकर भी जागरूकता आई है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में अब 30 सालों में प्रजनन स्वास्थ्य बेहतर हुआ है। मातृ मृत्यु (प्रेग्नेंसी के समय मौत) में कमी आई है। दुनिया में ऐसी मौतों में भारत का हिस्सा 8 प्रतिशत है। इसका सारा श्रेय सस्ता, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को दिया जा रहा है। 2006-2023 में भारत में 23 प्रतिशत बाल विवाह भी हुए हैं। वहीं रिपोर्ट में कहा गया है कि 25 प्रतिशत महिलाएं यौन संबंध बनाने से मना नहीं कर पाती है, जबकि 10 में से एक महिला गर्भनिरोधक उपायों के बारे में खुद निर्णय लेने में असमर्थ हैं।

महावीर जयंती पर खड़गे, राहुल और प्रियंका ने देशवासियों को दीं शुभकामनाएं

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने महावीर जयंती पर समस्त देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए इस पवित्र पर्व पर सबकी खुशहाली की कामना की है। इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष खडगे ने शुभकामनाएं देते हुए कहा, कि भगवान महावीर का जीवन और शिक्षाएँ हमें दयालु और सरल बनने के लिए प्रेरित करती हैं। उनकी शिक्षाएँ हमें खुशी, संतुष्टि और निःस्वार्थता के जीवन का मार्ग दिखाती हैं।

पूर्व पीएम मनमोहन सिंह ने कहा था- भ्रष्टाचार समाज के लिए एक कैंसर है

– सिसोदिया की जमानत पर सीबीआई के वकील ने कोर्ट को बताया

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली की एक कोर्ट में चल रहे दिल्ली शराब घोटाला में सीबीआई और ईडी द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार और मनी लॉउन्ड्रिंग मामलों में आम आदमी पार्टी (आप) नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला 30 अप्रैल तक के लिए सुरक्षित रख लिया।

सीबीआई ने कोर्ट को बताया कि आप नेता मनीष सिसोदिया ने जमानत के लिए ट्रिपल टेस्ट को पूरा नहीं किया है। सीबीआई ने सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि वह एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं। वे जारी जांच में बाधा डाल सकते हैं। सीबीआई की ओर से पेश वकील पंकज गुप्ता ने कहा कि मनीष सिसोदिया ट्रिपल टेस्ट को पूरा नहीं कर रहे हैं। वह आप में बहुत शक्तिशाली पद पर हैं और दिल्ली सरकार के उपमुख्यमंत्री थे, सीबीआई ने कोर्ट को बताया जिस दिन उन पर केस दर्ज हुआ उसी दिन उन्होंने अपना मोबाइल फोन नष्ट कर दिया था। वह दस्तावेजों को गायब करने में भी शामिल हैं, क्योंकि पुराने कैबिनेट नोट वाली फाइल में से एक अब भी गायब है।

सीबीआई के वकील ने कहा कि सिसोदिया समानता के आधार पर जमानत के लिए योग्य नहीं हैं क्योंकि वह मुख्य आरोपी हैं। वकील ने उन्हें साजिश का मास्टरमाइंड बताते हुए कहा कि यह मनीष सिसोदिया निर्देश पर आधारित था कि अपराध किया गया था। पूरा समुदाय आर्थिक अपराधों का खामियाजा भुगत रहा है। इस दौरान सीबीआई के वकील ने कांग्रेस सरकार के पूर्व पीएम का जिक्र करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था, भ्रष्टाचार समाज के लिए एक कैंसर है। सीबीआई और ईडी का आरोप है कि दिल्ली शराब घोटाले को संशोधित करते समय अनियमितताएं बरती गईं, शराब के लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ दिया गया, लाइसेंस शुल्क माफ कर दिया गया या कम कर दिया गया और सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बिना लाइसेंस दिए गए। कोर्ट 30 अप्रैल को जमानत पर फैसला सुनाएगी।

कैफे ब्लास्ट मामले में कई खुलासे-पाकिस्तान कनेक्शन भी आ रहा सामने

बेंगलुरु। रामेश्वरम कैफे में हुए ब्लास्ट के मामले में अभी पूरी तरह पर्दाफास नहीं हुआ है। लेकिन जांच एजेंसियों को नए नए आउटपुट मिल रहे हैं। एजेंसियां अब आरोपियों के ऑनलाइन हैंडलर की पहचान करने की कोशिश कर रही हैं, जिसका कोडनेम कर्नल है। अब्दुल मथीन ताहा को इस अटैक का मेन प्लानर और मुसाविर हुसैन शाजिब को हमलावर बताया जा रहा है। अधिकारियों को संदेह है कि कर्नल इन दोनों से संपर्क में था जो 2019-20 में आईएस अल-हिंद मॉड्यूल से जुड़े थे। माना जाता है कि कर्नल दक्षिण भारत में कई युवाओं के संपर्क में था। उसने क्रिप्टो-वॉलेट के जरिए धन भेजा। साथ ही धार्मिक संरचनाओं, हिंदू नेताओं और प्रमुख स्थानों पर हमले के लिए प्रेरित करने का काम किया।सीनियर अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, नवंबर 2022 में मंगलुरु ऑटोरिक्शा विस्फोट के बाद कर्नल नाम के हैंडलर के बारे में जानकारी मिली। वह मध्य-पूर्व में कहीं से काम करता है। ऐसा हो सकता है कि वह अबू धाबी में हो। जांच एजेंसियां आईएस समूह के छोटे मॉड्यूल बनाकर आतंकी गतिविधियों में पाकिस्तान की जासूसी एजेंसी आईएसआई के साथ कर्नल की मिलीभगत से इनकार नहीं कर रही हैं। मालूम हो कि आईएसआई ने पहले भी भारत में आतंकी मॉड्यूल को आईएस के गुर्गों से बढ़ावा देने का काम किया है, जैसे कि अक्टूबर में राजधानी दिल्ली में तीन आईएसआई-स्पॉन्सर्ड आईएस मॉड्यूल सदस्यों की गिरफ्तारी हुई थी।आतंकवाद-रोधी एजेंसी ने 1 मार्च के विस्फोट का मामला अपने हाथ में लिया था। बम विस्फोट के इस मामले में लगभग 10 लोग बम से घायल हुए थे। दोनों संदिग्धों की पहचान मुसाविर हुसैन शाजिब और अब्दुल मथीन ताहा के रूप में की गई है। शिवमोग्गा जिले के तीर्थहल्ली का रहने वाला मुसाविर हुसैन शाजिब इस हमले का मास्टरमाइंड है और उसी ने इस धमाके को अंजाम दिया था।

स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव हुए तो भाजपा आसानी से केंद्र की सत्ता में वापस नहीं आने वाली : मायावती

गाजियाबाद (एजेंसी)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को इलेक?ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को लेकर संदेह जाहिर करते हुए दावा किया कि अगर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव हुए तो इस बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस नहीं आने वाली। बसपा प्रमुख ने रविवार को अमरोहा में पार्टी उम्मीदवार मुजाहिद हुसैन और गाजियाबाद में नंदकिशोर पुंडीर के समर्थन में अलग-अलग जनसभाओं को संबोधित किया। बसपा प्रमुख ने अमरोहा में भाजपा पर मुसलमानों के उत्पीड़न और गाजियाबाद में पश्चिमी उप्र में क्षत्रियों को टिकट न देकर उनकी उपेक्षा का आरोप लगाया।

मायावती ने कांग्रेस, भाजपा और इनके अन्य सभी सहयोगी दलों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, ''आजादी के बाद केंद्र और राज्यों में सत्ता ज्यादातर कांग्रेस के हाथों में रहीं, लेकिन अधिकांश मामलों में गलत नीतियों के कारण उसे केंद्र तथा राज्यों की सत्ता से बाहर होना पड़ा।'' भाजपा पर कांग्रेस की राह पर चलने का आरोप लगाते हुए बसपा प्रमुख ने कहा, '' पिछले कई वर्षों से भाजपा और उनके सहयोगी दल केंद्र तथा राज्यों की सत्ता में काबिज हैं लेकिन इनकी जातिवादी, पूंजीवादी, संकीर्ण, सांप्रदायिक, द्वेष पूर्ण नीतियों, कार्यप्रणाली और इनकी कथनी तथा करनी में अंतर होने के कारण लगता है कि इस बार भाजपा केंद्र की सत्ता में आसानी से वापस नहीं आने वाली।''

उन्होंने कहा, '' बशर्ते अगर चुनाव इस बार स्वतंत्र और निष्पक्ष हुए और ईवीएम में गड़बड़ी नहीं की गई।'' मायावती ने कहा, '' वैसे भी इस बार चुनाव में इनकी (भाजपा) पुरानी और नयी नाटकबाजी, जुमलेबाजी, गारंटी आदि काम नहीं आने वाले क्योंकि अब देश की जनता इन्हें समझ चुकी है।'' उन्होंने आरोप लगाया, '' इनकी (भाजपा) पार्टी ने देश के गरीब, कमजोर तबकों व अन?य मेहनतकश लोग जिनसे उन्होंने अच्छे दिन दिखाने के वादे किये, उसका एक चौथाई कार्य नहीं किया।'' पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, '' इनका (भाजपा) ज्यादातर समय और ताकत बड़े पूंजीपतियों, धन्नासेठों को धनवान बनाने और उन्हें छूट देने तथा बचाने में लगा।''

मायावती ने दावा किया कि अब ऐसा लगता है कि कांग्रेस पार्टी की तरह भाजपा ने केंद्र की अधिकांश जांच एजेंसियों का ''राजनीतिकरण'' कर दिया है। गाजियाबाद में बसपा उम्मीदवार नंदकिशोर पुंडीर के समर्थन में आयोजित जनसभा में मायावती ने भाजपा पर पश्चिमी उप्र में क्षत्रिय समाज की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि पश्चिमी उप्र में उच?च जाति के लोग काफी तादाद में रहते हैं लेकिन दुख की बात यह है कि भाजपा व अन्य पार्टियां, जो अपने को क्षत्रिय समाज की हिमायती समझती हैं, उन्होंने इस चुनाव में क्षत्रिय समाज की उपेक्षा की है। मायावती ने कहा कि बसपा ने पश्चिमी उप्र में अन?य समाज के साथ ही क्षत्रिय समाज को पूरा पूरा आदर सम्मान दिया है और टिकट बंटवारे में उनको उचित भागीदारी दी है।

गाजियाबाद के मौजूदा सांसद व केंद्रीय मंत्री जनरल (सेवानिवृत्त) वीके सिंह को टिकट न देकर भाजपा ने उप्र सरकार के पूर्व मंत्री अतुल गर्ग को टिकट दिया है। सिंह, क्षत्रिय समाज से आते हैं। मायावती ने अमरोहा से कांग्रेस के प्रत्याशी एवं 2019 में बसपा के टिकट पर जीते दानिश अली का नाम लिए बिना कहा, ''2019 में बसपा ने अमरोहा सीट से जिसे टिकट दिया, आप लोगों ने उसे जिताकर भेजा। उस व्यक्ति ने सांसद बनने के बाद न ही पार्टी और न ही क्षेत्र की जनता का मान-सम्मान का ध्यान रखा। उन्होंने जनता और पार्टी के साथ विश्वासघात किया।'' बसपा के टिकट पर अमरोहा से जीतने वाले दानिश अली को इस साल जनवरी में पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। अली बाद में कांग्रेस में शामिल हो गए और कांग्रेस पार्टी के टिकट पर अमरोहा से चुनाव लड़ रहे हैं।

एक सीट के लालच में हमें छोड़ दिया

–उमर अब्दुल्ला डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा पर बरसे

नई दिल्ली, (एजेंसी)। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला इंडिया गठबंधन की सहयोगी पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि उनकी पार्टी अनंतनाग-राजौरी संसदीय क्षेत्र में ऐसे मित्र के खिलाफ चुनाव लड़ रही है जो एक सीट के लिए लालची बन गया है। अब्दुल्ला ने पीडीपी के दक्षिण कश्मीर की सीट से चुनाव लड़ने पर यह बात कही।

उन्होंने कहा कि दक्षिण कश्मीर सीट पर लड़ाई भाजपा से नहीं है। दुर्भाग्य से, वहां नेशनल कॉन्फ्रेंस का मुकाबला हमारे एक मित्र से है जो कुछ दिन पहले तक हमारे साथ था। अब एक सीट के लालच में हमें छोड़ दिया। अब्दुल्ला ने श्रीनगर लोकसभा क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार आगा सैयद रुहुल्लाह मेहदी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। इसके बाद उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा एनसी और पीडीपी विपक्षी इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं। वे पीपुल्स अलायंस फॉर गुपकार डिक्लेरेशन का भी हिस्सा था जिसका गठन अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद किया गया था। एनसी की ओर से पीडीपी के लिए एक भी सीट छोड़े बिना कश्मीर घाटी में सभी 3 निर्वाचन क्षेत्रों से उम्मीदवार उतारने की घोषणा किए जाने के बाद यह गठबंधन टूट गया। पीडीपी ने तीनों सीट पर अपने उम्मीदवार उतारने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि भाजपा घाटी में संसदीय चुनाव सीधे तौर पर नहीं लड़ रही है, बल्कि वह अपनी पार्टी और पीपुल्स कॉन्फ्रेंस जैसे दलों का समर्थन कर रही है। हम अच्छी तरह से जानते हैं कि भाजपा यहां किसका समर्थन करती है, लेकिन उनके जीतने की कोई संभावना नहीं है। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भगवान ने चाहा तो नेशनल कॉन्फ्रेंस सभी तीन सीट जीतेगी। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने एनडीए के 400 पार वाले भाजपा के दावे पर कहा कि नतीजों के बाद सब कुछ साफ हो जाएगा। उन्होंने दावा किया कि लद्दाख सीट उनके हाथ से फिसल रही है। उन्होंने कहा कि कल हुए मतदान के बाद ऐसा लगता है कि वे उधमपुर सीट नहीं बचा पाएंगे। देखते हैं कि जम्मू सीट पर भी क्या होगा।

प्रधानमंत्री को अपशब्द कहने वाले झामुमो नेता ने मांगी माफी

– एसडीओ कोर्ट ने नजरूल इस्लाम को जारी किया था नोटिस

साहिबगंज (एजेंसी)। पीएम मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता एसडीओ की कोर्ट में पेश होकर लिखित माफीनामा पेश कर माफी मांगी है। पीएम नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता नजरूल इस्लाम ने कोर्ट में माफी मांग ली है। उन्होंने सदर एसडीओ की कोर्ट में पेश होकर लिखित माफीनामा पेश किया। नजरूल इस्लाम की पीएम पर की गई टिप्पणी के बाद बीडीओ सुबोध कुमार ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने सहित अन्य मामलों में साहिबगंज नगर थाने में केस दर्ज कराया था। इसके बाद एसडीओ कोर्ट ने उन्हें नोटिस जारी किया था। नजरूल इस्लाम शनिवार को अपने समर्थकों के साथ थाने पहुंचे और बयान दर्ज कराया। इसके बाद एसडीओ कोर्ट में पेश होकर लिखित में अपना पक्ष रखा। नजरूल इस्लाम झामुमो की केंद्रीय कमेटी का सदस्य हैं। बता दें 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती पर एक कार्यक्रम में नजरुल इस्लाम के भाषण का वीडियो वायरल हो गया था इसके बाद विवाद खड़ा हो गया था। वायरल वीडियो में वह पीएम मोदी के अबकी बार 400 पार के नारे का जिक्र करते हुए नजरुल कहते हैं, मैं आप लोगों से कहना चाहता हूं कि 400 सीट नहीं, 400 फिट अंदर नरेंद्र मोदी को गाड़ दिया जाएगा। नजरूल के इस वीडियो की भाजपा नेताओं ने सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। विवाद बढ़ने पर नजरूल इस्लाम ने एक वीडियो जारी कर माफी मांगी थी। उन्होंने कहा था, मैं एक प्रोफेसर हूं, मुझे अच्छे-बुरे की परख है। यदि मेरे बातों से किसी को ठेस पहुंची है, तो माफी मांगता हूं। मेरा कहने का तात्पर्य था कि हम पीएम मोदी की गारंटी की 400 के अंदर गांठ बांध देंगे।

भाजपा की सुविधा के लिए एक जून तक कराया जा रहा मतदान : ममता बनर्जी

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग को लपेटे में लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय चुनाव आयोग ने पीएम नरेंद्र मोदी और बीजेपी के लोगों को आराम देने के लिए मतदान की तारीख 1 जून तक रखी है ताकि बीजेपी के लोगों देश के संसाधनों का जमकर उपयोग कर सकें और उन्हें चुनावी प्रचार का पूरा वक्त मिले।मालदा जिले के गाज़ोल में टीएमसी उम्मीदवार और पूर्व आईपीएस अधिकारी प्रसून बनर्जी के समर्थन में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि 19 अप्रैल से 1 जून तक चुनाव निर्धारित किए गए हैं ताकि मोदी और उनके कैबिनेट सहयोगी विशेष विमानों से यात्रा कर सकें और जमकर प्रचार कर सकें। देश में हर चरण से पहले उन्हें विपक्ष पर हावी होना है।

पश्चिम बंगाल के भाजपा और कांग्रेस सांसदों पर हमला करते हुए, बनर्जी ने आरोप लगाया कि 2019 में राज्य से चुने जाने के बावजूद, उनमें से किसी ने भी मनरेगा धन जारी करने के संबंध में राज्य का मामला नहीं उठाया। उन्होंने कहा, हमारे (टीएमसी) सांसद जब पिछले साल नवंबर में मनरेगा की धनराशि जारी करने की मांग को लेकर दिल्ली गए थे तो उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। लेकिन कांग्रेस और भाजपा सांसदों ने गरीबों के लिए क्या किया है? कुछ भी नहीं। लेकिन, बंगाल भीख नहीं मांगेगा। मैं आपकी रॉयल बंगाल टाइगर हूं। हमें जितने अधिक सांसद मिलेंगे, उतना अधिक काम होगा। बनर्जी ने सीपीआई (एम) और कांग्रेस पर भाजपा को बढ़ावा देने का आरोप लगाया और लोगों से किसी भी गैर-टीएमसी उम्मीदवार को वोट नहीं देने का आग्रह किया। मैंने ही इंडिया ब्लॉक का नाम दिया था। लेकिन बंगाल में इंडिया गुट नहीं है। हमारे लिए, यह राज्य के बाहर है, अंदर नहीं। ममता बनर्जी ने आगे कहा, ÷पहले चुनाव मई तक समाप्त हो जाते थे, लेकिन इस साल, इसे 1 जून तक बढ़ा दिया गया है ताकि पीएम मोदी सैन्य विमानों पर विभिन्न स्थानों का दौरा कर सकें। जबकि, दूसरी तरफ हमें हेलीकॉप्टर अपने स्वयं की व्यवस्था से जुटाने करने के लिए कहा जा रहा है। इन हेलीकॉप्टरों को भी भाजपा नेता बुक करा रहे हैं ताकि हमें वो भी न मिल सकें। उन्होंने कहा, लोगों को चिलचिलाती गर्मी से काफी असुविधा हो रही है, लेकिन मोदी इससे बेपरवाह हैं क्योंकि वे (भाजपा नेता) सभी सुविधाओं के साथ चुनाव प्रचार कर रहे हैं।बनर्जी ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग मोदी और उनकी पार्टी के सहयोगियों द्वारा तय की गई लाइन पर चल रहा है। बता दें कि 2019 लोकसभा चुनाव में सात चरणों का मतदान 11 अप्रैल से 19 मई तक हुआ था।

न कांग्रेस की रणनीति समझ पा रहीं और न ही राहुल को भुला पा रहीं स्मृति?

अमेठी (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी भाजपा की जुबां पर हमेशा रहते हैं। चुनावी सभा में कोई उन्हे राहुल बाबा कहता है तो कोई शहजादा बताकर उन्हे घेरता है। जब कांग्रेस की परंपरागत सीट रही अमेठी की बात हो तो केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी इस मौके को कैसे छोड़ सकतीं हैं। वे लगातार बार बार राहुल गांधी को घेरने की कोशिश करतीं नजर आ रहीं हैं। भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी की सक्रियता ने चाहे अनचाहे राहुल को फिर से चुनावी केंद्र में ला दिया है। असल में स्मृति ने अपनी हर सभा में राहुल को निशाने पर लेकर, आरोप मढ़कर, भगोड़ा बताकर और गांधी परिवार पर तोहमत मढ़कर आम जन को राहुल रूपी सवाल सौंप दिया है। उनके इस कदम ने कहीं न कहीं अमेठी में राहुल पर नई बहस शुरू कर दी है। यह बहस किस मोड़ पर जाती है, इसका अंदाजा अभी लगाना थोड़ी जल्दबाजी होगी। लेकिन चुनावी समर में जो मैदान कांग्रेस प्रत्याशी के बिन सूना था वह अब राहुल के नाम से रोमांचित जरूर करने लगा है।

इतना सब होने के बाद भी अमेठी को लेकर कांग्रेस ने अपने पत्ते अभी तक नहीं खोले। वहां से चुनाव कौन लड़ेगा इसकी चिंता कांग्रेस से ज्यादा भाजपा कर रही है। राजनीति के जानकार बताते हैं कि अमेठी में भाजपा की स्मृति एक मजबूत प्रत्याशी हैं तो उन्हे कांग्रेस के उम्मीदवार से क्या लेना देना। वहां कोई भी खड़ा हो जाए। उन्हे तो अपने आप पर भरोसा होना चाहिए। भाजपा न तो कांग्रेस की चुप्पी के मायने समझ रही है और न ही राहुल गांधी की रणनीति। असल में 2019 में राहुल गांधी अमेठी के साथ ही केरल के वायनाड से भी चुनाव लड़े। अमेठी से भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी से करारी हार मिली, वहीं वायनाड से जीतकर वह संसद पहुंचे। इस बार भी अभी तक राहुल वायनाड से ही मैदान में हैं। उनके अमेठी से चुनाव लड़ने पर संशय बरकरार है। यहां से कभी प्रियंका गांधी तो कभी रॉबर्ट वाड्रा के नाम की चर्चा हो रही है। समीकरण साधने के लिए स्थानीय प्रत्याशी पर भी मंथन चल रहा है। इस सब के बीच कांग्रेस कुछ भी खुलकर बोलने को राजी नहीं है। पार्टी का मौन कार्यकर्ताओं की दुविधा बढ़ाने वाला है।

राहुल गांधी अमेठी से चुनाव हारे। अभी नया राजनीतिक ठिकाना वायनाड है। इस बीच अमेठी से उनका जुड़ाव करीब कट सा गया। 20 फरवरी को यहां पहुंची उनकी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में भी न उल्लास नजर आया था और न ही कांग्रेस नेताओं में उत्साह। संसदीय चुनाव की रंगत के बीच जब भाजपा ने स्मृति इरानी को



मैदान में उतार मोर्चेबंदी शुरू कर दी है, तो वहीं कांग्रेस में प्रत्याशी पर ही मंथन चल रहा है। हालांकि अमेठी में पांचवें चरण में 26 अप्रैल से नामांकन की शुरुआत होने वाली है। तीन माई नामांकन की अंतिम तिथि है और 20 मई को मतदान। इस सब के बीच अमेठी से दूर रहते हुए भी बीते 15 दिनों से राहुल गांधी फिर चर्चा में हैं। यह कांग्रेस की पहल नहीं, बल्कि भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी की रणनीति का ही प्रतिफल है।

आईपीएल में आज होगा राजस्थान रॉयल्स और मुंबई इंडियंस में मुकाबला

जयपुर (एजेंसी)। कप्तान संजू सैमसन की राजस्थान रॉयल्स की टीम आईपीएल में सोमवार को मुंबई इंडियंस से खेलेगी। इस मैच में नंबर एक स्थान पर चल रही राजस्थान का पलड़ा भारी है क्योंकि उसे अपने घरेलू मैदान का भी लाभ होगा। टीम ने अब तक 7 मैचों में 6 मैच जीते हैं और वह अंक तालिका में नंबर एक स्थान पर है। टीम का प्लेऑफ में पहुंचना तय है। वहीं दूसरी ओर हार्दिक पंड्या की कप्तानी में मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन अब तक उम्मीद के अनुरुप नहीं रहा है। मुम्बई की टीम ने अब तक 3 मुकाबले ही जीते हैं। 3 जीत हासिल की है।

यह इस सत्र का आखिरी मुकाबला होगा। अभी तक यहां की पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी रही है। इसमें किसी भी मैच में 200 का स्कोर नहीं बना। यहां 197 का लक्ष्य भी हासिल हो चुका है। ऐसे में पिच एक बार फिर बल्लेबाजी के लिए आसान होने वाली है। यही वजह है कि 200 रन बनने पर किसी को हैरानी नहीं होनी चाहिए। पहले गेंदबाजी यहां लाभदायक होगी।

जयपुर में तेज गरमी से खिलाड़ियों के लिए खेलना आसान नहीं रहेगा। इस मैच में राजस्थान की बल्लेबाजी सैमसन के अलावा पराग , जोस बटलर और यशस्वी जायसवाल पर आधारित रहेंगी। टीम के पास ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल जैसे गेंदबाज हैं।

मुंबई की बल्लेबाजी पंड्या के अलावा रोहित शर्मा और सूर्यकुमार पर आधारित रहेगी जबकि गेंदबाजी की कमान जसप्रीत बुमराह के पास रहेगी।

टीम

राजस्थान रॉयल्स- संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, डोनोवन फरेरा, कुणाल राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप सेन, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल, आवेश खान , रोवमैन पॉवेल, शुभम दुबे, टॉम कोहलर-कैडमोर, आबिद मुश्ताक, नांद्रे बर्गर, तनुष कोटियन और केशव महाराज।

मुंबई इंडियंस- हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, गेराल्ड कोएट्जी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, इशान किशन, अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, हार्विक देसाई, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड।

30 की उम्र में मुगुरुजा ने टेनिस को अलविदा कहा

मैड्रिड (एजेंसी)। स्पेन की महिला टेनिस स्टार गार्बाइन मुगुरुजा ने खेल को अलविदा कह दिया है। 30 साल की मुगुरुजा पिछले काफी समय से खेल से दूर थीं। इसी कारण उन्होंने अचानक ही ये कदम उठाया है। वह दो बार मेजर चैम्पियनशिप जीती हैं। 2015 विम्बलडन के अलावा वह 2020 ऑस्ट्रेलियाई ओपन में उप विजेता रही थीं।वह जनवरी 2023 के बाद से खेल से बाहर हैं इसी कारण इस खिलाड़ी की लय भी पहले वाली नहीं रही। इस पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ने कहा कि मुझे लगता है कि अब संन्यास लेने और नई राह पकड़ने का समय आ गया है।

मुगुरुजा ने साल 2016 फ्रेंच ओपन फाइनल में सेरेना विलियम्स और साल 2017 विम्बलडन फाइनल में वीनस विलियम्स को हराया था। वह एकमात्र खिलाड़ी हैं जो दोनों विलियम्स बहनों को हराने में सफल हुई हैं। उन्होंने अपनी करियर में 10 खिताब रहे हैं। मुगुरुजा महिला टेनिस स्पेन की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी रही हैं। उन्हें साथ खिलाड़ियों ने भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

टी20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम की घोषणा शीघ्र करेगा बीसीसीआई

-27 या 28 अप्रैल को कप्तान रोहित शर्मा के साथ बैठक करेंगे चयनकर्ता

मुम्बई (एजेंसी) । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीसीआई) 2 से 29 जून तक वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप के लिए शीघ्र ही टीम की घोषणा करेगा। बीसीसीआई को टी20 विश्वकप के लिए आईसीसी को खिलाड़ियों की सूची एक मई तक देनी है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार इसके लिए चयनकर्ता 27 या 28 अप्रैल को दिल्ली में कप्तान रोहित शर्मा के साथ बैठक कर सकते हैं.

बीसीसीआई प्रमुख अजीत अगरकर भी विदेश से लौट गये हैं। टीम चयन को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। इस रिपोर्ट के अनुसार टीम में 10 खिलाड़ियों का चयन पक्का है, वहीं कुछ खिलाड़ियों पर फैसला उनकी फिटनेस पर आधारित रहेगा। टीम में शामिल दस खिलाड़ियों में ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या शामिल नहीं हैं। पंड्या को गेंदबाजी किये जाने की स्थिति में ही शामिल किया जाएगा। आईपीएल सत्र में अब तक पंड्या अधिक गेंदबाजी नहीं कर पाये हैं। टीम इस प्रकार होने की संभावना है।

रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, ऋषभ पंत, सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जडेजा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव आदि, वहीं पंड्या की टी20 विश्व कप में जगह आईपीएल में उनके प्रदर्शन पर आधारित रहेगी। चयनकर्ता हार्दिक के प्रदर्शन पर नजरें रखें हुए हैं। आईपीएल के इस सत्र में अभी तक वह विफल रहे हैं। भारतीय टीम टी20 विश्व कप 2024 में अपने अभियान की शुरुआत 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ करेगी।

बेंगलुरु की लगातार छठी हार कोलकाता ने एक रन से हराया

कोलकाता (एजेंसी)। कोलकाता नाइट राइडर्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ आईपीएल 2024 के 36वें मैच में एक रन से जीत दर्ज की है। इसी के साथ ही अब आरसीबी की प्लेऑफ की उम्मीदें भी खत्म होती आ रही हैं क्योंकि यह उनकी छठी हार थी। फिल सॉल्ट की आक्रामक शुरुआत के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर की अर्धशतकीय पारी से कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग टी20 मैच में रविवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ छह विकेट पर 222 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में शानदार बल्लेबाजी के बावजूद विल जैक्स (55) और रजत पाटीदार (52) के अर्धशतकों के बावजूद टीम को हार का सामना करना पड़ा।

पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद सॉल्ट और सुनील नारायण (10) ने एक बार फिर टीम को तूफानी शुरुआत दिलाते हुए चार ओवर में 55 रन जोड़ दिये। इस दौरान सॉल्ट ज्यादा आक्रामक दिखे। उन्होंने पहले ओवर में सिराज का छक्के से स्वागत करने के बाद चौथे ओवर में फर्ग्यूसन के खिलाफ दो छक्के और चार चौके की मदद से 28 रन बटोरे। सिराज ने पांचवें ओवर में हालांकि उनकी आतिशी पारी को खत्म कर टीम को बड़ी सफलता दिलाई। अगले ओवर में नारायण दयाल की गेंद को हवा में लहराकर विराट कोहली को कैच दे बैठे।

वेंकटेश अय्यर ने क्रीज पर आते ही दो चौके जड़े लेकिन दयाल ने अंगकृष रघुवंशी को आउट कर ओवर में दूसरी सफलता दर्ज की। पावर प्ले के बाद केकेआर का स्कोर तीन विकेट पर 75 रन था। कप्तान श्रेयस अय्यर ने फर्ग्यूसन और कर्ण शर्मा पर चौके के साथ हाथ खोला तो वहीं नौवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आये ग्रीन की शॉट गेंद को वेंकटेश लांग लेग की दिशा में खड़े महिपाल लोमरोर के हाथों में खेल गये। इसी ओवर में रिंकू सिंह के चौके से केकेआर ने रनों का शतक पूरा किया। श्रेयस के साथ कुछ ओवरों तक संभल कर बल्लेबाजी करने के बाद रिंकू ने कर्ण की गेंद को दर्शकों के पास भेजा लेकिन वह दयाल की धीमी गेंद से सामंजस्य नहीं बिठा सके और 16 गेंद में 24 रन बनाकर आउट हो गए।

श्रेयस ने इसी बीच कर्ण के खिलाफ स्विच हिट पर शानदार चौका जड़ने के बाद 17वें ओवर में दयाल के खिलाफ छक्का और चौका लगाकर 35 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। वह एक और बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में ग्रीन की गेंद पर डुप्लेसी को कैच थमा बैठे। रसेल ने ओवर का समापन चौके से किया तो वहीं रमनदीप ने 19वें ओवर में सिराज के खिलाफ लगातार दो छक्के और चौका लगाकर केकेआर के स्कोर को 200 के पार पहुंचा दिया।

नौकायन में बलराज को मिला पेरिस ओलंपिक टिकट

चुंगजू । भारत के बलराज पंवार ने एशियाई और ओसनियाई रोइंग ओलंपिक क्वालिफिकेशन रेगाटा में पुरुष एकल स्कल्स (एम1एक्स) स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है। इस जीत के साथ ही बलराज ने ओलंपिक टिकट भी हासिल कर लिया है। वह नौकायन से ओलंपिक टिकट हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी हैं। बलराज ने दक्षिण कोरिया के चुंगजू में आयोजित स्पर्धा में हीट में 7-17.87 और सेमीफाइनल में 7-16.29 का समय निकालकर फाइनल में जगह बनायी। बलराज इस स्पर्धा में 7-01.27 का समय निकालकर तीसरे स्थान पर रहे। वहीं कजाकिस्तान के व्लादिस्लाव याकोवलेव ने 6-59.46 का समय निकालकर स्वर्ण जबकि इंडोनेशिया के मेमो ने 6-59.74 का समय निकालकर रजत पदक अपने नाम किया। इसके अलावा अरविंद सिंह और उज्जवल कुमार ने भी पुरुषों की लाइटवेट डबल स्कल्स (एलएम2एक्स) में कांस्य पदक हासिल किया। इस स्पर्धा में केवल शीर्ष दो खिलाड़ियों को ही पेरिस ओलंपिक के लिए टिकट मिला। अरविंद और अर्जुन लाल ने फाइनल रेस में 6-30.11 का समय निकलकर पहले रेपेचेज के जरिए फाइनल में स्थान बनाया।

आईपीएल में 300 रन भी बनने हुए दिखें तो कोई हैरानी नहीं होनी चाहिये : कार्तिक

कोलकाता । अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने कहा है कि जिस प्रकार से सनराइजर्स हैदराबाद के साथ ही कुछ अन्य टीमों के बल्लेबाज आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे हैं। उससे आने वाले दिनों में 300 रन भी बनने हुए दिखें तो कोई हैरानी नहीं होनी चाहिये। कार्तिक के अनुसार अब बल्लेबाजों के मन में गेंदबाजों का डर नहीं रहा है। आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर सनराइजर्स हैदराबाद ने इस सत्र में 287 रनों का बनाया है। ये उसने रॉयल चैलेंजर्स बेगलुरु के खिलाफ तीन विकेट पर ही बना दिया था। वहीं टी20 में 300 रन केवल एक बार ही नेपाल ने पिछले साल हांग्झोउ एशियाई खेलों में मंगोलिया के खिलाफ तीन विकेट पर 314 रन बनाये थे। कार्तिक ने कहा, ''मुझे लगता है कि स्कोर लगातार बढ़ता ही जा रहा है। यह बहुत ऊपर आता जा रहा है। वहीं दुनिया भर में इस प्रारूप में खेले जा रहे टूर्नामेंट के इतिहास में आईपीएल के पहले 32 मैच में सबसे ज्यादा 250 रन बने हैं। इससे पता चलता है कि बल्लेबाजा अब गेंदबाजों से डर नहीं रहे हैं। साथ ही कहा कि 'इम्पैक्ट' खिलाड़ी नियम के कारण भी टीम की बल्लेबाजी आक्रामक हुई है। इस नियम से बल्लेबाजी में लाभ हो रहा है लेकिन गेंदबाजों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। युवा खिलाड़ी शॉट खेलने के लिए सीमाएं लांघ रहें और वे कुछ शानदार शॉट्स खेल रहे हैं। टूर्नामेंट की शुरुआत के बाद से ही ये सबसे बड़ा बदलाव आया है।

विनेश, रीतिका और अंशु ने भारत के लिए हासिल किया पेरिस ओलंपिक कोटा

रावलपिंडी (एजेंसी) । बिश्केक (किर्गिस्तान) - भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन करने के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत वापसी करते हुए भारत की स्टार पहलवान विनेश फोगाट ने शनिवार को यहां एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में दमदार प्रदर्शन के बूते महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग में पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल कर लिया।

अंशु मलिक (57 किग्रा) और अंडर-23 विश्व चैम्पियन रीतिका (76 किग्रा) ने भी मजबूत प्रदर्शन से फाइनल में पहुंचकर पेरिस ओलंपिक के लिए अपना टिकट पक्का कर लिया। भारत ने अब पेरिस ओलंपिक के लिए चार कोटे हासिल कर लिए हैं। सबसे पहले अंतिम पंघाल ने पिछले साल विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतकर 53 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल किया था।

यह देखना दिलचस्प होगा कि डब्ल्यूएफआई कोटा विजेताओं को भारत का प्रतिनिधित्व करने देता है या राष्ट्रीय कुश्ती टीम चुनने के लिए अंतिम चयन ट्रायल आयोजित करता है। तोक्यो ओलंपिक में भारत ने सात पहलवानों की एक मजबूत टीम उतारी थी जिसमें चार महिलाएं सीमा बिस्ला (50 किग्रा), विनेश (53 किग्रा), अंशु (57 किग्रा) और सोनम मलिक (62 किग्रा) शामिल थीं। अभी तक किसी भी पुरुष पहलवान ने पेरिस कोटा हासिल नहीं किया है। पेरिस ओलंपिक का आखिरी विश्व क्वालीफायर तुर्की में नौ मई से खेला जाएगा।

यह 29 साल की विनेश का लगातार तीसरा ओलंपिक कोटा है। उन्होंने इससे पहले रियो ओलंपिक (2016) और तोक्यो ओलंपिक (2020) में भी हिस्सा लिया था। विनेश ने मजबूत प्रदर्शन करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वियों को मात दी। उन्होंने पहले कोरियाई प्रतिद्वंद्वी मिरान चियोन को एक मिनट 39 सेकंड तक चले मुकाबले में हराया। उनकी मजबूत पकड़ का विरोधी के पास कोई जवाब नहीं था। अगले मुकाबले में उन्होंने 67 सेकंड में कंबोडिया की एसमानांग डिट को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में कजाखस्तान की 19 साल की पहलवान लौरा गानिकिजी ने उनके सामने थोड़ी चुनौती पेश की लेकिन इस भारतीय पहलवान ने अपने अनुभव का इस्तेमाल कर युवा प्रतिद्वंद्वी को मात दी। विनेश पहले पीरियड में 4-0 से आगे थी और इस टूर्नामेंट में वह पहली बार दूसरे पीरियड तक पहुंची। एक बार दबदबा बनाने के बाद विनेश को उसे हराने में कोई परेशानी नहीं हुई। चयन ट्रायल जीतने के बाद विनेश 50 किलोवर्ग में खेल रही है। फाइनल में पहुंचने वाले पहलवानों को अपने देश के लिए कोटा मिलेगा।

विश्व चैम्पियनशिप 2021 रजत पदक विजेता अंशु को क्वार्टर फाइनल में सीधे प्रवेश मिला जिसमें उसने किर्गिस्तान की कलमीरा बिलिम्बेकोवा को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराया। शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अंशु ने सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान की लेलोखोव सोबोईरोवा पर तकनीकी श्रेष्ठता से जीत हासिल की। अंडर 23 विश्व चैम्पियन रीतिका (76 किलो) ने युंजू हवांग को हराया। पहला दौर उन्होंने तकनीकी श्रेष्ठता पर जीता। इसके बाद मंगोलिया की दावानासान एंख एमार को भी इसी तरह से मात दी।

चीन की जुआंग वांग के खिलाफ आखिरी ग्रुप मुकाबले में उन्होंने 8.2 से जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में रीतिका ने चीनी ताइपे की हुई सिज चांग पर आसानी से 7-0 से जीत हासिल की। मानसी अहलावत (62 किलो) भी अंतिम चार में पहुंच गई जिसके लिए उन्हें महज एक मुकाबला जीतने की जरूरत थी। उन्होंने कजाखस्तान की इरिना कुजनेत्सोवा को 6.4 से हराया। सिर्फ एक भारतीय पहलवान निशा दहिया (68 किलो) सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सकी। उन्होंने पहले दौर में उत्तर कोरिया की सोल गुम पाक को 8.3 से हराया। इसके बाद किर्गिस्तान की मीरिम जुमानाजारोवा से हार गई। तीसरे दौर में किर्गिस्तान की येलेना शालिगिना ने उन्हें हरा दिया।

पाक ने न्यूजीलैंड को दूसरे टी20 में हराया, सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की

लाहौर । बाबर आजम की कप्तानी में उतरी पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड को दूसरे टी20 मैच में हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। पाक टीम ने सीरीज के दूसरे टी20 मैच में मेहमान टीम न्यूजीलैंड को 90 रनों पर ही आउट कर आसानी से जीत हासिल की। पाकिस्तान ने कीवी टीम को 90 पर आउट करने के बाद जीत का लक्ष्य 12.1 ओवर में 3 विकेट पह ही हासिल कर लिया। सीरीज का पहला टी20 मैच बारिश के कारण नहीं हो पाया था। दूसरे टी20 मैच में तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी और मोहम्मद आमिर के बाद शादाब खान और अबरार अहमद ने जबरदस्त गेंदबाजी की। इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए पाक टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। युवा सलामी बल्लेबाज सैम अयूब 4 रन बनाकर ही आउट हो गये। इसके बाद कप्तान बाबर आजम भी विफल रहे। बाबर 14 रन ही बना पाये। इसके बाद मोहम्मद रिजवान और युवा इरफान खान ने अच्छी साझेदार कर अपनी टीम को जीत दिलायी। रिजवान ने 34 गेंदों पर नाबाद 45 रन बनाए जबकि इरफान खान 18 रन नाबाद रहे। वहीं कीवी टीम की ओर से बेन लिस्टर, माइकल ब्रेसवेल और ईश सोढ़ी ने एक एक खिलाड़ी को आउट किया। इस मैच में पाक ने टॉस जीतकर न्यूजीलैंड को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। मेहमान टीम 18.1 ओवर में ही 90 रनों पर ही आउट हो गयी। मार्क चैपमैन ने सबसे ज्यादा 19 रन बनाये जबकि कोले मैककोंची ने 13 रन बनाए। न्यूजीलैंड की शुरआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज ओपनर टिम सेइफर्ट शुरआत में ही पेवेलियन लौट गये। इसके बाद उसके विकेट एक के बाद एक गिरते चले गये।

शमी ने वीडियो जारी कर कहा, उन्हें जल्द टीम में वापसी की उम्मीद

नई दिल्ली । अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने टखने की सर्जरी के बाद अपनी रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया का वीडियो साझा कर जल्द ही मैदान पर वापसी की उम्मीद जाहिर की। शमी ने दर्द के बावजूद पिछले साल वनडे विश्व कप में भाग लिया था। वह 24 विकेट चटकाकर टूर्नामेंट के सबसे सफल गेंदबाज साबित हुए।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप फाइनल मैच के बाद से चोट के कारण शमी खेल से दूर है। उन्हें इस साल फरवरी में सर्जरी करानी पड़ी। शमी ने वीडियो साझा करते हुए लिखा, '' चोट आपको परिभाषित नहीं करतीं, आपकी वापसी आपको परिभाषित करती है। मैं अपनी टीम के साथ जुड़ने का इंतजार कर रहा हूं।'' विश्व कप के बाद से शमी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला, दक्षिण अफ्रीका दौरे के बाद घरेलू सरजमीं पर अफगानिस्तान (टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला) और इंग्लैंड (टेस्ट श्रृंखला) के खिलाफ खेलने से चूक गए। टखने की सर्जरी के कारण वह आईपीएल के मौजूदा सत्र से बाहर है। शमी ने गुजरात टाइटंस के लिए पिछले दो सत्र (2022 और 2023) में 33 मैचों में 48 विकेट लिये हैं।

अगले चार महीनों में वजन प्रबंधन करना चुनौती होगी: विनेश फोगाट

कोलकाता (एजेंसी)। बिश्केश - ओलंपिक कोटा हासिल कर राहत महसूस कर रही विनेश फोगाट का मानना है कि पेरिस खेलों की तैयारी के लिए 50 किग्रा के सबसे निचले वर्ग में अपना वजन बनाये रखना उनके लिए चुनौतीपूर्ण होगा। विनेश ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने बिना अंक गंवाये अपना लगातार तीसरा ओलंपिक कोटा पक्का कर लिया।

विनेश भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के विरोध के कारण लगभग डेढ़ साल तक नियमित अभ्यास और खेल से दूर रही। इस दौरान अंतिम पंघाल ने 53 किग्रा वर्ग में कोटा स्थान हासिल कर लिया। विनेश लंबे समय से इसी भार वर्ग में चुनौती पेश करते रही है। देश की सबसे सफल महिला पहलवान के पास ओलंपिक कोटा सुनिश्चित करने के लिए वजन वर्ग बदलने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

विनेश ने 50 किग्रा वर्ग में कोटा सुनिश्चित करने के बाद कहा, 'मुझे अपने वजन को बेहतर तरीके से प्रबंधित करना होगा। मैंने इतने लंबे समय के बाद अपने वजन को कम कर 50 किलो तक किया है इसलिए मैं इसे जितना संभव हो उतना बनाए रखने की कोशिश करूंगी।' इस 29 साल की पहलवान ने कहा, 'मेरी मांसपेशियां मजबूत हैं, इससे मेरा वजन जल्दी बढ़ जाता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मैं कितनी फिट हूं, फिर भी मेरा वजन बढ़ता है। मैं सिर्फ अपना वजन नियंत्रित करना चाहती हूं। मेरे पास चार महीने बचे हैं और हर दिन बहुत महत्वपूर्ण है।' विनेश ने कहा, 'मैंने वजन में बदलाव इसलिए किया क्योंकि मेरे पास कोई विकल्प नहीं था। मैंने अपनी खुशी से ऐसा नहीं किया। मैंने 50 किग्रा वर्ग में अपने देश के लिए कोटा जीता। मुझे खुशी है कि मैं ओलंपिक में जा सकती हूं। मैं 50 किग्रा वर्ग में जाऊंगा या 53 किग्रा वर्ग में, यह ट्रायल में तय होगा, लेकिन जो भी हो, मैंने अपने देश के लिए कोटा जीता है।' विनेश को इससे पहले रियो और तोक्यो ओलंपिक में निराशा का सामना करना पड़ा है। लेकिन वह अब हर हाल में ओलंपिक पदक के सपने को पूरा करना चाहती है। उन्होंने कहा, 'मैं बस अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करना चाहती हूं। मुझे कुश्ती करते हुए 20 साल हो गए हैं। मुझे बस ओलंपिक पदक चाहिए। हर कोई इसके लिए काम कर रहा है।' विनेश ने दावा किया था कि वह अवसाद से जूझ रही थीं और यहां तक कि वह कोविड-19 की चपेट में भी आ गई थीं और तत्कालीन डब्ल्यूएफआई प्रमुख के खिलाफ लंबे समय तक विरोध और कानूनी लड़ाई के कारण मानसिक दबाव काफी बढ़ गया था। इन सब के बावजूद वह बिश्केक में कोटा जीतने में सफल रही। उन्होंने कहा, 'यह कठिन था लेकिन जब आप जीतते हैं तो हर चीज सार्थक हो जाती है। मैं अगले चार पांच दिन शांति के साथ रह सकती हूं। मेरा मुख्य लक्ष्य ओलंपिक में पदक जीतना है। मैं वह करने की कोशिश करूंगी जो पिछले दो ओलंपिक में नहीं कर सकी। मैं इस ओलंपिक में बेहतर प्रदर्शन कर सकती हूं।'

पुरुषों के मुकाबले महिलाओं के बैट का वजन होता है कम, महिलाओं के बल्ले का वजन रहता है 1 किलो 100 ग्राम

नई दिल्ली । क्या आपको मालूम है कि महिला क्रिक्रेटरों के लिए तैयार होने वाले बल्ले का पुरुषों के मुकाबले वजन कम होता है। पुरुष के लिए तैयार होने वाले बल्ले का वजन जहां 1 किलो 200 ग्राम रहता है। वहीं महिलाओं के लिए जो बल्ले तैयार किए जाते हैं। उनका वजन 1 किलो 100 ग्राम रहता है। वहीं एक स्पोर्ट्स व्यापारी के अनुसार महिलाओं के लिए तैयार होने वाले बल्ले में वजन के साथ-साथ उसकी हाइट भी कम रहती है। उन्होंने बताया की इन बल्ले की बात की जाए तो यह 33 इंच लम्बाई वाला होता है। वहीं पुरुषों के बल्ले की लंबाई 38 इंच रहती है। एक्सपर्ट के अनुसार भले ही पुरुषों के मुकाबले महिलाओं के लिए तैयार होने वाले बल्ले का वजन 100 ग्राम कम रहता हो।

संक्षिप्त

इस सप्ताह बाजार में आएंगे 4 नए आईपीओ

नई दिल्ली। इस सप्ताह बाजार में चार नए आईपीओ आने वाले हैं। जेनए इंडिया का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 23 अप्रैल को खुलेगा। इसमें बोली लगाने के लिए 25 अप्रैल तक का मौका है। इस पब्लिक इश्यू के लिए प्राइस बैंड 395-415 रुपये प्रति शेयर रखा गया है। कंपनी इससे 649.47 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। शिवम केमिकल्स का आईपीओ 23 अप्रैल को खुल रहा है। इसके बंद होने की तारीख 25 है। 20.18 करोड़ रुपये के इस पब्लिक इश्यू के लिए प्राइस बैंड 44 रुपये प्रति शेयर रखा गया है। पहले से खुले पब्लिक इश्यू की बात करें तो मेनबोर्ड सेगमेंट में वोडाफोन आईडिया लिमिटेड एफपीओ और एसएमई सेगमेंट में फालकान कंसेप्ट आईपीओ है, जो अगले सप्ताह बंद होंगे।

अल्ट्राटेक सीमेंट ने इंडिया सीमेंट से ग्राइंडिंग यूनिट खरीदी

नई दिल्ली। आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट ने इंडिया सीमेंट से 315 करोड़ रुपये में एक ग्राइंडिंग यूनिट का खरीदने की घोषणा की है। कंपनी ने साथ ही कहा कि वह दो इकाइयों की क्षमता बढ़ाने के लिए अतिरिक्त 504 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। अल्ट्राटेक सीमेंट ने शेयर बाजार को बताया कि उसके बोर्ड ने 315 करोड़ रुपये में इंडिया सीमेंट लिमिटेड से महाराष्ट्र के परली में एक कैप्टिव रेलवे साइडिंग के अलावा 11 लाख टन प्रति वर्ष की स्थापित क्षमता वाली एक ग्राइंडिंग इकाई के अधिग्रहण को मंजूरी दी है। कंपनी ने कहा कि उसने विक्रेता के साथ एक परिसंपत्ति खरीद समझौता किया है।।

फार्मा कंपनी ल्यूपिन ने की नई दवा लॉन्च

नई दिल्ली। फार्मा सेक्टर की कंपनी ल्यूपिन ने अमरेका में नई दवा पेश की है। ये नई दवा मिराबेग्रान ईआर टेबलैट 25 एमजी है। कंपनी के अनुसार दवा को अमेरिका के एफडीए से मंजूरी मिल गई है जिसके बाद कंपनी ने इसे बाजार में उतारा है। इस जानकारी के बाद कंपनी के शेयर पर इसका असर अगले कारोबारी दिन यानी सोमवार को मिलेगा। बता दें कि पिछले कारोबारी सत्र में ल्यूपिन के स्टॉक में गिरावट देखने को मिली थी। कंपनी का स्टॉक करीब 3 फीसदी गिरकर बंद हुआ था। कंपनी के अनुसार, कंपनी ने मिराब्रग्रान ईआर लॉन्च की है जो कि एस्टेलस फार्मा ग्लोबल डेवलपमेंट की दवा मायबेट्रिक ईआर 25 एमजी की जेनेरिक इक्विवलेंट है। बता दें कि ईआर यानी कि एक्सटेन्डेड रीलीज दवाएं कुछ अलग प्रकार से बनाई जाती है, ये दवाएं शरीर में ज्यादा समय तक रहने में सक्षम हैं ताकि इनका असर अधिक समय तक शरीर पर रहे, ऐसा करने से मरीज के लिए दवाओं का कोर्स पूरा करना आसान और बेहतर हो जाता है।

ल्यूपिन सिर्फ अमेरिक ही नहीं बल्कि दुनिया के 100 से ज्यादा बाजारों में अपनी दवाएं बेचती है। आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को स्टॉक करीब 3 फीसदी की गिरावट के साथ 1547 के स्तर पर बंद हुआ है। बीते एक साल के प्रदर्शन पर नजर डालें तो स्टॉक ने 125 फीसदी तक का रिटर्न दिया है।

मप्र में गेहूं की खरीदी की रफ्तार धीमी

भोपाल। देश के बड़े उत्पादक राज्यों में शामिल मध्य प्रदेश में गेहूं का रकबा घट रहा है तो अब सरकारी खरीदी में भी पिछड़ रहा है। पिछले 3 साल में गेहूं की सरकारी खरीद लगातार घटी है। इस साल भी मप्र 100 लाख मीट्रिक टन के टारगेट से आधे पर ही रुक सकता है। 20 मार्च से शुरू हुई सरकारी खरीद के बीच अब तक सिर्फ 25 लाख मीट्रिक टन गेहूं ही सरकारी गोदामों में पहुंचा है। केंद्र सरकार ने इस साल गेहूं खरीद का टारगेट 23 प्रतिशत बढ़ाते हुए लगभग 320 से 330 एलएमटी तय किया है। हालांकि राज्यों द्वारा बोनस नहीं देने या नाममात्र का बोनस देने की वजह से सरकारी मूल्य मंडियों में चल रही कीमतों से पीछे हैं।

वित्त वर्ष 2023-24 में प्रत्यक्ष कर संग्रह 18 फीसदी बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपये

एजेंसी

नई दिल्ली। देश के प्रत्यक्ष कर संग्रह में इजाफा हुआ है। 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2023-34 में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 17.7 फीसदी बढ़कर 19.58 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह राशि 16.64 लाख करोड़ रुपये थी।

वित्त मंत्रालय ने रविवार को जारी बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2023-34 में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सालाना आधार पर 17.7 फीसदी बढ़कर 19.58 करोड़ रुपये रहा है। यह राशि संशोधित अनुमानों से बहुत ज्यादा है। मंत्रालय के मुताबिक आयकर और कॉरपोरेट कर संग्रह वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान बजट अनुमानों से 1.35 लाख करोड़ रुपये (7.40 फीसदी) और संशोधित अनुमानों से 13 हजार करोड़ रुपये अधिक रहा है। इनकी प्रत्यक्ष कर संग्रह में सबसे बड़ी हिस्सेदारी है।

मंत्रालय ने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के आंकड़ों के हवाले से बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह (अनंतिम) 18.48 फीसदी बढ़कर 23.37 लाख करोड़ रुपये हो गया। रिफंड के बाद शुद्ध आय 17.7 फीसदी बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपये रही है। सीबीडीटी ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में कुल 3.79 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया गया है। मंत्रालय के मुताबिक अनंतिम प्रत्यक्ष कर संग्रह (रिफंड को छोड़कर) बजट अनुमान से 7.40 फीसदी और संशोधित अनुमान से 0.67 फीसदी अधिक है। आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान रिफंड के समायोजन से पहले प्रत्यक्ष करों का सकल संग्रह (अनंतिम) 23.37 लाख करोड़ रुपये रहा। यह राशि वित्त वर्ष 2022-23 के 19.72 लाख करोड़ रुपये के सकल संग्रह से 18.48 फीसदी अधिक है। वहीं, वित्त वर्ष 2023-24 में सकल कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम) इससे पिछले वित्त वर्ष के 10 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 13.06 फीसदी बढ़कर 11.32 लाख करोड़ रुपये हो गया।

सीबीडीटी के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 में शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह (अनंतिम) 9.11 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष के 8.26 लाख करोड़ रुपये से 10.26 फीसदी अधिक है। वहीं, इस अवधि में प्रतिभूति लेन-देन कर (अनंतिम) सहित सकल व्यक्तिगत आयकर संग्रह 12.01 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष के 9.67 लाख करोड़ रुपये के संग्रह से 24.26 फीसदी अधिक है।

इस दौरान एसटीटी (अनंतिम) सहित शुद्ध व्यक्तिगत आयकर संग्रह 10.44 लाख करोड़ रुपये रहा है, जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 8.33 लाख करोड़ रुपये से 25.23 फीसदी अधिक है। सीबीडीटी ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में 3.79 लाख करोड़ रुपये के रिफंड जारी किए गए है, जो वित्त वर्ष 2022-23 में जारी किए गए 3.09 लाख करोड़ रुपये के रिफंड से 22.74 फीसदी अधिक है।

उल्लेखनीय है कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष 2023-24 के केंद्रीय बजट में इस वित्त वर्ष के लिए कर संग्रह 18.23 लाख करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था, जिसे बाद में संशोधित कर 19.45 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया। प्रत्यक्ष कर संग्रह के आंकड़े अर्थव्यवस्था में उछाल और व्यक्तियों तथा कॉरपोरेट की आय में वृद्धि को दर्शाते हैं।

तीन साल में 5 लाख रुपए महंगी हुई ज्वेलरी

भोपाल। शादी के सीजन में सोने की कीमत में भारी उछाल है। इससे दुल्हन पक्ष पर आर्थिक बोझ बढने लगा है। इंदौर सराफा बाजार में 2020 के मुकाबले 2024 में दाम काफी बढ़े हैं। व्यापारियों का कहना है कि, शादी की ज्वेलरी के लिए कम से कम 5 लाख रुपये ज्यादा खर्चा करना पड़ रहा है। लोग नया सोना खरीदने से बच रहे हैं। मजबूरी में वह पुराने सोने को रिप्लेस कर रहे हैं। 2020 में दुल्हन की ज्वेलरी खरीदने में 10 लाख का खर्च आता था। अब अप्रैल 2024 में यह खर्च 15 लाख से अधिक हो गया है। महंगाई के कारण खरीददारी के ट्रेंड में भी बदलाव आया है। लोग ऐसी ज्वेलरी खरीद रहे हैं जो दिखने में तो भारी लगती है।

लेकिन होती बहुत हल्की है।सोने के भाव महंगे होने से सबसे ज्यादा असर शादी वाले घरों पर पड़ रहा है। 2020 में दुल्हन की ज्वेलरी बनवाने में 10 लाख 5 हजार 730 रूपए खर्च आता था। अब यह खर्च 15 लाख 64 हजार 293 रुपये तक पहुंच गया है। बता दें कि इस दाम में 10 प्रतिशत गढ़ाई का रेट भी शामिल है। सराफा व्यापारियों ने बताया, दुल्हन की ज्वेलरी के लिए लोग वर्तमान में 5 ग्राम का टीका, 10 ग्राम की चेन, 5 ग्राम की नथ, 25 ग्राम का हार सेट, 80 ग्राम का कंदोरा और 80 ग्राम की पाटली सेट बनवा रहे हैं। दूल्हे के लिए 10 ग्राम की चेन, 5 ग्राम की अंगूठी और 15 ग्राम का ब्रेसलेट बनवा रहे हैं।

वीवो ने भारत में लॉन्च किया वीवो टी3 एक्स 5जी स्मार्टफोन

एजेंसी

नई दिल्ली। वीवो ने भारत में अपने नए स्मार्टफोन वीवो टी३७ 5जी को लॉन्च किया है। टी-सीरीज के फोन में 120हार्ज रिफ्रेश रेट के साथ फुलएचडी+ डिस्प्ले, 6,000 मेगाहार्स की बड़ी बैटरी और 44वॉट फास्ट चार्जिंग का सपोर्ट दिया गया है। वीवो के इस नए फोन की बिक्री अगले हफ्ते से हो जाएगी। वीवो टी3एक्स 5जी के 4जीबी + 128जीबी वेरिएंट की कीमत 13,499 रुपये, 6जीबी + 128जीबी वेरिएंट की कीमत 14,999 रुपये और 8जीबी + 128जीबी वेरिएंट की कीमत 16,499 रुपये तय की गई है। इस फोन को दो कलर ऑप्शन में उतारा गया है। इसकी बिक्री 24 अप्रैल से शुरू हो जाएगी। ग्राहक इसे वीवो

ऑफिशियल ऑनलाइन स्टोर, फ्लिपकार्ट और ऑफलाइन रिटेल स्टोर्स से खरीद सकते हैं। ग्राहक को एचडीएफसी बैंक और एसबीआई काड्र्स पर 1,500 रुपये का डिस्काउंट भी मिलेगा। डुअल-सिम (नैनो) सपोर्ट वाला ये स्मार्टफोन एंड्रॉयड 14 बेस्ड फ्रंटटच ओएस 14 पर चलता है और इसमें 1000 नीट्स पीक ब्राइटनेस और 120हार्ज रिफ्रेश रेट के साथ 6.72-इंच पुल-एचडी (1,0802,408 पिक्सल) एलसीडी डिस्प्ले दिया गया है। इस स्मार्टफोन में 8जीबी एमपीडीडीआर4एक्स रैम और 128जीबी यूएफएस 2.2 स्टोरेज के साथ स्नेपड्रागन 6 जेन 1 प्रोसेसर मौजूद है। इसके इनबिल्ट रैम को 8जीबी तक बढ़ाया भी जा सकता है। वहीं, इसकी इंटरनल मेमोरी को कार्ड की मदद से 1टीबी तक बढ़ाया जा सकेगा। फोटोग्राफी के लिए फोन के रियर में 50एमपी प्राइमरी कैमरा और 2एमपी सेकेंडरी कैमरा लगा है। सेल्फी के लिए फोन के फ्रंट में 8एमपी का कैमरा मौजूद है। कनेक्टिविटी के लिहाज से इसमें 5जी, वाईफाई, ब्लूटूथ 5.1, जीपीएस, ओटीजी, बियडु, ग्लोनस और एक यूएसबी टाइप-सी पोर्ट का सपोर्ट दिया गया है। सिक्योरिटी के लिए यहां फिंगरप्रिंट सेंसर साइड माउंटेड है। इसमें डुअल स्टीरियो स्पीकर्स भी दिए गए हैं। वीवो टी3एक्स 5जी की बैटरी 6,000मेगाहार्स की है और इसमें 44वॉट फास्ट चार्जिंग सपोर्ट भी है।

सरसों, सोयाबीन तेल व तिलहन की कीमतों में गिरावट

एजेंसी

नई दिल्ली। बीते सप्ताह विदेशों में कच्चा पामतेल (सीपीओ), पामोलीन और सोयाबीन डीगम तेल कीमतों में आई गिरावट के बीच देश के तेल-तिलहन बाजारों में सरसों एवं सोयाबीन तेल तिलहन, सीपीओ और पामोलीन तेल के दाम नरमी के साथ बंद हुए। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 105 रुपये की गिरावट के साथ 5,235-5,275 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का भाव 75 रुपये घटकर 10,000 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 15-15 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 1,705-1,805 रुपये और 1,705-1,820 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और लूज का भाव क्रमशः 110-110 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 4,800-4,820 रुपये प्रति क्विंटल और 4,600-4,640 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसी तरह सोयाबीन दिल्ली,

सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम तेल का भाव क्रमशः 250 रुपये, 250 रुपये और 150 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 10,150 रुपये और 9,800 रुपये और 8,550 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तेल तिलहन में सुधार आया। मूंगफली तिलहन का दाम 65 रुपये की तेजी के साथ 6,170-6,445 रुपये क्विंटल पर बंद हुआ। मूंगफली गुजरात और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल के भाव भी क्रमशः 75 रुपये और 15 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 14,825 रुपये क्विंटल और 2,255-2,520 रुपये प्रति टिन पर बंद हुए। समीक्षाधीन सप्ताह में कच्चा पाम तेल (सीपीओ) 500 रुपये की गिरावट के साथ 8,925 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली का भाव 375 रुपये की गिरावट के साथ 10,250 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव 375 रुपये की गिरावट के साथ 9,275 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। गिरावट के आम रुख के विपरीत बिनौला तेल 50 रुपये मजबूत होकर 9,775 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

ईपीएफओ में फरवरी में 15.48 लाख सदस्य जुड़े

नई दिल्ली। सेवानिवृत्ति निधि निकाय ईपीएफओ ने फरवरी, 2024 में 15.48 लाख सदस्य जोड़े। श्रम मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि फरवरी, 2024 में लगभग 7.78 लाख सदस्यों ने पहली बार कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में नामांकन किया। ईपीएफओ के पेरोल आंकड़ों के अनुसार सबसे ज्यादा संख्या 18-25 आयु वर्ग की है। फरवरी 2024 में जोड़े गए कुल नए सदस्यों में इस वर्ग की हिस्सेदारी 56.36 प्रतिशत है। आंकड़े बताते हैं कि संगठित कार्यबल में शामिल होने वाले अधिकांश व्यक्ति युवा, मुख्य रूप से पहली बार नौकरी चाहने वाले हैं। पेरोल आंकड़ों से पता चलता है कि लगभग 11.78 लाख सदस्य बाहर निकल गए और बाद में ईपीएफओ में फिर से शामिल हो गए। इन सदस्यों ने अपनी नौकरी बदल ली और ईपीएफओ के दायरे में आने वाले प्रतिष्ठानों में फिर से शामिल हो गए। इन सदस्यों ने अंतिम निपटान के लिए आवेदन करने के बजाय अपनी राशि को स्थानांतरित करने का विकल्प चुना, जिससे दीर्घकालिक वित्तीय कल्याण की रक्षा हुई।

दो बड़े मसाला ब्रांडों के चार उत्पादों के खिलाफ चेतावनी जारी

एजेंसी

नई दिल्ली। खाद्य नियामकों ने हांगकांग और सिंगापुर में लोगों को दो बड़े मसाला ब्रांडों के चार उत्पादों के खिलाफ चेतावनी जारी की है। इसमें इथिलीन ऑक्साइड की मात्रा अधिक है, जिससे कैंसर जैसी घातक बीमारी होने की संभावना है। एक इंटरनेशनल रिसर्च एजेंसी ने एथिलीन ऑक्साइड को समूह 1 कार्सिनोजेन के रूप में क्लासीफाई किया है। अपनी वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक बयान में हांगकांग के खाद्य नियामक प्राधिकरण सेंटर फॉर फूड सेफ्टी (सीएफएस) ने कहा कि एमडीएच के तीन मसाला प्रोडक्ट मद्रास करी पाउडर, सांभर मसाला और करी पाउडर मिश्रित मसाला पाउडर के अलावा एवरेस्ट के फिश करी मसाला में कीटनाशक, एथिलीन ऑक्साइड है। एमडीएच और एवरेस्ट फूड्स दोनों ने अभी तक खाद्य नियामकों के दावों पर कोई टिप्पणी नहीं की है। अपने नियमित जांच के तहत

सीएफएस ने हांगकांग में तीन खुदरा दुकानों से उत्पाद लिए। सीएफएस प्रवक्ता ने कहा कि परीक्षण के नतीजों से पता चला कि नमूनों में कीटनाशक, एथिलीन ऑक्साइड था। नियामक ने विक्रेताओं को बिक्री रोकने और उत्पादों को हटाने का निर्देश दिया। इसमें कहा गया है कि उत्पादों को वापस मंगाना शुरू कर दिया गया है। सीएफएस प्रवक्ता ने कहा कि मानव उपभोग के लिए कीटनाशक युक्त भोजन केवल तभी बेचा जा सकता है जब भोजन की खपत स्वास्थ्य के लिए खतरनाक या प्रतिकूल न हो। इसके लिए अधिकतम 50,000 डॉलर का जुमार्ना और दोषी पाए जाने पर छह महीने की कैद हो सकती है।

एपीएसईजेड ने किया 42 करोड़ टन कार्गो हैंडल

एजेंसी

मुंबई। देश के सबसे बड़े निजी पोर्ट ऑपरेटर अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन(एपीएसईजेड) ने इस माह की शुरूआत में घोषणा की थी कि उसने (अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाहों सहित) वित्त वर्ष 2023-24 में 42 करोड़ टन कार्गो हैंडल किया जो कंपनी की यात्रा में एक नया मील का पत्थर है। साल दर साल के आधार पर यह 24 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि है, जिसमें घरेलू बंदरगाहों ने 40.8 करोड़ टन से ज्यादा का योगदान दिया। कंपनी को पहली बार 10 करोड़ टन वार्षिक कार्गो थ्रूपुट हासिल करने में 14 साल का समय लगा। वहीं, 20 करोड़ टन का आंकड़ा हासिल करने में अगले पांच साल और 30 करोड़ टन तक पहुंचने में तीन साल और लगे। विशेष रूप से, नवीनतम 10 करोड़ टन का आंकड़ा दो साल से भी कम समय में हासिल किया गया है। एपीएसईजेड पिछले कुछ सालों में एकीकृत बंदरगाह इंफ्रास्ट्रक्चर



सेवाओं के प्रदाता के रूप में उभरा है, इसमें गुजरात का मुंद्रा एसईजेड एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। आठ हजार हेक्टेयर से अधिक में फैला मुंद्रा इकोनॉमिक हब सबसे बड़े बहु-उत्पाद एसईजेड, मुक्त व्यापार एवं वेयरहाउसिंग क्षेत्र (एफटीडब्ल्यूजेड) और घरेलू औद्योगिक क्षेत्र के रूप में निवेश के विकल्प प्रदान करता है। एपीएसईजेड के पहले बंदरगाह मुंद्रा पर 1998 में पहला जहाज आया था। तब से, कंपनी ने देश के पूर्वी और पश्चिमी तटों पर 15 बंदरगाहों और टर्मिनलों का एक नेटवर्क बनाया है। एपीएसईजेड वर्तमान में देश में सबसे बड़ा वाणिज्यिक पोर्ट ऑपरेटर है, जो देश की कार्गो आवाजाही में लगभग एक-चौथाई की हिस्सेदारी रखता है। देश के भीतरी हिस्सों में व्यापक कनेक्टिविटी के साथ गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, केरल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और ओडिशा के सात समुद्र तटीय राज्यों में घरेलू बंदरगाहों पर इसकी उपस्थिति काफी विस्तृत है। बंदरगाहों पर सुविधाएं नवीनतम कार्गो-हैंडलिंग इंफ्रास्ट्रक्चर से लैस हैं जो न केवल श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ है बल्कि भारतीय तटों पर आने वाले सबसे बड़े जहाजों को हैंडल करने में भी सक्षम है। एपीएसईजेड के प्रबंध निदेशक करण अदाणी के अनुसार, नवीनतम 10 करोड़ टन का आंकड़ा दो साल से भी कम समय में हासिल किया गया है। ओडिशा के भद्रक जिले में धामरा बंदरगाह इस क्षेत्र में ड्राई कार्गो शिपमेंट के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बन गया है। दस साल पहले यह केवल 1.4 करोड़ टन कार्गो हैंडल करता था लेकिन आज इसकी क्षमता 4.2 करोड़ टन से अधिक हो गई है। इस बंदरगाह पर केपसाइज जहाज (सबसे बड़े ड्राई कार्गो शिप) भी लंगर डाल सकते हैं, और ओडिशा, झारखंड तथा पश्चिम बंगाल के उद्योगों को आपूर्ति प्रदान कर सकता है। धामरा में 50 लाख टन क्षमता का तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) टर्मिनल भी है जो असम, बिहार, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल की आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करता है। कृष्णापट्टनम बंदरगाह अंतर्राष्ट्रीय मानकों का एक हर मौसम में ऑपरेट करने वाला, विश्व स्तरीय गहरे पानी का बंदरगाह है। यह पूरे वर्ष चौबीसों घंटे केपसाइज जहाजों को हैंडल करने में सक्षम है। इसमें अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा, मशीनीकृत हैंडलिंग सिस्टम और समर्पित भंडारण यार्ड हैं जो थोक और ब्रेक बल्क कार्गो के लिए स्वच्छ और संदूषण मुक्त हैंडलिंग सुविधाएं प्रदान करते हैं। इसकी वर्तमान क्षमता 7.5 करोड़ टन है, जो चार साल पहले 6.4 करोड़ टन के मुकाबले उल्लेखनीय वृद्धि है। पुडुचेरी में कराईकल बंदरगाह बिजली संयंत्रों और सीमेंट कारखानों के पास है। वित्त वर्ष 2022-23 में इसने लगभग एक करोड़ टन कार्गो हैंडल किया और 2023-24 में यह आंकड़ा 1.3 करोड़ टन तक पहुंच गया। आठ बंदरगाहों - मात्रा के हिसाब से पोर्टफोलियो का 84 प्रतिशत - ने वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी के लिए दोहरे अंक की वृद्धि प्रदान की। दहेज बंदरगाह खंभात की खाड़ी में स्थित एक गहरे पानी वाला, मल्टी-कार्गो बंदरगाह है। यह रणनीतिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय समुद्री मार्गों पर स्थित है और गुजरात, महाराष्ट्र तथा मध्य प्रदेश के घने औद्योगिक केंद्रों तक आसान पहुंच प्रदान करता है। यह इसे भारत के उत्तरी और पश्चिमी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में काम करने वाले कार्गो हब के लिए पसंदीदा बंदरगाह बनाता है। प्रमुख बंदरगाह मुंद्रा एक ही महीने (अक्टूबर 2023) में 1.6 करोड़ टन कार्गो को हैंडल वाला देश का पहला बंदरगाह बन गया। वास्तव में, मुंद्रा बंदरगाह से मिली सीख को कंपनी के स्वामित्व वाले अन्य सभी बंदरगाहों पर दोहराया गया है।

राजधानी रांची कर प्रभात तारा मैदान में रविवार कर दिन उलगुलान रैली में जुटलयं युवामन

फोटो। शीतल कुमारी

आपने कर एक भोट छेतर कर तकदीर लिखी : आनंद शंकर

- सहरी छेतर में भोट प्रतिसत बढ़ायेक में लागलक पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स

पलामू। पलामू चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज कर बैठकी होटल ज्योतिलोक कर सभागार में 21 अप्रैल के होलक। चैंबर कर अध्यछ आनंद शंकर इकर अध्यछता करलयं। मौका में सहरी छेतर में भोट प्रतिसत बढ़ाएक उपरे बिचार करल गेलक।चैंबर अध्यछ आनंद शंकर कहलयं कि सहरी छेतर में भोट कर महत के समझेक वाला पढ़ल लिखल अदमीमन बेसी रहयंना। अइसन में गांव में भोट कर प्रतिसत सहर से बेसी होवेक सहर ले चिंतनीय हेके। ऊ मन भोट कर प्रतिसत बढ़ायेक ले ब्यापारीमन से सुझाव मांगलयं। सदस्यमन ई-रिक्सा मित्र स्टैंड सहर कर चाइर भाग में बनाएक कर सुझाव देलयं। कहलयं कि नंबर डायल कइर के महिलामन, बुजुर्ग, असहाय ले हियां से ई रिक्सा मंगाय के बूथ तक जाए सकयंना। सउब बेपारिक प्रतिष्ठानमन आपन कर्मीमन के पेड हॉली डे देवेक कर निर्नय लेवल गेलक, बसर्त सेल्फी कर संगे उनकर उंगली में भोटर इंक लागल होवेक चाही।

छोट गाड़ीमन बूथ से 100 मीटर पहिले तक जायेक कर अनुमति देवेक ले प्रसासन से बात करल जाई। व्हीलचेयर कर बेवस्था, प्रचंड गर्मी के देखते बूथ में ठंडा पानी, कुर्सी, टेंट आउर ग्लूकोज कर बेवस्था, बेवसायीमन कर प्रतिष्ठानमन में भोट देइ के आवेक वाला अदमीमन ले ठंडा पानी कर बेवस्था करेक कर सुझाव आलक। बेवसायीमन भोट प्रतिसत बढ़ायेक ले रेस्टोरेंट, गोल्ड, ऑटोमोबाइल, मॉल, कपड़ा आउर कई चीजमन में आकर्सक इंसेंटिव स्कीम दुई दिन ले देवेक कर घोसना करलयं। इकर ले एक गो कमेटी बनाल जाए हे, जे चुनाव से पहिले स्कीम कर घोसना करी। भोट देवेक कर बाद सेल्फी लेवेक वाला के सेल्फी दिखाएक से इकर लाभ देवल जाई।

चैंबर अध्यछ कहलयं कि आपने कर एक भोट छेतर कर तकदीर लिखी। बैठकी में व्यावसायिक संघ कर संरछक नवल तुलसियान, स्वर्णकार संघ कर अध्यछ धनंजय सोनी, डाल्टनगंज चैंबर कर अध्यछ विनोद उदयपुरिया, लायंस क्लब कर अध्यछ आलोक माथुर, स्पोर्ट्स एसोसिएसन कर सचिव लाली, चेंबर कर उपाध्यछ कृष्ण अग्रवाल, स्कूल एसोसिएसन कर पूर्व अध्यछ अविनाश वर्मा, शौंडिक समाज कर अध्यछ सतीश साहू, ड्रग एसोसिएसन कर संरछक अमिताभ मिश्रा, रिंकू दुबे, राजदेव उपाध्याय, प्रेम जायसवाल, राजहंस अग्रवाल संगे ढेइरे संख्या में बेवसायी उपस्थित रहयं। माही केक कर मालिक लाली घोसना करलयं कि 13 /14 मई के जिनकर भी जन्मदिन होवी, उनके भोट देवेक कर बाद सेल्फी आउर आधार कार्ड दिखायेक से निःसुल्क केक देवल जाई। शंकर बतालयं कि अइसन कई आकर्सक स्कीम आउर भी आवी।

चैंबर अध्यछ बतालयं कि जल्दीये चैंबर कर महिला विंग 18 बछर से ऊपर कर छोड़ीमन के प्रोत्साहित करेक ले जगह-जगह में बैठकी करबयं। बैठकी कर संचालन चेंबर कर सचिव इंद्रजीत सिंह डिंपल आउर धन्यवाद निवेदन अग्रवाल करलयं।

लोभ आउर लालच

नागपुरी - लघुलेख

रामदेव बड़ाईक

गरमकला कर दिन आउर ई लॉकडाउन ! गाड़ी- घोड़ा कर ओहे हाल, ऊपरे से सोसराइर में नेवता!!
सोसराइर गांव पांच - छव कोस कर डहर, मुदा हिमइत कइर के घर से निकइस तो गेलों ओहो गारह नंबर कर गाड़ी में!
अनइत रउद से तहें पियास तो पियास मुरूक लागत रहे.., सुनसान डहर में कुंइयां ना इंदरा !
सोसराइर घर पोहंचलों तो देखथों.. , काका ससुर दुवारीये में हंड़िया बनाइक लाइग हंय!!
पियास हों अनइत जोर से लाइग रहे.. मुदा कइसे कहों एक - आध गिलास मोहों पीबूं.. !
पियंकड़ काका ससुर बइसू बाबू तो कहलंय .. !!
तनी पाछे तो आउर तीन झन पितिया काका ससुर मने हों आलंय ओहो मने तीनों मुरूक पियंकड़.. !
भला! पियंकड़ ससुर मने हों चाइर झन हंय आउर चाइरो रिस्ता में काका ससुर लागंयना। कटिक मन सकुचाय!!
मुदा हंड़िया तो एतई सुंदर महकत रहे कि नि पियेक वाला हों कही एक - आध गिलास देतंय होल,
ई 'रऊदाल' जीव में, 'पंचाअमरीत' कर काम करतक। पीयल पाछे मन मेंजूर नाईच ऊठतक आउर 'पठरू' तइर डेगत रहतों!
जीव भीतर - भीतर कहथे.. !! पियासल तो रहबे करों, से तहें हंड़िया बनाइक ज कटिक बइस के आसरा देखेक लागलों आउर बहना- बहना काका ससुर मन से गोइठ- बात करे लागलों.. ।
मुदा एक जीव कहथे...
का कहबंय होई ?
आछा दय तब 'बा' राउरे मन पीयू - खाउ कइह के बइसल ज से तो ऊठलों.. ।
मुदा काका ससुर मन कहथंय.. बइसू बाबू बइसू.. कटिक देरी हय एखन नझों भीने, भीनेक देऊ!
हंड़िया बेस तइर भीन गेलक.. , छकनी में छांइक-छाइन के बांटेकहें वाला रहंय! की आपन 'काका' ससुर पुछथंय... , एको गिलास लेबई का बाबू.... ? कहलों हं, हं.. ! एगो पितिया काका ससुर तो.. झट से.. कहथंय ...! साबास बाबू... ! राउरे बेस करीला हांड़ी - दारू नी पियीला" !!
हंड़िया - दारू कर लत बेस चीज ना लाय!
ईकर "लोभ आउर लालच" तो करेक हें नी चाही, मोय तो राउरे के एहे कहबूं... !
हामरे बुढ़ा - ढाढ़ा के का कहब हामरे मन तो ईकरे से बरबाद भे गेली.. !!

गीता थिएटर कर अभिनय कार्जसाला 25 अप्रैल से

जमशेदपुर । गीता थिएटर जमशेदपुर अभिनय में रुचि राखेक वाला युवामन ले 25 से 30 अप्रैल 2024 तक अभिनय कार्जसाला आयोजित करी। इकर में हिस्सा बनेक कर जोग्यता 10वीं पास होवी। यानी जमशेदपुर कर 10वीं पास केऊ भी युवा ई कार्जसाला कर हिस्सा बइन सकयंना। उक्त जानकारी गीता थिएटर कर अध्यछ गीता कुमारी देलयं।

अध्यछ बतालयं कि अभिनय कार्जसाला में युवामन के आइज कर समय कर थिएटर ज्ञान आउर थिएटर कइर के कइसे फिलिम आउर सॉर्ट फिलिम में काम कइर के आपन पहचान बनाय सकयंना, ई सउब कर बारीकी से जानकारी देवल जाई।

ई कार्जसाला में युवामन के तनाव से निकालेक कर बारे में योग आउर मेडिटेसन कर द्वारा परसिछित करल जाई।

गीता थिएटर कर जनरल सेक्रेटरी प्रेम दीक्षित बतालयं कि ई कार्जसाला में परसिछक कर रूप में झारखंड कर पहिल राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय स्नातक जीतराई हांसदा के आमंत्रित करल जाए हयं। कार्जसाला कर उद्देस नवा युवामन के थिएटर कर प्रति आकर्सित करेक आउर थिएटर कर प्रति जागरूक कइर के रंगमंच कर बारीकी से जोड़ेक हय। ई कार्जसाला कर बाद इकर में सम्मिलित युवामन के गीता थिएटर एवं डीडी एसोसिएसन कर मंचन, नाटक, लघु- बिज्ञापन फिलिम आउर नुक्कड़ नाटक से जोइड़ के उनकर अभिनय कला के निखारल जाई। उनके आर्थिक मजबूती देवेक कर भी काम करल जाई। अभिनय कार्जसाला में भाग लेवेक वाला युवामन के गीता थिएटर कर दन से सरकारी मान्यता प्राप्त सर्टिफिकेट भी प्रदान करल जाई।

हेल्पिंग हैंड्स टीम राहगीरमन ले करलयं प्याऊ बेवस्था

चक्रधरपुर। प्रचंड गर्मी के देखते सहर में हेल्पिंग हैंड्स टीम राहगीरमन ले 21 अप्रैल के आरई कॉलोनी, काली मंदिर परिसर मे प्याऊ कर सुभारंभ करलयं। हियां राहगीरमन के पीएक ले ठंडा पानी मिली।टीम कर सदस्यमन कहलयं कि लगातार गर्मी से अदमीमन परेसान हयं। जगह-जगह पीयेक ले पानी कर बेवस्था होवेक चाही। टीम कर दन से अन्य जगहमन में भी पेयजल कर बेवस्था करल जाई, ताकि डहर चलवईयामन के कोनों किसिम कर परेसानी कर सामना नी करेक पड़े।ई काम में जय कुमार, सुजीत होनहागा, सुब्रतो मजूमदार, कुश सेनापति, दिनेश भांज कर जोगदान रहे। ई अवसर में मंदिर समिति कर पंडित नील मोहन मुख़र्जी, राजू मल, सपन, सागर आउर अन्य अदमीमन मौजूद रहयं।

कोडरमा, धनबाद आउर गोमो में रेल यात्रीमन तक पहुंचत हे ठंडा पानी

धनबाद। भीषण गर्मी के देखते धनबाद मंडल कर धनबाद, गोमो आउर कोडरमा इस्टेसन में यात्रीमन के ठंडा पानी मिलत हे। सीतल जल मुहैया करायेक ले ई इस्टेसनमन के चुनल जाए हे। भारत स्काउट्स एंड गाइड्स कर सदस्य हर संभव पानी यात्रीमन तक पहुंचात हयं।

मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा सह अध्यछ (भारत स्काउट्स एंड गाइड्स) कर अनुमोदन आउर वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी सह जिला आयुक्त स्काउट अनिल कुमार कर नेतृत्व में जल बितरन कर काम होवत हे।

स्काउट्स एंड गाइड्स कर सेवा के रेल यात्रीमन कर बट से सराहल जात हे। दूसर श्रेनी कर यात्रीमन कर कहना रहे कि ई तपती गर्मी में सउब बहुते बेस आउर नेक काम करत हयं। काले कि प्यास भी लागल रहेला, मकिल जाए नी सकीला। एक धांव सीट से हटेक से गोटे डहर खड़ा होयके जाएक होवेला। सेले पानी लेवेक ले उतरीला भी नई। अइसन में ठंडा पानी सीट तक पहुंचाय देवत हयं, ई काबिल ए तारीफ हय।

गोमो इस्टेसन में भी हर जरूरतमंद यात्रीमन के पानी मुहैया कराल जात हे। ई कार्जक्रम में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स धनबाद कर स्काउट, गाइड्स लीडर्स आपन आपन जोगदान देलयं। ई जल बितरन काम आगे भी चलते रही।

मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना-गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक :** कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक :** रतन लाल अग्रवाल। फोन नंबरः 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडीः** jharkhandwanitaudyog@gmail.com